# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-03-2023

# महिला गैंगस्टर समेत दो पर इनाम घोषित

गोरखपुर (एसएनबी)। गैंगस्टर समेत विभिन्न अपराधों में वांछित चल रही एक महिला गैंगस्टर समेत दो की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने 10-10 हजार रुपए इनाम घोषित किया है। वहीं एक बदमाश पर इनाम की राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी है।

**एक बदमाश पर बढ़ाया गयी इनाम की धनराशि**

बदमाश गौतम गौड़ पुत्र निर्मल गौड़ निवासी बरवा पट्टी थाना खामपार जनपद देवरिया जो वर्तमान समय में मु0अ0सं0 373/22 धारा 387,506,307,34,120बी भादवि थाना झंगहाँ से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी हेतु पूर्व में 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अपराधी की गिरफ्तारी ना होने की दशा में उक्त अपराधी की गिरफ्तारी हेतु पुरस्कार राशि में बढोत्तरी करते हुए 25 हजार रूपये पुरस्कार घोषित किया गया है। इसी क्रम में समीउद्दीन उर्फ शमसुद्दीन उर्फ चुन्नू पुत्र शहाबुद्दीन निवासी मुण्डेरा बाजार वार्ड नं0 7 थाना चौरी-चौरा जनपद गोरखपुर वर्तमान समय में मु0अ0सं0 627/22 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट व मु0अ0सं0 420/22 धारा 379/411 भादवि0 थाना चौरीचौरा में फरार चल रहा है।

इस बदमाश की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया है। इसी प्रकार महिला गैंगस्टर रेखा चौहान पत्नी सोनू चौहान निवासी जंगल छत्रधारी टोला लालगंज थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर जो वर्तमान समय में मु0अ0सं0 794/2022 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना पिपराईच में फरार चल रही है। महिला बदमाश की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया है।

# 20 हजार का इनामी डॉ. सरोज गिरफ्तार

## गोरखपुर सीएमओ कार्यालय में पूर्व में तैनात दो चिकित्सकों की चल रही है तलाश : एसपी सिटी

गोरखपुर (एसएनबी)। गुलरिहा स्थित सत्यम हास्पिटल में महिला की मृत्यु होने के मामले में वांछित चल रहे डा. सुनील सरोज को गुलरिहा पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया। मूल रूप से प्रयागराज जिले का निवासी डा. सुनील दिल्ली के संतनगर बुराड़ी बाबा कालोनी में रहता था। वर्ष 2018 में बीआरडी मेडिकल कालेज में पढ़ाई के दौरान डाक्टर की डिग्री चुराकर मेडिकल कालेज के पास पैथोलाजी सेंटर का पंजीकरण कराने के आरोप में उसे गुलरिहा पुलिस जेल भेज चुकी है। कूटरचित दस्तावेज के जरिए सत्यम हास्पिटल का पंजीकरण कराने में सीएमओ कार्यालय गोरखपुर में तैनात रहे दो चिकित्सकों का नाम भी प्रकाश में आया है।

**गुलरिहा के भटहट में सत्यम नर्सिंग होम के नाम से संचालित किया जा रहा था अवैध हॉस्पिटल**

**लापरवाही से अस्पताल में हुई थी एक महिला की मौत**

**दिल्ली के संतनगर बुराडी बाबा कालोनी में रहता था डा. सुनील सरोज**

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने गुरुवार की दोपहर पुलिस लाइन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि सत्यम हास्पिटल का पंजीकरण कराने



वाला डा.सुनील सरोज मूल रुप से प्रयागराज जिले के शिवकुटी गोविन्दपुर का रहने वाला है। गुलरिहा थाने के भटहट स्थित सत्यम हास्पिटल का पंजीकरण कराने के बाद वह दिल्ली चला गया था। पिछले दिनों हास्पिटल में एक महिला की मौत होने के बाद उसके स्वजन ने संचालक, आपरेशन करने वाले डाक्टर व सहयोगियों के खिलाफ पीड़िता के पति व उप मुख्य चिकित्साधिकारी की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस मुकदमा संख्या 14/23 धारा 304, 419, 420,34, 313, 34, 417 भादवि0 व 15(3) इण्डियन मेडिकल काउंसिल एक्ट व मुकदमा संख्या 17/23 धारा 419,420,465, 468 ,471, 120बी भादवि0 व 15(3) इण्डियन मेडिकल एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। संचालक समेत चार आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे डा. सुनील सरोज पर पुलिस ने 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस टीम ने गुरुवार को डाक्टर सरोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस की जांच में पता चला कि कूटरचित दस्तावेज के जरिए सत्यम हास्पिटल का पंजीकरण कराने में सीएमओ कार्यालय गोरखपुर में पूर्व में तैनात उप सीएमओ डा. नीरज कुमार पांडेय और डा. एसएन प्रसाद का नाम सामने आया है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर तैनाती के दौरान श्री पांडेय जिले के प्राइवेट अस्पताल, अल्ट्रासाउंड,सीटी स्कैन का रजिस्टेशन का काम देख रहे थे। एसपी सिटी ने बताया कि जिन लोगों का नाम सामने आया है उनकी तलाश की जा रही हैं।

### यह था घटनाक्रम

सत्यम हास्पिटल बासस्थान रोड भटहट थाना गुलरिहा गोरखपुर को विगत कई वर्षो से अवैध तरीके से संचालित हो रहा था। संचालक से चिकित्सक द्वारा अनुचित लाभ लेकर चिकित्सा सम्बन्धी प्रमाण-पत्र देकर व कूटरचित शपथ-पत्र आदि प्रस्तुत कर रजिस्ट्रेशन अस्थायी चिकित्सक के रुप में कराया था। उसका यह कृत्य अपराधिक षडयन्त्र के तहत सहयोग करने व नर्सिंग होम में मौजूद न रहने जिससे अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा आपरेशन व दवा ईलाज करने से महिला की मृत्यु हो जाना था। जिसके संबंध में महिला के पति और उप मुख्य चिकित्साधिकारी की तहरीर के आधार पर दो मुकदमे गुलरिहा थाना पर दर्ज किये गए हैं। इस मामले मे अस्पताल का संचालक पहले ही जेल भेज जा चुका है।

# होली शान्तिपूर्वक मनाने की अपील

**झंगहा (एसएनबी)।** आगामी होली व चेहल्लूम त्योहार को देखते हुए झंगहा थानाध्यक्ष गौरव राय कनौंजिया ने अपने हमराहियों के साथ आज शाम करीब 6.30 बजे झंगहा चौराहा कस्बा व नई बाजार चौराहा कस्बा व आदि सार्वजनिक स्थानों का पैदल गस्त किया।उन्होंने अनेक स्थानों पर रुक रुक लोगों से सम्पर्क करते हुए कहा कि त्यौहार आस्था और सौहार्दपूर्ण भावनाओं से परिपूर्ण होता है, इसे पवित्रता का रंग रूप देते हुए शान्ति पूर्वक होली एवं चेहल्लुम का त्यौहार मनायें। यदि कहीं भी, किसी के द्वारा त्योहारों में विघ्न बाधा, विवाद उत्पन्न किए जाने की आशंका बनें तो आप लोग अपने नैतिक जिम्मेदारी निभाएंऔर तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित करें।आप सब लोगों से पुनः अपील करते हैं कि क्षेत्र में अमन चैन शान्ति पूर्ण ढंग से पर्व मनाएं, अराजकता क्षम्य नहीं।

# टिकरिया नाथ सिंह में शांतिपूर्ण मतदान

**खजनी (एसएनबी)।** खजनी विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत टिकरिया नाथ सिंह गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हो गया। प्रधान पद के उम्मीदवार मनोरमा देवी पत्नी पूर्व प्रधान स्वर्गीय शिवाजी एवं राजमंगल पुत्र संतराज के बीच रहा। विकासखंड के 4 ग्राम पंचायतों के 4 वार्डों में खाली पदों पर 4 ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। हरनहीं के वार्ड संख्या 5 से राम आशीष पुत्र दयाराम, कुआं बुजुर्ग वार्ड नंबर 11 से गीता देवी पत्नी प्रमोद कुमार,चनहर वार्ड संख्या 3 से मातवर पिता रामस्वरूप एवं सोपारा के वार्ड 10 राज नारायण पिता शीतला प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए है। यह जानकारी आर ओ रजनीकांत सिंह एवं ए आर ओ आलोक कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दी है। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार हरीश यादव ने बताया कि टिकरिया नाथ सिंह में करीब 71 प्रतिशत वोट पड़े हैं। मतगणना 4 मार्च को होगी।

# त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए बैठक

**महावीर छपरा (एसएनबी)।** होलिका दहन, होली व शबे बारात के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए बेलीपार थाने पर पीस कमेटी की बैठक की गई जिसमें क्षेत्राधिकारी बांसगांव उपस्थित रहीं। महावीर छपरा स्थित थाना बेलीपार के परिसर में होली व शबे बारात के त्यौहार को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक व्यापारियों, दुकानदारों और डीजे चालक के साथ की गई। क्षेत्राधिकारी बांसगांव प्रशाली गंगवार ने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति अगर होलिका दहन व होली के दिन अफवाह फैलाने व दंगा करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन, होली और शबे बारात के त्यौहार के दिन चौराहों व गांवों के सड़कों पर पुलिस गश्त तेज करा दिया जाएगा। जिससे क्षेत्र में शांति का माहौल बना रहे। इस दौरान बेलीपार थाना प्रभारी इकरार अहमद, एसएसआई सतपाल सिंह, विशाल राय, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष किसान मोर्चा शिव प्रकाश शाही, संजय गिरी, राम आशीष प्रजापति, जय नारायण शाही, राम प्रसाद यादव, सुरेंद्र गुप्ता, सोनू साहनी, गोविंद सहित बहुत से लोग उपस्थित रहें।

# थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक

**बांसगांव (एसएनबी)।** बांसगांव थाना परिसर में सीओ बांसगांव प्रशाली गंगवार की अध्यक्षता में आज पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया । सीओ द्वारा बैठक में होली व बारावफात त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। त्यौहार के दौरान उपद्रव व अशांति फैलाने वालों के



विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक से थानाध्यक्ष बांसगांव विज्ञानकर सिंह,चौकी प्रभारी कौड़ीराम इत्यानंद पाण्डेय, एसएसआई बांसगांव, उप निरीक्षक रंजीत तिवारी, ग्राम प्रधान चाड़ी रामप्रवेश यादव, ग्राम प्रधान बैदौली बाबू विकास सिंह ,विष्णु शंकर मिश्रा सहित क्षेत्र के संभ्रांत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्ती

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** आगामी त्योहार को शान्ति एव सकुशल संपन्न कराने को लेकर चौरी चौरा थाना प्रांगण में एएसपी)सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई।सीओ ने पीस कमेटी की बैठक उपस्थित सम्भ्रांत लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी त्योहार को आपस में मिलजुल कर शांति पूर्ण ढंग से भाई चारे की तरह मनाएं। त्योहार में किसी प्रकार की कोई समस्या हो तत्काल पुलिस को सूचना दें।सीओ ने साफ तौर पर कहा कि त्योहार में हुडदंग मचाने वालों खिलाफ सख्त कार्रवाई। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा संजय कुमार सिंह ने कहा कि आप लोग त्योहार को हसी खुशी के साथ शांति पूर्ण ढंग से मनाए।



सीओ ने पीस कमेटी की बैठक में डीजे संचालकों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि होली के दिन डीजे बुक ना करें। त्योहार के दिन कही भी यदि बाजा बजाया जा रहा है तो मानक के अनुसार होना चाहिए।डीजे बजाते समय फुहड़ तथा अश्लील गाना कत्तई ना बजाए।

इस अवसर पर चौकी इंचार्ज सोनबरसा विशाल उपाध्याय, चौकी इंचार्ज मुंडेरा बाजार संजय कुमार यादव, दारोगा दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, ग्राम प्रधान अच्छेलाल साहू, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक चौहान, श्याम मिलन यादव, श्रवण कुमार मौर्या, गिरजेश सिंह, सुनील निषाद, नवरंग पासवान, दीपक कुमार, सुमित निषाद,करुणेश तिवारी,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चौरी चौरा में एसडीएम व सीओ ने किया भ्रमण

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** आगामी त्योहार को क्षेत्र में शान्ति पूर्व ढंग से सम्पन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी चौरी चौरा शिवम सिंह, सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय फोर्स के साथ थाना क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। भ्रमण के दौरान सीओ ने व्यापारियों तथा दुकानदारों से बातचीत कर शान्ति पूर्ण ढंग से त्योहर मानने की अपील किया।



एसडीएम, सीओ मय फोर्स के साथ थाना प्रांगण से पैदल निकल कर, बस स्टेशन, भोपा चौराहे, नगर पंचायत मुंडेरा बाजार,डुमरी खुर्द, फुटहवा ईनार,डुमरी खास, बघाड सहित अन्य बाजार चौराहों पर पैदल गश्त कर जनता की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रशासन भ्रमण के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए आगामी त्योहार को आपस में मिलजुल कर शान्ति पूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील किया। सीओ ने जनता को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए बताया कि त्योहार में हुडदंग मचाने वाले तथा खलन डालने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही होगी। इस अवसर पर मुंडेरा बाजार, चौकी इंचार्ज संजय कुमार यादव, सोनबरसा चौकी इंचार्ज विशाल उपाध्याय, दारोगा, दिनेश कुमार,प्रदीप कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार यादव,आलोक कुमार सिंह, हरेन्द्र यादव, सुनील कुमार, कांस्टेबल पिंटू, राहुल कुमार, संतोष सिंह, संजय सिंह, मिथिलेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्लीनिक में चोरी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** तिवारीपुर इलाके के डोमिनगढ़ के शुभम मेडिकल केयर क्लीनिक में चोरी का पर्दाफाश कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 83 हजार रुपया, एक पेचकस बरामद कर लिया। आरोपियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।पकड़े गए आरोपियों की पहचान तिवारीपुर के डोमिनगढ़ निवासी सूरज यादव और प्रिंस कुमार दुबे के रूप में हुई है।

**गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी का 83 हजार रुपये बरामद**

**नई बाइक का कर्ज चुकाने के लिए सूरज ने किया था चोरी**



अभियुक्त के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई।

वृहस्पतिवार को पुलिस लाइन में मीडियों को जानकारी देते हुए एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि क्लीनिक में 22 फरवरी की रात में चोरी हुई थी। चोर एक लाख एक हजार रुपया चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की तो घटनास्थल वाले रास्ते में लगे सीसी टीवी कैमरे की मदद से चोरों की पहचान कर ली गई।

बृहस्पतिवार को थानाध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने अपनी टीम के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की रकम बरामद कर ली। एसपी सिटी ने बताया कि सूरज यादव क्लीनिक के मालिक का चालक है, उसे बाइक की 35 हजार रुपये किस्त भरनी थी, वह पैसे को लेकर परेशान था जिससे वह चोरी की थी। गिरफ्तार दोनों आरोपितों का पूर्व में कोई अपराधिक इतिहास नहीं है।

## कैमरे की मदद से मोबाइल चोर धराया

**अस्पताल से गर्भवती महिला की चोरी गई मोबाइल बरामद**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को मोबाइल फोन चोर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी व सीओ कोतवाली रतनेश्वर सिंह ने बताया कि एक मार्च को जीआरडी गेट निवासी व प्राइवेट बैंक के सहायक प्रबंधक हिमांशु गुप्ता अपनी पत्नी को लेकर महिला अस्पताल गए थे। इसी दौरान उनकी 80 हजार कीमत के आईफोन मोबाइल कोई चोरी कर ले गया। पुलिस केस दर्ज कर सीसी टीवी कैमरे की मदद से चोर को पकड़कर मोबाइल फोन बरामद कर ली। पकड़े गए आरोपी की पहचान गोरखनाथ के हुमायूंपुर उतरी मकान नम्बर 924 निवासी आसिफ पुत्र अली अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। चोरी गई मोबाइल की बरामदगी के लिए इंस्पेक्टर कोतवाली रणधीर कुमार मिश्रा दारोगा रविन्द्र कुमार दूबे की अहम भूमिका रही।

# दुष्कर्म के जुर्म में दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह में पिपराइच थाना क्षेत्र के रतनपुर परती टोला निवासी अभियुक्त प्रदीप शर्मा को दस साल के कठोर कारावास एवं 80 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।

अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 14 सितम्बर 2016 की रात करीब 12 बजे की है। अभियुक्त वादिनी की नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# जनता दरबार में सीएम को महिला ने सौंपा पत्रक

गोरखपुर (एसएनबी)। आदित्यपुरी कालोनी धर्मपुर उत्तरी थाना शाहपुर निवासिनी सुमन पाण्डेय पत्नी समरेश चंद्र पाण्डेय जनता दरबार में पहुंची। सीएम योगी आदित्यनाथ से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। यही नहीं उनको पत्रक भी सौंपा।

पत्रक में सुमन ने लिखा है कि जमीन खरीदकर उन्होंने मकान बनवाया है। घर के पश्चिम 15 फीट का रास्ता बैनामा में दर्ज है जिस पर नगर निगम रास्ता का टेंडर हो चुका है। पड़ोस में रहने वाले 20 दिसम्बर 022 को सुनियोजित तरीके से अपने संग सैकड़ों लोगों को लेकर पहुंचे तथा सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर लिया। इस मामले में लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 आदि के तहत मुकदमा है जिसकी जांच असुरन चौकी प्रभारी कर रहे हैं। वह लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा को निकाल देना चाहते हैं। महिला ने लिखा है कि वे नगर निगम के आधारहीन व भ्रामक रिपोर्ट को ही आधार बना रहे हैं जबकि सड़क निर्माण के लिए टेंडर भी हो चुका है। इस पर आपत्ति जता दी गयी है जिस पर नगर निगम में आपत्ति जता दी गयी है और नगर आयुक्त ने पुनः जांच का आदेश दिया है। कई बार लिखा गया कि चौकीप्रभारी की भूमिका ठीक नहीं है फिर भी उनसे विवेचना वापस नहीं ली जा रही है। नगर निगम पता नहीं क्यों इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं ले रही है?

**मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की**

सुमन पाण्डेय ने सीएम से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। पत्रक के साथ महिला ने नगर निगम द्वारा जारी टेंडर की कापी, शाहपुर पुलिस द्वारा आरोपी गौरव सिंह के खिलाफ जारी चलानी रिपोर्ट, न्यायालय में पूर्व से चल रहे धारा 133 की कापी, सुमन पाण्डेय व गौरव सिंह के बैनामे में दर्ज 15 फीट चौड़े पश्चिम ओर की कब्जे की स्थिति तथा 23 जुलाई 022 को समाधान दिवस पर दिये गये प्रार्थना-पत्र पर संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जारी स्पष्ट मेमो की प्रति समेत कई तरह के कागजात भी दिया है।

# जिंदगी में चैलेंज होना जरूरी



गोरखपुर की एसी क्राइम, 2005 बैच की पीपीएस ऑफिसर इंदु प्रभा सिंह आज लड़कियों के लिए किसी मिसाल से कम नहीं है. वह कहती हैं कि जिंदगी में अगर चैलेंज न हो तो जीने का मजा भी खत्म हो जाता है. आधी आबादी यानि महिलाएं तभी शक्तिशाली बनेंगी जब वे अपने अधिकारों के बारे में पूरी तरह से जानेंगी. उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के तहत एक महिला शक्ति दल का गठन किया है. जो महिलाओं को अवेयर करते हैं. इंदु प्रभा सिंह के पति इंडियन आर्मी में ऑफिसर हैं. वह बताती हैं कि महिला होते हुए भी मुझे पुलिस महकमे में काम करने में कोई प्रॉब्लम नहीं होती. मैं और परिवार के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती हूं. पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ को सेपरेट रखती हूं.

# दूसरे की बाइक में चाबी लगाते युवक को पकड़ा

बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के महुआपार चौराहे पर एक युवक को दूसरे की बाइक में चाबी लगाते देख ग्रामीणों ने पकड़ लिया. 112 नंबर की पुलिस को बुलाकर ग्रामीणों उसे सिपुर्द कर दिया. कोतवाल जेएन शुक्ल ने बताया कि पकड़ा गया युवक कोरियर वाला था. गलती से उसने दूसरे की बाइक में चाबी लगा दी. जांच के बाद उसे छोड़ दिया गया.

# होली जुलूस मार्ग पर ठीक करें व्यवस्था

होली के त्योहार को देखते हुए नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने कहा कि होली के जुलूस वाले मार्ग की व्यवस्था ठीक कर ली जाए. सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कर लें. पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए.

# अलर्ट-सिक्योरिटी से साइबर अटैक पर वार

**GORAKHPUR (2 March):** हाईटेक युग मे अपराधियों ने भी खुद को अपग्रेड किया है. साइबर क्राइम बढ़ा है और इसका ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है. ऐसे में पुलिस महकमे को भी इससे डील करने के लिए साइबर सेल बनानी पड़ी है. डिजिटल अपराधी जो दिखते भी नही है, उनपर शिकंजा कस पाना किसी बड़ी चुनौती से कम नही है. इन चुनौतियों को स्वीकार कर साइबर सेल लगातार बड़े-बडे आपराधिक मामले का खुलासा कर रही है. हाल फिलहाल मे साइबर सेल की मदद से बमबाजो को भी पकड़ा है. वही डिजिटल फ्रॉड का शिकार हुई पब्लिक का पैसा भी वापस कराया है.

## लेडी डॉन बनकर दी थी बम से उड़ाने की धमकी

बता दे कि 4 फरवरी को टिवट्र पर लेडी डॉन के हैंडल से सीएम योगी आदित्यनाथ और गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई. इसके बाद जब साइबर सेल ने उस अकाउंट ट्रेस किया तो पता चला कि उसे फरीदाबाद का कोई सोनू नाम लड़का यूज कर रहा था. उसने दूसरे की फोटो लगाकर लेडी डॉन नाम से अकाउंट बनाया था. साइबर सेल की वजह से धमकी देने वाला सोनू अरेस्ट किया गया.

**4** फरवरी को टिवट्र पर लेडी डॉन के हैंडल से सीएम योगी आदित्यनाथ और गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई.

## हमसफर ट्रेन में बम की सूचना पर मचा हड़कंप

17 मई की रात में मिलन रजक नाम से बनी आईडी से ट्वीट कर बांद्रा जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस ने बम की होने की सूचना दी गई. इस सूचना के बाद ट्रेन गोरखपुर में 3.50 घंटे तक रोककर सघन तलाशी ली गई. देर रात ट्रेन गोरखपुर से रवाना हुई. साइबर सेल ने जब छानबीन की तो पता चला कि ट्रेन मे मौजूद सफाईकर्मी ने ही बम होने की झूठी सूचना दी थी. सर्विलांस की मदद से इंदौर के प्रमोद माली को ट्रेन से अरेस्ट किया गया.



**iSPECIAL**

## साइबर सेल की मदद से खुले केस

- सीएम और गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने वाला धराया.
- बान्द्रा हमसफर ट्रेन में बम रखे जाने की झूठी सूचना देने वाला धराया.
- बीजीएमआई गेम अकाउंट हैक कर बेचने वाले को अरेस्ट कराया.
- सेक्सटॉर्शन में फंसे लोगों को जालसाजों से बचाया.
- बुलिंग के मामले का निपटारा कराया.
- सोशल मीडिया पर ब्लैकमेल करने वालों की पहचान कर अरेस्ट कराया.
- साल 2022 में विभिन्न मामलों में 9 आरोपियों की पहचान करा घटना का खुलासा कराया.
- ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार 130 व्यक्तियों के खाते में कुल 6971145 रुपए वापस कराए.

**17** मई की रात में मिलन रजक नाम से बनी आईडी से ट्वीट कर बांद्रा जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस में बम की होने की सूचना दी गई.

- **सीएम को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले और हमसफर में बम रखने की सूचना देने वालों को साइबर सेल अरेस्ट करवाया.**



**“साइबर सेल की टीम अच्छा काम कर रही है. ज्यादा से ज्यादा शिकायतों को दूर करने के लिए टीम लगातार काम कर रही है. इधर कई बड़े मामलों को खोलने में भी साइबर सेल की अहम भूमिका रही है.**

**इंदुप्रभा सिंह,**
एसपी क्राइम

## साइबर सेल का पब्लिक को सुझाव

- अपनी पर्सनल जानकारी को सोशल मीडिया पर शेयर न करें.
- ब्राउजर मे सोशल मीडिया या फिर किसी भी अकाउंट मे लॉगइन करते समय कीप मी लॉगिन रिमेम्बर-मी को चेक न करें.
- अपनी जन्मतिथि, नाम, मोबाइल नंबर आदि का यूज कभी भी पासवर्ड बनाने मे न करें.
- एक ही पासवर्ड का यूज विभिन्न सेवाओं, वेबसाइट और एप पर न करें.
- किसी भी पॉपअप ऐड को रिस्पॉन्ड न करें.
- किसी भी असुरक्षित और फेक वेबसाइट की विजिट करने से बचे.
- काम होने के बाद अपने ऑनलाइन अकाउंट को हमेशा लॉगआउट करें।
- ईमेल अटैचमेंट के जरिए आए किसी भी सॉफ्टवेयर को अपने पीसी में इंस्टॉल न करें.
- अपने क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड की जानकारी वेब ब्राउजर में सेव न करें.
- अपने प्राइवेट और बैंकिंग डिटेल्स को किसी के साथ फोन या ईमेल या फिर एसएमएस के जरिए शेयर न करें.
- कभी भी किसी प्रकार की ओटीपी भूलकर किसी के साथ शेयर न करें.
- फ्री वाई फाई व असुरक्षित वाईफाई का यूज करने से बचें. इसका शॉपिंग और बैंकिंग में कतई न यूज करें.

# पंचायत भवन की भूमि पर निर्माण रुकवाया

**CHAURICHAURA:** एसडीएम चौरीचौरा शिवम सिंह ने तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा राजी जगदीशपुर में पंचायत भवन की भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को रुकवाया. एसडीएम ने बताया कि ब्रम्हपुर ब्लाक के राजी जगदीशपुर में पंचायत भवन के नाम से अभिलेख में भूमि दर्ज है. जिस पर उसी गांव के पारस नाथ तिवारी अवैध रूप से मकान बनवा रहे थे. सूचना पर निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है.

# त्योहार में खलल डाली तो होगी जेल

**CHAIRICHAURA:** चौरीचौरा में पीस कमेटी की बैठक सीओ मानुष पारिख की अध्यक्षता में हुई. इस दौरान उन्होंने कहा कि होलिका दहन 6 मार्च सोमवार व होली 8 मार्च को है. चेहल्लुम 7 मार्च मंगलवार को है. इसमें किसी भी प्रकार का खलल डालने वालों को जेल भेजा जाएगा. कहा कि पूरे क्षेत्र में कहीं कोई विवादग्रस्त स्थान हो तो पुलिस को अवश्य बताएं. त्यौहार में डीजे बजाने पर रोक है. अगर कहीं बजाया गया और झगड़ा बवाल हुआ तो डीजे सीज करके संचालक के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी. इस अवसर पर थाना इंचार्ज संजय सिंह, एसआई जितेंद्र यादव, प्रदीप सिंह, दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान रमेशचंद यादव, अशोक चौहान, श्याम मिलन यादव आदि मौजूद रहे.

**दर्दनाक** ट्रांसपोर्टनगर में हुई घटना, दहशत में परिवार

# पिटबुल के हमले में बच्चा घायल, पड़ोसी पर केस

पीड़ित परिवार का आरोप, पुलिस से शिकायत पर मिल रही धमकी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (2 March):** नगर के ट्रांसपोर्टनगर में बुधवार की शाम पिटबुल प्रजाति के श्वान के हमले में दरवाजे पर खेल रहा बच्चा घायल हो गया. पिता की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है. पीड़ित परिवार का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपित धमकी दे रहा है.

### शाम दरवाजे पर खेल रहा था बच्चा

आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना के खरेला गांव निवासी रामअवतार मिश्र ट्रांसपोर्टनगर में किराये पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हैं. उनका आठ वर्षीय बच्चा उत्कर्ष बेतियाहाता स्थित स्कूल में कक्षा तीन का छात्र है. कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में रामअवतार ने लिखा है कि पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने अपने घर पिटबुल प्रजाति का श्वान पाल रखा है. बुधवार की शाम चार बजे मेरा बेटा उत्कर्ष दरवाजे पर खेल रहा था. इसी दौरान

**SHOCKING**



गौरव ने उसके ऊपर पिटबुल श्वान छोड़ दिया, जिसने पीठ पर हमला कर दिया. बच्चे की शोर सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो पिटबुल ने उसे छोड़ा. शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध पालतू पशु को लेकर लापरवाही बरतने और मानव जीवन को खतरे में डालने का मुकदमा दर्ज किया है.

### पुलिस ने मांगा पंजीकरण का प्रमाणपत्र

पुलिस के बुलाने पर बेतियाहाता पुलिस चौकी पर पहुंचे गौरव यादव ने बताया कि नगर निगम में पिटबुल का पंजीकरण कराया है. प्रमाणपत्र मांगने पर गुरुवार को लाकर देने की बात कहकर गौरव चला गया, लेकिन आया नहीं.

### देसी कुतिया की ले चुका है जान

स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चे पर हमला करने वाले पिटबुल श्वान की वजह से लोग दहशत में रहते हैं. कुछ दिन पहले उसने कॉलोनी में घूमते हुए पहुंची देसी कुतिया पर हमला कर मार डाला था.

### 77 लोगों ने कराया है पंजीकरण

शहर में सिर्फ 77 लोगों ने अपने पालतू श्वान का पंजीकरण कराया है. छह माह पहले नगर निगम ने पंजीकरण के लिए अभियान चलाया, लेकिन यह प्रभावी नहीं रहा. श्वान का पंजीकरण न कराने पर पांच हजार रुपये जुर्माना का प्रविधान है.



**बच्चे पर हमला करने वाले पिटबुल श्वान के स्वामी पर कार्रवाई होगी. बच्चे का मेडिकल कराने का निर्देश कैंट थाना प्रभारी को दिया है. पिटबुल श्वान नगर निगम में पंजीकृत है या नहीं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है.**

कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

## पॉलिटेक्निक छात्र ने की खुदकुशी मिला सुसाइड नोट

**GORAKHPUR (2 March) :** गीडा थाना क्षेत्र के झुंगिया में एक पॉलिटेक्निक छात्र ने खुदकुशी कर ली. उसका शव फंदे से लटकता मिला. स्वजन की सूचना पर पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है. पुलिस जांच में जुटी है. गगहा थाना क्षेत्र के हरिया निवासी सुभाष चंद का पुत्र अविनाश कुमार गीडा सेक्टर-सात स्थित एक कॉलेज में पॉलिटेक्निक प्रथम वर्ष का छात्र था. वह झुंगिया स्थित देवेंद्र सिंह के मकान में किराए का कमरा लेकर रहता था. उसके साथ भाई आदर्श कुमार भी रहता था. वह शहर में एक दवा की दुकान पर काम करता है. पुलिस की पूछताछ में आदर्श ने बताया कि बुधवार की रात 10 बजे वह कमरे पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था. आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो तोड़कर अंदर गया. अविनाश का शव कमरे में फंदे के सहारे लटक रहा था. थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्र ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है.

# शोहदे की हरकत से बीए की छात्रा परेशान, केस दर्ज

**कार्रवाई**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गांव के एक शोहदे से परेशान छात्रा ने पुलिस में शिकायत की है। आरोप है कि शोहदा उससे काफी समय से छेड़खानी कर रहा था। परिवार के लोगों ने जब इसका उलाहना दिया तो मारपीट की।

पुलिस ने इस मामले में शोहदे सहित पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। खजनी थानाक्षेत्र के एक महाविद्यालय में पढ़ने वाली बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने गांव के ही एक शोहदे पर आरोप लगाते हुए खजनी पुलिस को तहरीर दी है। छात्रा का आरोप है कि युवक उसे पांच साल से परेशान कर रहा है, स्कूल या फिर खेत की तरफ जाते वक्त हाथ पकड़ लेता है और जबरन नाजायज दबाव डालता है। छात्रा ने बताया कि वर्ष 2019 में जब वह नाबालिग थी तो घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया था। तब शोर मचाने पर परिजनों ने बचाया था। शोहदे ने उस समय गांव छोड़ दिया था, अब फिर वही हरकत शुरू कर दी है।

बीते 14 फरवरी को उसने छेड़खानी की। जब परिवारवाले उलाहना लेकर पहुंचे तो शोहदा भाइयों संग मिलकर पीटा, जिससे उसे गम्भीर चोट आई। खजनी पुलिस ने इस मामले में आरोपी रविन्द्र सहित पांच पर केस दर्ज किया है।

# शब-ए-बारात और होली के लिए सिक्योरिटी अलर्ट, सड़क पर उतरी फोर्स



सिटी के मुख्य मार्ग पर पेट्रोलिंग करते पुलिसकर्मी.

**GORAKHPUR (2 March):** शब-ए बारात और होली त्योहार को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है. जिले की करीब 54 लाख आबादी की सुरक्षा के लिए लगभग 4 हजार पुलिसकर्मी सड़क पर आ चुके हैं. हर थाना क्षेत्रों में शाम होते ही फुट पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई है. वहीं दोनों ही त्योहार को देखते हुए पीएसी और अन्य फोर्स के जवानों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी.

## चिह्नित हुए होलिका दहन वाले स्थान

त्योहार को लेकर पुलिस अधिकारियों की एक मीटिंग हुई. जिसमें अधिकारियों ने त्योहार को शांति ढंग से मनाए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं. सभी थाना क्षेत्रों में जिन स्थानों पर होलिका दहन होता है, उनकी लिस्ट बनाई गई है. उस स्थान से रिलेटेड बीपीओ को उसके नोडल के रूप में नियुक्त किया गया है. बीपीओ डेली शाम को होलिका दहन वाले स्थान का राउंड कर शांति व्यवस्था के संबंध में सूचना एकत्रित करेंगे.

## शोभा यात्रा रूट पर होगी गश्त

होली के त्योहार को देखते हुए जितने भी जुलूस, शोभायात्रा पारंपरिक रूप से निकलती है, उनके रूट का निरीक्षण करने के लिए एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी और आयोजकों के साथ संयुक्त रूप से पैदल अथवा टू व्हीलर वाहन से गश्त करेंगे.

## पीस कमेटी के साथ मीटिंग कर दें निर्देश

सभी थाना क्षेत्र में पीस कमेटी के अलावा सभी होलिका दहन आयोजकों और बड़े आयोजनों के आयोजक के साथ एक विशेष मीटिंग करने का दिशा निर्देश दिया गया है. पिछले साल में त्योहार के समय जहां भी घटनाएं या दुर्घटनाएं हुई हैं, वहां मौका मुआयना कर संबंधित लोगों से वार्ता करने और घटना में शामिल व्यक्तियों को भारी मुचलके से पाबंद किए जाने का निर्देश भी दिया गया है.

## सात को है शब-ए-बारात

7 जनवरी को शब-ए-बारात भी है. इसको लेकर अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में दोनों त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की मीटिंग अनिवार्य रूप से करें. साथ ही धार्मिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करवाया जाए.

# कैमरे की मदद से मोबाइल चोर पकड़ा

गोरखपुर। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को मोबाइल फोन चोरी मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिटी ने बताया कि एक मार्च को जीआरडी गेट निवासी व प्राइवेट बैंक के सहायक प्रबंधक हिमांशु गुप्ता अपनी पत्नी को लेकर महिला अस्पताल गए थे। इसी दौरान उनकी 80 हजार कीमत के मोबाइल फोन को किसी ने चोरी कर लिया था। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर सीसी टीवी कैमरे की मदद से चोर को पकड़ लिया और मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गोरखनाथ के हुमायूंपुर निवासी आसिफ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

# गैंगरेप की सजा काट रहे कैदी जुम्मन की मौत

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एक महिला से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध पाए जाने पर अपने साथी परवेज परवाज के साथ उम्रकैद की सजा काट रहे जुम्मन की गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में बीमारी से मौत हो गई। 68 वर्षीय महमूद उर्फ जुम्मन पिछले चार साल से जेल में बंद था। वर्ष 2018 में हुई गैंगरेप की घटना में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया गया था और वर्ष 2020 में कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

राजघाट थाना के तुर्कमानपुर निवासी महमूद उर्फ जुम्मन (68) के साथ ही परवेज परवाज पर एक महिला ने राजघाट में गैंगरेप का केस दर्ज कराया था। महिला का कहना था कि उसके पति से मनमुटाव चल रहा था इसलिए वह अपने पति को वश में करने के लिए मगहर मस्जिद पर झांडफूंक कराने जाती थी। वहां उसकी मुलाकात महमूद उर्फ जुम्मन बाबा से हुई। 3 जून 2018 को 10.30 बजे महमूद उर्फ जुम्मन बाबा ने महिला को पांडेयहाता बुलाया। वहां परवेज परवाज भी आ गया।

दोनों ने रिवाल्वर सटाकर महिला को सुनसान स्थान पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। मुकदमा दर्ज करने के बाद एसएसपी के आदेश पर महिला थानेदार को विवेचना सौंपी गई थी। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर परवेज और जुम्मन को उम्रकैद की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया।

जेल अधिकारियों के मुताबिक गुरुवार की सुबह जुम्मन की तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जेल प्रशासन ने जुम्मन के परिवारीजनों को सूचना दे दी गई है।

## योगी समेत 12 पर केस दर्ज कराया था परवेज ने

जुम्मन बाबा के साथ गैंगरेप की सजा काट रहे परवेज परवाज भी योगी आदित्यनाथ पर केस दर्ज कराने को लेकर विवादों में रहा है। उसने वर्ष 2007 में दंगा के दौरान धार्मिक उन्माद फैलाने का तत्कालीन सांसद व वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित 12 लोगों के खिलाफ अदालत के जरिए केस दर्ज कराया था। हालांकि सबूत के तौर पर कोर्ट में जो डीवीडी पेश की गई थी लैब टेस्ट के बाद उसमें छेड़छाड़ की बात सामने आई थी। फर्जीवाड़ा पकड़े जाने के बाद उस मामले में भी कोर्ट के आदेश पर परवेज परवाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

**मुसीबत** | स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी नहीं आ पा रहे हैं आवेदकों के कार्ड

# चिप की किल्लत से युवाओं का चालान



- कार्ड बनाने वाली एजेंसी चिप की किल्लत बता खड़े कर रही है हाथ
- लाइसेंस न आने से एक दर्जन से अधिक युवाओं का हो चुका है चालान

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। स्मार्ट चिप की कमी के चलते जिले के करीब 5000 ड्राइविंग लाइसेंस बीते दो महीने से फंसे हुए हैं। लाइसेंस न होने से कई स्थाई लाइसेंस आवेदकों का चालान भी कट चुका है। हालांकि यातायात कार्यालय जाकर आवेदन संख्या दिखाने पर कुछ को चालान से राहत जरूर मिली है। बावजूद इसके लाइसेंस न आने से युवा आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।

संभागीय परिवहन कार्यालय से प्रतिमाह 1500 से 1800 के बीच ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की संस्तुति की जाती है। दो माह से लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस नहीं आने से विभाग के कर्मचारी भी परेशान हो गए हैं। जिन आवेदकों के डीएल अभी तक नहीं आए हैं, वे कार्यालय पहुंचकर जानकारी ले रहे हैं। आरआई राघव कुशवाहा ने बताया कि स्मार्ट चिप की सप्लाई नवंबर 2022 से प्रभावित हुई है। इस कारण से कार्ड नहीं आ पा रहे हैं। प्रयास है कि जल्द से जल्द कार्ड आ जाए। उन्होंने बताया कि स्मार्ट चिप कंपनी की तरफ से कार्यालय में कर्मचारी तैनात हैं। ये कर्मचारी बायोमेट्रिक और कागजातों की स्क्रूटनी करते हैं। इसके बाद परिवहन विभाग वाहनों की टेस्टिंग और डीएल की ऑनलाइन संस्तुति देता है। डीएल नहीं मिलने के कारण आवेदक विभागीय कर्मचारियों से संपर्क कर रहे हैं।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को दस साल की कैद

गोरखपुर। दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल आनंद ने कुशीनगर जिले के तरया सुजान थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी अभियुक्त तसौवर को दस साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में दस साल का सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने पिपराइच थाना क्षेत्र के रतनपुर परती टोला निवासी अभियुक्त प्रदीप शर्मा को दस साल के कठोर कारावास एवं 80 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड नहीं देने पर अभियुक्त को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# हर होलिका दहन पर एक सिपाही की होगी ड्यूटी

## सतर्कता

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। होली और शब-ए बारात को लेकर पुलिस ने सतर्कता शुरू कर दी है। होलिका की सूची तैयार कर बीपीओ को नोडल बनाया गया है। वह उन जगहों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर थानों पर व कंट्रोल रूम को सूचना देंगे।

थानेदार अपने क्षेत्र के पीस कमेटी सदस्य, होलिका दहन व जुलूस के आयोजक के साथ ही डीजे संचालकों से शांतिपूर्ण तरीके त्योहार मनाने की अपील कर रहे हैं। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में सीओ व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। शब ए बारात को लेकर उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न स्थानों पर यह कार्यक्रम होना है। इससे पहले थानेदार व सीओ धार्मिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर लें। थाना प्रभारी पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर त्योहार को लेकर अपडेट रहें। अभियान चलाकर पैदल गस्त व बैरियर लगाकर जांच करें और अराजक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई करें।



जीडीए के अधिकारियों ने अवैध प्लाटिंग पर हुए निर्माण को तोड़वाया। • हिन्दुस्तान

# अवैध प्लाटिंग पर चला जीडीए का बुलडोजर

गोरखपुर। जीडीए की ओर से बिना तलपट मानचित्र पास कराए की गई अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण का अभियान गुरुवार को भी चला। ओएसडी प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने 19 एकड़ में विकसित दो प्लाटिंग (गोरखधाम कालोनी और एकता नगर फेज दो) पर बुलडोजर चलाया। इसके साथ ही वहां हुए निर्माण को ध्वस्त कर दिया। जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर जीडीए की प्रवर्तन टीम डोमनी पहुंची।

# छापेमारी में 50 लीटर कच्ची बरामद

गोरखपुर। होली को लेकर आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान एसडीएम चौरीचौरा के नेतृत्व में झंगहा क्षेत्र के कटहरिया में कच्ची के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। विभाग ने आबकारी एक्ट में तीन केस पंजीकृत किये। दबिश में 15 कुंतल लहन, शराब बनाने के उपकरण एवं भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट किया गया।

### टीपी नगर में दरवाजे पर खेल रहा था 8 साल का बच्चा, पीड़ित को धमका रहे आरोपी

# पिटबुल के हमले में बच्चा जख्मी पड़ोसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## कटखने कुत्ते

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। ट्रांसपोर्टनगर में बुधवार शाम पिटबुल डॉग के हमले में दरवाजे पर खेल रहा आठ साल का एक बच्चा घायल हो गया। पिता की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपित धमकी दे रहा है।

आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थानाक्षेत्र स्थित खरेला गांव निवासी रामअवतार मिश्र ट्रांसपोर्टनगर में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हैं। कैंट थाना पुलिस को दी गई तहरीर में रामअवतार ने लिखा है कि पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने अपने घर पिटबुल डॉग रखा है। बुधवार की शाम करीब चार बजे उनका आठ वर्षीय बेटा उत्कर्ष दरवाजे पर खेल रहा था। इसी दौरान गौरव ने उस पर पिटबुल डॉग छोड़ दिया, जिसने पीठ पर हमला कर दिया।

बच्चे की चीख सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो पिटबुल ने छोड़ा। शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध पालतू पशु को लेकर लापरवाही बरतने और मानव जीवन को खतरे में डालने का मुकदमा दर्ज किया है।



## कुत्ता पालने के नियम

1. कुत्ते को सार्वजनिक स्थान, गली, सड़क, पार्क के पास खुला न छोड़ें
2. कुत्ते से लोगों को दिक्कत न होने पाए, हर साल लाइसेंस भी जरूरी
3. कुत्ते की जगह स्वच्छ, साफ होनी चाहिए। कहीं भी पाल सकते हैं
4. कुत्ते को जरूरी टीके लगवाने होंगे। कुत्ते के लिए लाइसेंस लेना होगा।

"नगर निगम द्वारा पालतू कुत्ते के लिए गाइड लाइन है। इसके लिए नगर निगम में पंजीकरण जरूरी है। निगम में 300 से अधिक पालतू कुत्तों का पंजीकरण है। पंजीकरण नहीं होता है, तो 5000 जुर्माने का प्रावधान है। पिटबुल के काटने का मामला संज्ञान में नहीं है।

**- संजय शुक्ला,** उप नगर आयुक्त

## दुनिया में ये दस नस्लें सबसे खतरनाक

### पिटबुल



यह सबसे खतरनाक कुत्ता है। वजन 16-20 किलो होता है। 41 देशों में इसे पालने पर पाबंदी है।

### रॉटविलर



ये फुर्तीले हैं, किसी को भी झट से काट लेते हैं। वजन 35-48 किलो होता है। कई देशों में प्रतिबन्ध है।

### जर्मन शेफर्ड



इसका इस्तेमाल ज्यादातर पुलिस करती है। ये अपराधियों की खुशबू पकड़ कर खोज निकालते हैं।

### डाबरमैन



खतरनाक श्रेणी में यह चौथे है। इनका भी इस्तेमाल पुलिस विभाग करता है।

### बुलमास्टिफ



यह भी आक्रामक होती है। पैर लंबे होते हैं। ये पिटबुल जैसे ही दिखते हैं।

### हस्की



खूबसूरत बुद्धिमान होते हैं बर्फीले इलाकों में बर्फ गाड़ियां खींचते हैं।

### मालाम्यूट



इन नस्ल के कुत्ते उत्तरी अमेरिका में मिलते हैं। ये भेड़ियों जैसे हैं। वजन पचास किलो तक जाता है।

### वुल्फ हाइब्रिड



यह भेड़िये, कुत्ते के मेल हैं। इनपर प्रतिबन्ध भी लगा है। ये किसी पर भी हमला कर सकते हैं।

### बॉक्सर



इन्हें शिकारी कुत्ता भी कहा जाता है। ये जबड़े से शिकार को 10 मिनट में नोच सकते हैं। कई बार ये पालने वालों पर ही हमला कर देते हैं।

### ग्रेट डैन



इसे बढ़िया ट्रेनिंग के बाद पालने योग्य बनाया जाता है। यह जान भी ले लेंगे। इन्हें किलिंग मशीन कहा जाता है। वजन 90 किलो तक जाता है।

# सत्यम हॉस्पिटल के कथित डॉक्टर को जेल

## कार्रवाई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गुलरिहा स्थित सत्यम हॉस्पिटल में महिला की मृत्यु होने के मामले में वांछित चल रहे डॉ. सुनील सरोज को गुलरिहा पुलिस ने गुरुवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मूलरुप से प्रयागराज निवासी डॉ. सुनील दिल्ली के संतनगर बुराडी बाबा कालोनी में रहता था। वर्ष 2018 में बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के दौरान डॉक्टर की डिग्री चुराकर पैथोलाजी सेंटर का पंजीकरण कराने के आरोप में भी वह जेल जा चुका है। वहीं, जांच के दौरान सीएमओ ऑफिस में तैनात रहे दो डॉक्टरों का नाम भी सामने आया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सत्यम हॉस्पिटल का पंजीकरण कराने वाला डॉ. सुनील सरोज मूलरुप से प्रयागराज जिले के शिवकुटी (गोविन्दपुर) का निवासी है। गुलरिहा के भटहट स्थित सत्यम हॉस्पिटल का पंजीकरण कराने के बाद वह दिल्ली चला गया था। हॉस्पिटल में महिला की मृत्यु होने के बाद उसके परिवारीजनों ने हॉस्पिटल संचालक, ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर व सहयोगियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। जांच में पता चला कि 12वीं पास संचालक के बेटे ने महिला का ऑपरेशन किया था। पुलिस ने संचालक समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया है। फरार चल रहे डॉ. सुनील सरोज पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

- पढ़ाई के दौरान डॉक्टर का प्रमाण-पत्र चुराने के आरोप में भी हो चुकी है कार्रवाई
- दिल्ली के संतनगर बुराडी बाबा कालोनी में रहता था डॉ. सुनील

## दो और डॉक्टर पुलिस के रडार पर

एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस की जांच में पता चला कि कूटरचित दस्तावेज के जरिए सत्यम हॉस्पिटल का पंजीकरण कराने में सीएमओ कार्यालय के दो डॉक्टरों की शामिल थे। नाम सामने आने के बाद उनकी तलाश चल रही है। वर्तमान में दोनों डॉक्टर दूसरे जिले में तैनात हैं। एक ने हॉस्पिटल का सत्यापन किया था तो दूसरे ने लाइसेंस जारी किया था।

# भाजपा नेता के नाती को दौड़ाकर गोली मारी, तीन हिरासत में

**जासं, गोरखपुर** : गुलरिहा के झुंगिया बाजार में गुरुवार की दोपहर बच्चों के बीच हुए विवाद में भाजपा नेता के नाती को गांव के युवक ने अपने भाई व बहनोई के साथ मिलकर पीट दिया। बचने के लिए वह भागा तो दौड़ाकर पीठ में गोली मार दी। आरोप है कि दहशत फैलाने के लिए उसने कई राउंड हवाई फायरिंग भी की। बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती युवक की स्थिति गंभीर है। भाई की तहरीर पर हत्या का प्रयास व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर गुलरिहा थाना पुलिस ने तीनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि बच्चों के विवाद में घटना को अंजाम दिया गया।

सहजनवां के पाली का विक्की उर्फ तोजू बचपन से ही अपने ननिहाल गुलरिहा के झुंगिया बाजार में रहता है। विक्की के नाना नत्थूलाल भाजपा के नेता हैं। वह पार्षद भी रह चुके हैं। बनगाई के श्याम भारद्वाज की झुंगिया गांव में ससुराल है। उसके साले दिवाकर के यहां गुरुवार को बर्थडे-पार्टी थी। बच्चों के बीच शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो तोजू और श्याम के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि दिवाकर व अन्य लोगों ने घेरकर तोजू की पिटाई कर दी। बचने के लिए वह भागा तो दौड़ाकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। आरोप है कि उसने पांच से छह राउंड गोलियां चलाईं। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि विक्की के छोटे भाई विनीत की तहरीर पर गोली मारने के आरोपित दोनों सगे भाइयों व उनके बहनोई पर मुकदमा दर्ज कर गुलरिहा थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## डेढ़ माह पहले भी हुई थी मारपीट

14 जनवरी को गुलरिहा थाना पुलिस ने दिवाकर की तहरीर पर विक्की उर्फ तोजू और उसके भाई विनीत के विरुद्ध गुलरिहा थाने में मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस को दी तहरीर में उसने लिखा था कि 11 जनवरी की शाम चार बजे घर के पास वह खेल रहा था। इसी दौरान पहुंचे विक्की उर्फ तोजू व उसके भाई विनीत ने पिटाई करने के बाद पिस्टल सटा दी थी। इस घटना के बाद से दोनों पक्ष में तनातनी चल रही थी।

# दुष्कर्म के मामले में एक को दस वर्ष की सजा

**विसं, गोरखपुर** : दुष्कर्म का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल आनंद ने कुशीनगर जिले के तरया सुजान थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी तसौवर को दस साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# दुष्कर्म मामले में एक को दस वर्ष कठोर कारावास

विसं, गोरखपुर : नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो रोहित सिंह ने पिपराइच के रतनपुर परती टोला निवासी अभियुक्त प्रदीप शर्मा को दस साल के कठोर कारावास एवं 80 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

# जालसाजी के आरोपित डाक्टर को पुलिस ने भेजा जेल

- डाक्टर का प्रमाणपत्र चुराने के आरोप में भी हो चुकी है कार्रवाई
- कूटरचित दस्तावेज के जरिये सत्यम हास्पिटल का कराया था पंजीकरण
- जांच में दो अन्य डाक्टरों का भी नाम सामने आया, तलाश में पुलिस

**जासं, गोरखपुर** : गुलरिहा स्थित सत्यम हास्पिटल में महिला की मृत्यु होने के मामले में वांछित डा. सुनील सरोज को गुलरिहा थाना पुलिस ने गुरुवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। मूल रूप से प्रयागराज जिले का निवासी डा. सुनील दिल्ली के संतनगर बुराडी बाबा कालोनी में रहता था। वर्ष 2018 में बीआरडी मेडिकल कालेज में पढ़ाई के दौरान डाक्टर की डिग्री चुराकर पैथोलाजी सेंटर का पंजीकरण कराने के आरोप में भी वह गुलरिहा थाने से जेल जा चुका है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने गुरुवार की दोपहर पुलिस लाइंस में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सत्यम हास्पिटल का पंजीकरण कराने वाला डा. सुनील सरोज मूल रूप से प्रयागराज जिले के शिवकुटी गोविन्दपुर का निवासी है। गुलरिहा के भटहट स्थित सत्यम हास्पिटल का पंजीकरण कराने के बाद वह दिल्ली चला गया था। हास्पिटल में महिला की मृत्यु होने के बाद उसके स्वजन ने संचालक, आपरेशन करने वाले डाक्टर व सहयोगियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। संचालक समेत चार आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे डा. सुनील सरोज पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस की जांच में पता चला कि कूटरचित दस्तावेज के जरिये सत्यम हास्पिटल का पंजीकरण कराने में सीएमओ कार्यालय के दो डाक्टरों की भी भूमिका है। नाम सामने आने के बाद उनकी तलाश चल रही है।

## यह है मामला

तीन जनवरी, 2023 को गुलरिहा के जैनपुर निवासी रामवदन की पत्नी सोनावत की सत्यम हास्पिटल में आपरेशन के बाद मृत्यु हो गई। गुलरिहा थाना पुलिस ने इस मामले गैर इरादतन हत्या करने का मुकदमा दर्ज कर कथित डाक्टर रंजीत, संचालक सुभाष, नर्स गीता और पंजीकरण कराने में भूमिका निभाने वाले हिस्ट्रीशीटर सत्येंद्र शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हास्पिटल का पंजीकरण कराने वाले डा. सुनील सरोज की तलाश चल रही थी।

# फर्जी दस्तावेज पर जमानत लेने वाला गिरफ्तार

## हिस्ट्रीशीटर की ली थी जमानत, पूछताछ में गिरोह के कई सदस्यों का नाम आया सामने, तलाश में जुटी पुलिस

**जासं, गोरखपुर :** फर्जी दस्तावेज लगाकर बदमाशों की जमानत कराने वाले गिरोह के सदस्य को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश चल रही है।

इलाहीबाग मोहल्ले का निवासी साजिद अली उर्फ गुड्डू तिवारीपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। मोहल्ले में रहने वाले राकेश पर वह भूमि

**जागरण प्रभाव**

- सत्यापन की फर्जी मुहर लगा जालसाजों ने कई की ली है जमानत


फर्जी दस्तावेज लगा हिस्ट्रीशीटर ने ली जमानत, अफरातफरी
अपहरण कर रंगदारी मांगने पर तिवारीपुर थाना पुलिस ने भेजा था जेल, गैंगस्टर एक्ट भी लगा था

बेचने का दबाव बना रहा था। बात न मानने पर 25 नवंबर, 2022 की शाम को साजिद ने अपने साथियों संग राकेश का अपहरण कर लिया। निर्जन स्थान पर ले जाकर प्रताड़ित कर भूमि बैनामा करने का दबाव बनाने लगा। बात न मानने पर जान से मारने की धमकी देते हुए रात में हार्बर्ट बांध के किनारे छोड़ दिया। राकेश की शिकायत पर तिवारीपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हिस्ट्रीशीटर व उसके साथियों को जेल भेजा था। गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस हिस्ट्रीशीटर पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही थी। पता चला कि वह जमानत पर छूट गया है। एसएसपी ने जांच कराई तो पता चला कि जमानत लेने वाले लोग रामगढ़ताल थानाक्षेत्र में रहते हैं। दस्तावेज में दर्ज पते पर पुलिस पहुंची तो इस नाम का कोई व्यक्ति उस पते पर नहीं रहता है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि रामगढ़ताल थाने के सिपाही अखिलेश कुमार ने सात फरवरी को अज्ञात के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में रसूलपुर (निकट नौकायन) निवासी राजीव कुमार का नाम सामने आया। बुधवार को पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


आरोपित राजीव

### लगाई थी थाने व तहसील की फर्जी मुहर

जमानत के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किए गए दस्तावेज पर आरोपितों ने रामगढ़ताल थाना व तहसील की फर्जी मुहर लगाई थी। पता चला है कि गिरोह ने कई की जमानत ली है। हिस्ट्रीशीटर की जमानत लेने के लिए दलाल ने तीन हजार रुपये दिए थे।

### होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

फर्जी दस्तावेज के जरिये बदमाशों की जमानत लेने वाले गिरोह पर एक और मुकदमा दर्ज होगा। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहसीलदार सदर से तहरीर देने को कहा गया है। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद गिरोह के सरगना व सदस्यों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

# पर्दाफाश पर उठे सवाल का जवाब ढूंढ़ रही है पुलिस

**जागरण संवाददाता, सहजनवां :** सहबाजगंज मोहल्ले में 25 फरवरी को हुए तिहरे हत्याकांड के पर्दाफाश पर उठ रहे सवाल का पुलिस जवाब ढूंढ़ रही है। सर्विलांस की मदद से घटना से जुड़े सभी पहलुओं को सुलझाने का दावा किया जा रहा है। अभी तक की जांच में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

पति अवधेश व दो सौतेले बेटों की हत्या करने वाली नीलम की काल डिटेल की जांच में पुलिस को खलीलाबाद के रहने वाले दो लोगों के नंबर मिले हैं। इन नंबरों पर उसकी लंबी बात होती थी। थाने

**तिहरा हत्याकांड**

- **अवधेश की मां व भाई ने दारोगा को दिया नीलम का दूसरा नंबर**
- **सीओ कैंपियरगंज ने सहजनवां थाने पहुंच जानी जांच की प्रगति**

का एक सिपाही भी नीलम से बात करता था। स्वजन का दावा है कि नीलम के पास तीन मोबाइल फोन था लेकिन पुलिस कमरे में केवल एक ही मोबाइल फोन मिलने का दावा कर रही है। गुरुवार को थाने से पहुंचे दारोगा को अवधेश की मां सुभावती व भाई सोनू ने नीलम का दूसरा मोबाइल नंबर दिया। गुरुवार को थाने पहुंचे सीओ ने अब तक की जांच में सामने आए तथ्य को जाना। थानाध्यक्ष सहजनवां नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि हत्यारोपित नीलम के अलावा अवधेश व कई संदिग्ध व्यक्ति की काल डिटेल की जांच चल रही है। जल्द ही स्थिति साफ हो जाएगी।

**रात को नीलम को बात करते कई लोगों ने देखा :** हत्याकांड की रात को नीलम मोबाइल फोन से सीढ़ी पर बैठ कर बात कर रही थी। मृतक के स्वजन और मोहल्ले के लोग बात करने की बात बड़े दावे के साथ कर रहे हैं मगर पुलिस इन्कार कर रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि स्वजन झूठ बोल रहे हैं या पुलिस।

### यह है मामला

25 फरवरी को सहबाजगंज निवासी अवधेश गुप्ता और उनके दो बच्चों की हत्या उनकी दूसरी पत्नी नीलम ने चाकू से गला रेतकर की थी। पुलिस ने हत्यारोपित पत्नी नीलम को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। स्वजन के साथ ही स्थानीय लोग घटना के पर्दाफाश पर सवाल उठा रहे हैं।

# पिटबुल के हमले में बच्चा घायल, पड़ोसी पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** नगर के ट्रांसपोर्टनगर में बुधवार की शाम पिटबुल प्रजाति के श्वान के हमले में दरवाजे पर खेल रहा बच्चा घायल हो गया। पिता की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपित धमकी दे रहा है।

आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना के खरेला गांव निवासी रामअवतार मिश्रा ट्रांसपोर्टनगर में किराये पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हैं। उनका आठ वर्षीय बच्चा उत्कर्ष बेतियाहाता स्थित स्कूल में कक्षा तीन का छात्र है।

> बच्चे पर हमला करने वाले पिटबुल श्वान के स्वामी पर कार्रवाई होगी। बच्चे का मेडिकल कराने का निर्देश कैंट थाना प्रभारी को दिया है। पिटबुल श्वान नगर निगम में पंजीकृत है या नहीं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।
>
> **कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी सिटी**



कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में रामअवतार ने लिखा है कि पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने अपने घर पिटबुल प्रजाति का श्वान पाल रखा है। बुधवार की शाम चार बजे मेरा बेटा उत्कर्ष दरवाजे पर खेल रहा था। इसी दौरान गौरव ने उसके ऊपर पिटबुल श्वान छोड़ दिया, जिसने पीठ पर हमला कर दिया।

बच्चे की शोर सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो पिटबुल ने उसे छोड़ा। शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध पालतु पशु को लेकर लापरवाही बरतने और मानव जीवन को खतरे में डालने का मुकदमा दर्ज किया है।

**पुलिस ने मांगा पंजीकरण का प्रमाणपत्र :** पुलिस के बुलाने पर बेतियाहाता पुलिस चौकी पर पहुंचे गौरव यादव ने बताया कि नगर निगम में पिटबुल का पंजीकरण कराया है। प्रमाणपत्र मांगने पर गुरुवार को लाकर देने की बात कहकर गौरव चला गया, लेकिन आया नहीं।

**देसी कुतिया की ले चुका है जान :** स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चे पर हमला करने वाले पिटबुल श्वान की वजह से लोग दहशत में रहते हैं। कुछ दिन पहले उसने कालोनी में घूमते हुए पहुंची देसी कुतिया पर हमला कर मार डाला था।

**77 लोगों ने कराया है पंजीकरण :** शहर में सिर्फ 77 लोगों ने अपने पालतू श्वान का पंजीकरण कराया है। छह माह पहले नगर निगम ने पंजीकरण के लिए अभियान चलाया, लेकिन यह प्रभावी नहीं रहा। श्वान का पंजीकरण न कराने पर पांच हजार रुपये जुर्माना का प्रविधान है।

# वाहन की ठोकर से अधेड़ घायल, मुकदमा दर्ज

बड़हलगंज : कोतवाली क्षेत्र के बाईपास पर स्थित आलू मंडी के सामने अज्ञात वाहन की ठोकर से मिश्रौली निवासी तिलक प्रसाद की गुरुवार को मृत्यु हो गई। वह मंडी के सामने पैदल जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। कोतवाली प्रभारी जेएन शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के पुत्र रामभरोसा की तहरीर पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। (जासं)

# पुलिस सतर्क, बीपीओ होंगे नोडल अधिकारी

## होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर प्रतिदिन बीपीओ को देनी होगी रिपोर्ट

**जागरण संवाददाता, गोरखपुरः** होली व शब-ए-बारात को लेकर पुलिस सतर्क है। थाना क्षेत्रों में होने वाले होलिका दहन आयोजन को सूचीबद्ध करते हुए संबंधित बीपीओ को उसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। ये होली तक उन जगहों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर थाने व कंट्रोल रूम को सूचना देंगे। थानेदार अपने क्षेत्र के पीस कमेटी सदस्य, होलिका दहन व जुलूस के आयोजक और डीजे म्यूजिक संचालकों के साथ अलग-अलग बैठक कर शांतिपूर्ण तरीके त्योहार मनाने की अपील करेंगे।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइंस के व्हाइट हाउस में सीओ व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह व्यवस्था बनाई। शब-ए-बारात को लेकर उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजन होना है। इससे पहले थानेदार व सीओ धार्मिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर लें। उस दिन की पिकेट, बैरियर, क्यूआरटी व गश्त ड्यूटी की व्यवस्था पहले ही सुनिश्चित कर ली जाए। थाना प्रभारी प्रतिदिन पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर त्योहार को लेकर अपडेट रहें। पैदल गश्त कर जांच करें और अराजक तत्वों पर कार्रवाई करें। एसएसपी ने एसपी यातायात व मुख्य अग्निशमन अधिकारी से कहा कि दोनों त्योहार पर अपने स्तर से विशेष ड्यूटी चार्ट जारी करें।




पुलिस लाइंस के व्हाइट हाउस में समीक्षा बैठक करते एसएसपी गौरव ग्रोवर व अन्य ●

### सांप्रदायिक व जातिगत विवाद न होने पाए

एसएसपी ने कहा, होलिका दहन व जुलूस को लेकर पहले से चले आ रहे विवाद को मजिस्ट्रेट के सहयोग से हल कराया जाए। बीते एक वर्ष में जिन जगहों पर जातिगत व सांप्रदायिक विवाद हुए हों, वहां पर विशेष सतर्कता बरती जाए। पर्याप्त मात्रा में पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए। दंगा नियंत्रण उपकरणों का परीक्षण कर पुलिसकर्मियों को उनके नाम से आवंटित कर दें।

### सीओ व थानेदार बाइक से करेंगे सर्वे

एसएसपी ने होली त्योहार पर निकलने वाले जुलूस, शोभायात्रा वाले मार्गों का सर्वे करने का निर्देश दिया। कहा, सीओ व थानेदार पैदल या बाइक से यात्रा वाले मार्गों पर जाएं। जो कमियां हों उन्हें नोट कर तत्काल सही कराएं। विगत वर्षों में होली पर जिन जगहों पर घटनाएं हुई हैं, थानेदार उन जगहों पर जाएं और लोगों से बात कर घटनाओं में शामिल लोगों को पाबंद करें।

# जालसाजी के आरोपी डॉ. सुनील को जेल

## सत्यम हॉस्पिटल प्रकरण : पंजीकरण कराने में सीएमओ दफ्तर के दो डॉक्टरों का भी नाम

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गुलरिहा इलाके के भटहट स्थित सत्यम हॉस्पिटल में गर्भवती की मौत मामले में वांछित डॉ. सुनील सरोज को पुलिस ने बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। डॉ. सुनील के नाम पर ही सत्यम हॉस्पिटल का अवैध पंजीकरण किया गया था।

एसीएमओ ने उसे कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी का आरोपी बनाया है। पुलिस डॉ. सुनील को दिल्ली के संतनगर बुराड़ी बाबा कॉलोनी से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आई।

उधर, जांच के दौरान सीएमओ दफ्तर के दो डॉक्टरों के भी नाम सामने आए हैं। पता चला है कि इन्हीं ने पंजीकरण कराया था। अब इनकी भी तलाश शुरू कर दी गई है। डॉ. सुनील मूलरूप से प्रयागराज जिले के शिवकुटी गोविंदपुर का निवासी है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए आरोपी के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सत्यम हॉस्पिटल का पंजीकरण कराने के बाद वह दिल्ली चला गया था। हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद उसके परिजन ने संचालक, ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर व सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। संचालक समेत चार आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे डॉ. सुनील सरोज पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस की जांच में पता चला कि कूटरचित दस्तावेज के जरिये सत्यम हॉस्पिटल का पंजीकरण कराने में सीएमओ कार्यालय के दो डॉक्टर भी शामिल थे, उनकी तलाश चल रही है।

### ये है मामला

**सत्यम** हॉस्पिटल में तीन जनवरी 2023 को जैनपुर टोला काजीपुर निवासी रामवदन की गर्भवती पत्नी सोनावत की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने रामवदन की तहरीर पर रंजीत निषाद के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। रंजीत व कथित नर्स गीता को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है। पुलिस ने इस मामले में दूसरा केस एसीएमओ डॉ. एके सिंह की तहरीर पर डॉ. सुनील कुमार सरोज व संचालक सुभाष निषाद के खिलाफ दर्ज किया है। सुभाष को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, लेकिन डॉक्टर फरार था। अब पुलिस ने डॉक्टर सुनील को भी दबोच लिया। इस पूरे मामले में पंजीकरण कराने वाले हिस्ट्रीशीटर सत्येंद्र को भी जेल भेजा जा चुका है।

### दिल्ली के संतनगर बुराडी बाबा कॉलोनी से पकड़ा गया डॉक्टर

**पढ़ाई के दौरान 2018 में भी जेल गया था डॉ. सुनील**

बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के दौरान वर्ष 2018 में डॉ. सुनील सरोज ने एक डॉक्टर की डिग्री चोरी कर ली थी। उसकी मदद से एक पैथोलॉजी का संचालन भी किया जा रहा था। मामला पकड़ में आने के बाद केस दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भिजवाया था। वहां से छूटने के बाद उसने पढ़ाई जारी रखी और फिर दिल्ली में रहने लगा। इस दौरान उसने अपनी डिग्री सत्यम हॉस्पिटल के पंजीकरण के लिए दे दी। पंजीकरण के दौरान उसने शपथ पत्र देकर यह भी कहा था कि वह नियमित रूप हॉस्पिटल में रहेगा, लेकिन मामला पकड़े जाने के बाद पता चला कि वह कभी हॉस्पिटल नहीं गया।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित कैदी की बीमारी से मौत

**जासं, गोरखपुर :** सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे परवेज परवाज के साथी जुम्मन की गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गई। चार वर्ष से जेल में निरुद्ध 68 वर्षीय जुम्मन की तबीयत गुरुवार की सुबह बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। राजघाट थाना के तुर्कमानपुर निवासी महमूद उर्फ जुम्मन के साथ ही परवेज परवाज ने महिला के साथ दुष्कर्म किया था। महिला का कहना था कि पति से मनमुटाव होने पर वह उन्हें अपने वश में करने के लिए मस्जिद पर तंत्रमंत्र कराने जाती थी जहां उसकी मुलाकात महमूद उर्फ जुम्मन बाबा से हुई। तीन जून, 2018 को महमूद

## परवेज परवाज के साथ उम्रकैद की सजा काट रहा था जुम्मन तबीयत खराब होने पर मेडिकल कालेज में कराया गया था भर्ती

उर्फ जुम्मन ने दुआ करने के बहाने अपनी दुकान के पास बुलाया, जहां परवेज परवाज के साथ उससे दुष्कर्म किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वर्ष 2020 में इस मामले में कोर्ट ने जुम्मन के साथ ही परवेज परवाज को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ओपी कटियार ने बताया कि गुरुवार की सुबह जुम्मन की तबीयत बिगड़ने पर उसे बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# घर व शौचालय का ताला पुलिस ने खुलवाया, दी हिदायत

**जागरण प्रभाव**

**जागरण संवाददाता, चरगांवा** : शाहपुर थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिला गायत्री देवी से मुलाकात की। घर पहुंचकर कमरे और शौचालय का ताला खुलवाया। बेटे व बहू को हिदायत दी कि आगे से शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिसकर्मियों ने अपना नंबर देते हुए बुजुर्ग महिला का भी नंबर लिया। कहा, किसी भी समस्या पर तत्काल फोन करें।

पुलिस ने यह कार्रवाई दैनिक जागरण में 28 फरवरी के अंक में 'बुजुर्ग मां को घर से निकाला, 24 दिन से पुलिस दे रही भरोसा'' शीर्षक से छपी खबर का संज्ञान लेने के बाद की। जंगल सालिकराम निवासी 68 वर्षीय गायत्री देवी को उनके इकलौते बेटे व बहू ने घर से निकाल दिया था। वह श्रीराम चौराहे पर स्थित दुकान पर दो माह से जीवनयापन कर रही थी। तीन फरवरी को उन्होंने शाहपुर थाने पर प्रार्थनापत्र देते हुए शिकायत की थी कि उनके बेटे वह बहू ने कमरे और शौचालय में ताला लगाकर घर से निकाल दिया है। पुलिस ने आश्वासन देकर उन्हें थाने से वापस कर दिया था।

थाना प्रभारी मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि बुजुर्ग महिला को घर पहुंचा दिया गया है। बेटे व बहू को उनकी देखरेख करने के लिए कहा गया है। आगे शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की कैद, अर्थदंड भी

गोरखपुर। बच्ची से दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह में पिपराइच थाना क्षेत्र के रतनपुर परती टोला निवासी अभियुक्त प्रदीप शर्मा को 10 साल के कठोर कारावास एवं 80 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 14 सितंबर 2016 की रात करीब 12 बजे की है। अभियुक्त वादिनी की बच्ची को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और दुष्कर्म किया। ब्यूरो

# सामूहिक दुष्कर्म की सजा काट रहे जुम्मन की मौत

गोरखपुर। महिला से सामूहिक दुष्कर्म की सजा काट रहे परवेज परवाज के साथी जुम्मन की मेडिकल कॉलेज में बीमारी से मौत हो गई। वर्ष 2018 में हुई सामूहिक की घटना में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था और वर्ष 2020 में इस मामले में कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई थी। परवेज परवाज ने ही कोर्ट से सीएम योगी आदित्यनाथ (जब वह सांसद थे) के खिलाफ भड़काऊ भाषण का केस दर्ज कराया था, जो बाद में खारिज हो गया था। ब्यूरो

# पोखरे में मिली बुजुर्ग की लाश

झुमिला बाजार। बड़हलगंज थाना क्षेत्र के भरौली निवासी 80 वर्षीय राजदेव यादव की बृहस्पतिवार को गांव के पोखरे में लाश मिली। 14 फरवरी से वह घर से लापता थे। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर तलाश में जुटी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ब्यूरो

# दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 साल की कैद

गोरखपुर। दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल आनंद ने कुशीनगर जिले के तरया सुजान थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी अभियुक्त तसीवर को 10 साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। ब्यूरो

# पूर्व पार्षद के नाती को गोली मारी

## गुलरिहा पुलिस ने केस दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके के झुंगियां गांव में पुरानी रंजिश में बृहस्पतिवार को पूर्व पार्षद नत्थूलाल के नाती विक्की उर्फ तोजू (27) को पीठ में गोली मार दी गई। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस ने विक्की के भाई विनीत कुमार की तहरीर पर गांव के दिनकर उसके भाई दिवाकर और बहनोई श्याम के खिलाफ हत्या की कोशिश, धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पक्ष में 11 जनवरी को भी मारपीट हुई थी।

जानकारी के मुताबिक, सहजनवां के पाली गांव के मूल निवासी सगे भाई विक्की और विनीत झुंगियां में अपने नाना नत्थूलाल के यहां रहते हैं। आरोपी दिवाकर से विक्की की पुरानी रंजिश चली आ रही है। बृहस्पतिवार को विक्की नाना को लेकर मेडिकल कॉलेज डॉक्टर को दिखाने गया था।

वापस आते समय घर से 50 मीटर पहले ही बदमाशों ने घेर लिया। आरोप है कि विवाद के दौरान तीनों आरोपियों ने मारपीट की और फिर एक ने गोली चला दी। गोली विक्की के पीठ में लगी।


पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी लेती पुलिस। अमर उजाला

घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। - **मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ

### 11 जनवरी को दिवाकर ने दर्ज कराया था दोनों भाइयों पर केस

11 जनवरी 2023 को भी झुंगियां गांव में मारपीट हुई थी। तब दिवाकर ने विक्की और विनीत के खिलाफ मारपीट कर पिस्टल सटाने का केस दर्ज कराया था। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है, इसी बीच में फिर एक बार दूसरे पक्ष ने विवाद करते हुए गोली मार दी। हालांकि, गांव में दूसरी ही चर्चा है। गांव वालों की माने तो दोनों पक्ष में मारपीट हुई और इस दौरान गोली दग गई। अब पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि जिस पिस्टल से गोली चली है, वह किसकी है।

# कैंट में पिटबुल ने पड़ोसी के बच्चे पर हमला किया, घायल

## ट्रांसपोर्ट नगर के पास हुई घटना, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, केस दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट इलाके के ट्रांसपोर्ट नगर में खेल रहे आठ वर्षीय बच्चे पर पिटबुल (पालतू कुत्ते की प्रजाति) ने हमला कर दिया। बुधवार की शाम हमले से घायल बच्चे का इलाज कराने के बाद परिजनों ने केस दर्ज कराया। पड़ोसी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आरोप है कि केस दर्ज कराने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है।

**नियम न मानने वालों के कुत्ते जब्त होंगे**

घर में कुत्ता पालने वाले लोगों के लिए प्रदेश सरकार ने नियमों को और सख्त कर दिया है। लापरवाही पर कुत्ता जब्त करने के साथ ही कुत्ते के व्यवहार के लिए मालिक को जिम्मेदार माना जाएगा। शासन की ओर से सभी निकायों को नई आदर्श कार्यवाही प्रक्रिया जारी की गई है।

जानकारी के मुताबिक, आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थानाक्षेत्र स्थित खरेला गांव के मूल निवासी रामअवतार मिश्रा ट्रांसपोर्टनगर में किराए पर मकान लेकर परिवार के साथ रहते हैं। उनका आठ वर्षीय बच्चा उत्कर्ष बेतियाहाता स्थित स्कूल में कक्षा तीन का छात्र है। कैंट थाना पुलिस को दी गई तहरीर में रामअवतार ने लिखा है कि पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने अपने घर पिटबुल डाग रखा है।



बुधवार की शाम चार बजे मेरा बेटा उत्कर्ष दरवाजे पर खेल रहा था। इसी दौरान गौरव ने उसके ऊपर पिटबुल डॉग छोड़ दिया, जिसने बच्चे के पीठ पर हमला कर दिया। शोर सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो पिटबुल ने बच्चे को छोड़ा। पुलिस ने आरोपी गौरव के खिलाफ पालतू पशु को लेकर लापरवाही और मानव जीवन को खतरे में डालने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**दुनिया के सबसे खतरनाक कुत्तों में से एक है पिटबुल**

दुनिया के सबसे खतरनाक कुत्तों में पिटबुल शामिल है। पिटबुल नस्ल के कुत्ते अपने आक्रामक रवैये के लिए जाने जाते हैं। अन्य कुत्ते इतने खतरनाक घाव नहीं देते जितने इनकी वजह से घाव आते हैं इसलिए पिटबुल ज्यादा बदनाम है।

**दुनिया के करीब 41 देशों में पिटबुल पालने पर बैन**

दुनिया के करीब 41 देशों में पिटबुल पालने पर बैन है। विदेश में बैन के चलते पिटबुल और रोटविलर जैसी खतरनाक प्रजाति के कुत्तों का आयात भारत में पिछले कुछ वर्षों में बढ़ा है। हालांकि कई जगहों पर कुत्तों के हमलों की घटनाओं के बाद देश के पंचकूला, गाजियाबाद समेत अन्य शहरों में भी इन कुत्तों को पालने पर बैन लगाया जाने लगा है।

***311 लोगों के पास ही है कुत्ता पालने का लाइसेंस***

*गोरखपुर। शहर में करीब 311 लोगों ने ही कुत्ता पालने का लाइसेंस लिया है। जबकि, जमीनी हकीकत इससे अलग है। बड़ी संख्या में लोग घरों में श्वान रख रहे हैं। इस मामले में सख्ती न होने के कारण अधिकतर लोगों ने लाइसेंस नहीं बनवाया है।*

# होली : एसएसपी ने तय की जिम्मेदारी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। होली के त्योहार को देखते हुए एसएसपी ने पुलिस वालों को उनकी जिम्मेदारी बता दी। तय किया गया कि हर होलिका के शुरुआत से दहन तक की जिम्मेदारी एक बीट पुलिस अधिकारी की होगी।

इसके पहले पुलिस एक-एक होलिका और जुलूस की सूची भी तैयार कर ही है। सभी के संचालक समिति के एक सदस्य और डीजे संचालक के साथ बैठक भी करनी है, इसकी शुरुआत भी कर दी गई।

## हर होलिका की शुरुआत से दहन तक मौजूद रहेगा एक बीट पुलिस अधिकारी

त्योहार के दौरान मॉनीटरिंग के लिए अलग कंट्रोल रूम भी स्थापित होगा।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइंस में समीक्षा बैठक की। कहा कि होली और शब-ए-बरात से पहले थानेदार व सीओ धार्मिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर लें। उस दिन की पिकेट, बैरियर, क्यूआरटी व गश्त ड्यूटी की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाए। एसपी यातायात व मुख्य अग्निशमन अधिकारी से कहा कि त्योहार पर विशेष ड्यूटी चार्ज जारी करें।

एसएसपी ने कहा कि आमतौर पर धार्मिक स्थल या फिर जुलूस मार्ग का निरीक्षण अफसर कार से करते हैं। यह ठीक नहीं है। पुलिस अफसर प्रशासनिक अफसरों के साथ बाइक से जाकर सत्यापन करें। होली त्योहार पर निकलने वाले जुलूस, शोभायात्रा वाले मार्गों का सर्वे करने के लिए सीओ व थानेदारों को निर्देशित किया गया।

# खोपड़िया आप ही का है, बिना हेलमेट भुगतिएगा भी आप ही...

## त्योहार पर बाजार में बढ़ी भीड़ के बीच यातायात व्यवस्था सुधारने के साथ ही जीवन बचाने के लिए भी काउंसलिंग कर रही पुलिस

गणेश चौराहा। समय बृहस्पतिवार को दोपहर 12.27 बजे। कान में ईयरफोन लगाए और बगैर हेलमेट स्कूटी से जा रही महिला पुलिसकर्मी ने रोका। कहा- आपने ईयरफोन लगा रखा है। ध्यान बंटने से हादसा हो सकता है। हेलमेट नहीं लगाने के सवाल पर, जवाब आया कि पास में ही जाना है। इस पर फिर सिपाही ने कहा कि खोपड़िया तो आप ही का है, भुगतिएगा भी आप ही। पुलिसकर्मी ने महिला को समझाया और जुर्माना वसूलने की चेतावनी दी।

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दरअसल, सीएम योगी आदित्यनाथ के जुर्माना वसूलने में नरमी के संकेत के बाद यातायात पुलिस का चालान करने की जगह काउंसलिंग पर जोर है। यातायात नियमों के पालन को प्रेरित करने के लिए इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) की मदद भी ली जा रही है।

चौराहों पर ट्रैफिक लाइट होने पर नियमों के बारे में एनाउंसमेंट कर लगातार सचेत किया जा रहा है। बाएं लेन को खाली रखने, एंबुलेंस को रास्ता न देने पर पांच हजार रुपये का चालान किए जाने की चेतावनी दी जा रही है। इसका असर यह है कि धीरे-धीरे ही सही शहरवासी नियमों के प्रति जागरूक हो रहे हैं। बाएं लेन पर अब कम ही गाड़ियां अवरोधक बन रही हैं।

बृहस्पतिवार को भी यातायात पुलिस मोहद्दीपुर, यूनिवर्सिटी, गणेश चौक समेत अन्य चौराहों पर बाएं लेन को खाली कराने के लिए मुस्तैद नजर आई। पैडलेगंज के पास बाएं लेन पर कार लेकर आए एक शख्स को पुलिस किनारे कराया और पता चला कि यह उनकी तीसरी गलती है, जिसके बाद उनका जुर्माना काटा गया।

इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से नियम का पालन करने के लिए कर रहे जागरूक | बिछड़े लोगों, खोए बैग और सामानों को खोजने में भी मददगार है आईटीएमएस

अमर उजाला लाइव







गणेश चौक पर युवक को समझाती ट्रैफिक पुलिस और कचहरी चौक के पास बाएं लेन में खड़े लोगों का समझाकर किनारे करता यातायात पुलिसकर्मी। अमर उजाला

### दिसंबर में 12 गुमशुदा लोगों को अपनों से मिलाया

इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत चौराहों पर लगे स्पीकर से एनाउंस कर कीमती सामान और बच्चों को खोजने में भी पुलिस मददगार बन रही है। बृहस्पतिवार को भी असुरन के सुशील वर्मा का बैग खोजने में पुलिस मददगार बनी। वह ऑटो से उतरे और बैग उसी में छूट गया था। जानकारी के बाद पुलिस ने सूचना प्रसारित की और उनका बैग मिल गया। दिसंबर में 12 गुमशुदा लोगों को उनके अपनों से मिलाया गया। 98 बैग, पांच मोबाइल फोन और सात लैपटॉप की भी तलाश की गई थी।

**इस तरह ले सकते हैं मदद**

आईटीएमएस कार्यालय के मोबाइल नंबर 8081208567 पर कॉल करें। फोन नहीं रहने पर सड़क किनारे लगे बाक्स में जाकर अपनी समस्या बताइए। 21 चौराहों पर आईटीएमएस के तहत इमरजेंसी बाक्स लगाए गए हैं। इमरजेंसी बाक्स में लगे लाल बटन को दबाकर कोई भी व्यक्ति अपनी बात कंट्रोल रूम में पहुंचा सकता है। कंट्रोल रूम में बैठा आपरेटर समस्या और जगह की जानकारी लेने के बाद तत्काल 112 नंबर पर फोन कर सहायता भेजेगा। यदि कोई हादसा हुआ है तो कंट्रोल रूम से एंबुलेंस के लिए भी मदद मांगी जा सकती है।





छात्रसंघ और पैडलेगंज चौराहे पर अवरोध के कारण ट्रैफिक लाइट दिखाई नहीं देती हैं। जिससे लोग परेशान होते हैं। अमर उजाला

### आड़े-तिरछे तिराहे और चौराहे के सिग्नल बने मुसीबत

दोपहर 2.40 बजे छात्रसंघ चौराहे के पास एक शख्स गाड़ी लेकर आगे बढ़ गया और फंस गया। यातायात पुलिसकर्मी के वजह पूछने पर शख्स ने ट्रैफिक लाइट की दुहाई दी। दरअसल, सामने वाली लाइट पर काउंटिंग शून्य हो गई थी और वह आगे बढ़ गया, जबकि वह पीछे से आने वाली लेन का सिग्नल था। इसी तरह, पैडलेगंज, यूनिवर्सिटी और कई ऐसे चौराहे हैं, जहां पर सिग्नल अभी मुसीबत बने हुए हैं। दूसरे, ट्रैफिक लाइट के सामने कई जगह होर्डिंग का अवरोध है, जिससे परेशानी होती है।

स्टंट और नियम तोड़ने वालों की लगातार काउंसलिंग की जा रही है। यातायात सुचारु रूप से चल सके, इसके लिए सभी चौराहों पर यातायात पुलिस और होमगार्ड की ड्यूटी है। बार-बार नियम तोड़ने के मामलों में जुर्माना कर शमन शुल्क वसूला जा रहा है। इसका असर हुआ है। अब हेलमेट न लगाने की लापरवाही में कम लोग पकड़े जा रहे हैं।

- डॉ. एमपी सिंह, एसपी ट्रैफिक

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-03-2023

राष्ट्रीय सहारा दि० - 3/3/23

## एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**पिंडी** । लार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अजना निवासी संदीप कुमार सिंह पुत्र राजेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक देवरिया को पत्र प्रेषित कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। अपने प्रेषित पत्र में श्री सिंह ने कहा है कि मैं मुर्गी पालन का व्यवसाय करता हूं विगत 9 फरवरी को मैं और मेरे मित्र अजना निवासी सत्येंद्र सिंह पुत्र आस नाथ सिंह व्यवसाय का पैसा वसूली कर अपने गांव अजना आ रहे थे कि इसी बीच मोटरसाइकिल में तेल कम होने के कारण जी सांसों में संचालित नंदिनी पेट्रोल पंप तेल भरवाने के लिए गया तो कुछ लोगों से तेल भरवाने को लेकर विवाद हो गया जब मैं तेल भरवा कर भागलपुर की तरफ विवेकानंद डिग्री कलेज पहुंचा तो कुछ अज्ञात लोगों ने हमें रोक कर लात घुसो से मारकर मेरे गले का 20 ग्राम का सोने का चौन , दस हजार रुपए नगद और एक विवो मोबाइल लूट लिए और तमंचा लहराते जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए ।उक्त लोगों की पहचान विशाल यादव पुत्र विजय शंकर, हरी केश पुत्र राम दरस, शहजाद उर्फ बबलू पुत्र अख्तर अंसारी ,राजेश चौहान पुत्र शारदा निवासी सहीया एवं अंकित पुत्र रमाशंकर निवासी तकिया के रूप में हुई है उक्त लोगों के खिलाफ मैंने थानाध्यक्ष मइल को तहरीर देकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया। परंतु थानाध्यक्ष द्वारा मात्र धारा 151 के तहत पाबंद किया गया है जब की यह लूट की घटना है।पीड़ित संदीप सिंह ने पुलिस अधीक्षक देवरिया से उक्त प्रकरण में दोषियों के खिलाफ अपराध के अनुकूल विधिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है ।

राष्ट्रीय सहारा दि० 3/3/23

## शादी समारोह से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**लार** । लार थाना क्षेत्र में बाइक चोरो की सक्रियता एक बार बढ़ती दिख रही है। बुधवार की शाम लार कस्बा के घारी वार्ड निवासी नन्दलाल विश्वकर्मा पुत्र स्व रामछबिला विश्वकर्मा 27 फरवरी की शाम समय अपने मित्र उकिना गांव निवासी रंजीत विश्वकर्मा के वहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वही अपनी बाइक यूपी 52 ए एक्स 8223 हीरो होण्डा स्पेलन्डर प्लस खड़ा करके शादी में शामिल होने गए थे। वापस जब लौट कर आये तो वहाँ से गायब थी। बहुत खोजबीनं करने के बाद भी बाइक का पता नही चला। निराश होकर उक्त व्यक्ति नन्द लाल विश्वकर्मा ने एक शिकायती पत्र के माध्यम से इसकी शिकायत लार थानाध्यक्ष से की है। इस सम्बंध में लार थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में है शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# एक किग्रा गाजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। सुरौली थाना की पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थी, कि जरिये मुखबीर से सूचना मिला, कि एक व्यक्ति प्लास्टिक की थैली में कुछ लिये पकड़ी बाजार में शहीद चौक पर मौजूद है। बताया जाता है कि वह व्यक्ति कुसम्हा के तरफ से आ रहा था। पुलिस ने व्यक्ति का घेराबंदी करते हुए दौड़ा कर पकड़ा। जिसके पास से 1 किग्रा 50 ग्राम गाजा बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गये नितेश को 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

# खुले में थूका तो लगेगा 250 का जुर्माना

**बरहज (एसएनबी)**। नगरपालिका परिषद गौरा बरहज ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत अब खुले में थूकते हुए पकड़े जाने पर 250 रूपये जुर्माना लगायेगा। इसके लिए नगरपालिका द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। इसके बावजूद भी अगर कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर थूकते हुए मिलता है तो जुर्माना के साथ ही पीकू के खिताब से नवाजा जायेगा। अधिशासी अधिकारी सी के पाण्डेय ने बताया कि 2021 नियमावली के तहत सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करने, थूकने व अन्य गन्दगी करते हुए पकड़े जाने पर जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। इसे शक्ति से लागू किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने की अपील की।

# कच्ची शराब के साथ एक धराया

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। रामलक्षन चौकी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बटुलडी ट्यूबेल के पास से एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसने अपना नाम सुखराम उराव पुत्र भोला उराव थाना गुमला झारखण्ड बताया। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ आबकारी एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा पृ- 3/3/23

## मारपीट का केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करमेल बरनही निवासी वादनी किसमती देवी पत्नी रामनिवास पासवान ने दिये गये तहरीर में कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर मेरे पट्टीदार पूर्णवासी पासवान स्वं. जवाहिर,, गुड्डी देवी पत्नी पूर्णवासी, मुस्कान पुत्री पूर्णवासी मेरे दरवाजे पर आकर गाली गुत्ता देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने उपरोक्त के खिलाफ धारा 323, 504, 506 का मुकदमा दर्ज किया है।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में ग्राम रामपुर बंजरिया थाना नेबुआनौरंगिया जिला कुशीनगर ने कहा कि रुद्रपुर थानाक्षेत्र के ग्राम निबही निवासी रिजवान ने 8 वर्ष पूर्व मुझको विदेश भेजने के लिये फर्जी वीजा दिया था। वीजा के लिये मैंने 20 हजार रुपये खाते में और 40 हजार नकद दिया था। न उसने मुझे विदेश भेजा और न ही मेरा पैसा वापस किया। उक्त ने कार्यवाई की मांग की है।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। एकौना थाना में पुलिस ने संदिग्ध पाये जाने पर उक्त युवक को दौड़ा कर पकड़ा, जिसने अपना नाम निसार अली पुत्र मन्नू अली निवासी शीतल माझा थाना रुद्रपुर बताया। पुलिस ने उसके पास से एक अदद तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया। पकड़े गये अभियुक्त को 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय के चालान कर दिया।

## पुलिस ने वांछित आरोपी को पकड़ा

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली में तीन वर्ष पूर्व दर्ज मुकदमा धारा 366 के नामजद वांछित अभियुक्त कबीर पुत्र रामसनेही प्रसाद निवासी टेढ़ा स्थान वार्ड थाना रुद्रपुर को फरार चल रहा था, को रुद्रपुर पुलिस ने 2 मार्च को रेलवे स्टेशन परिसर देवरिया सदर से गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से अपहृता की बरामदगी करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

## फेसबुकिया प्रेमी के घर से युवती को बरामद एमपी पुलिस ले गयी साथ

**सलेमपुर (देवरिया)**। कोतवाली पुलिस की मदद से मध्य प्रदेश पुलिस ने गुमशुदा युवती को उसके फेसबुकिया प्रेमी के कमरे से वरामद कर अपने साथ ले गयी। मिली जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के थाना लार के एक गांव के युवक से कुछ दिन पूर्व फेसबुक के जरिए एक युवती से प्रेम हो गया। दोनों का लगाव इतना बढा कि 21 जनवरी को युवती मध्य प्रदेश में रह रहे अपने माता पिता को छोड़कर प्रेमी से मिलने सलेमपुर चली आई। इस पर युवती के पिता ने मध्य प्रदेश के बिलौवा थाना में युवती के गुमसुी का मुकदमा दर्ज करा दिया। उधर मध्य प्रदेश पुलिस युवती की तलाश में जुटी रही और इधर वह अपने प्रेमी के पास पहुंच गई। दोनों सलेमपुर में एक किराए की मकान में रहने लगे। दोनों ने देवरिया न्यायालय में विवाह कर लिया। विवाह के बाद युवक के स्वजन 13 मार्च की तिथि निश्चित कर बहुभोज की तैयारी में जुट गए और रिश्तेदारों व मित्रों को निमंत्रण कार्ड भी बांट दिया।

# दो नामजद सहित तीन पर केस

**बरहज**। मारपीट के मामले में बरहज पुलिस ने दो नामजद समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। गाजीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के अमेदा गांव का रहने वाले हीरा लाल ने पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है कि 28 फरवरी को बिना किसी बात के भेदवा निवासी राजू, रमेश ने मिलकर गाली गलौज करने लगे। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## सरिया चोरी करते दो धराये

**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के मिश्रोली कोईलाड़ में बन रहे पुल के पास सरिया चोरी करते दो पकड़े गये। पुलिस ने के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बताया गया है कि भटनी थाना क्षेत्र के मिश्रौली कोईलाड़ में यूनिवर्सल एनर्जी ली वाराणसी द्वारा रेलवे पुल का निर्माण कराया जा रहा है। इसी दौरान मिश्रौली कोईलार निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र दशरथ प्रसाद व शम्भू राजभर पुत्र लड्डू राजभर वहां से सरिया चोरी करते पकड़े गए। कंपनी के प्रोज मैनेजर माज अहमद के तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपितो के विरुद्ध धारा 379 के तहत केस दर्ज कर जेलभेज दिया है।

# लड़की भगाने के मामले में दो के विरुद्ध अपहरण का केस

**बनकटा** । थाना क्षेत्र के एक गांव में लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में बनकटा पुलिस ने युवती के भाई की तहरीर पर दो के खिलाफ धारा 363 एवं 366 के तहत मुकंदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी है दोनों अभियुक्त रामपुर कारखाना क्षेत्र के बलियवा गांव के निवासी है ।मामला दो समुदायों के बीच का बताया जा रहा है।

# 32 शीशी देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बनकटा** । बनकटा पुलिस ने गुरुवार को बनकटा स्टेशन के निकट स्थित बाजार से एक युवक को 32 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया ।युवक ट्रेन से उक्त शराब का खेप बिहार ले जाने की फिराक में था ।इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि एक युवक देशी शराब का खेप बिहार ले जाने के फिराक में बनकटा बाजार में है ।मुखबिर की सूचना व निशानदेही पर पुलिस ने युवक की घेराबंदी की तो युवक भागने लगा जिसे पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया ।पूछ ताछ में युवक ने राजन कुमार साकिन बलिया थाना महराजगंज बिहार के रूप में अपनी पहचान बताई ।थानाध्यक्ष बरजोर सिंह ने बताया कि युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कारवायी की जा रहीं है।

# सेमीफाइनल में पहुंचीं देवरिया, गोरखपुर, बस्ती व श्रावस्ती की टीमें

**देवरिया(एसएनबी)**। 71वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता 2023 के दूसरे दिन गोरखपुर जोन से आई फुटबाल पुलिस टीमों के मध्य बृहस्पतिवार को क्वार्टर फाइनल का मैच खेला गया, जिसमें देवरिया, गोरखपुर, बस्ती व श्रावस्ती की टीमें क्वाटर फाइनल जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना लिया। बृहस्पतिवार को पुरूष वर्ग में जनपद देवरिया व कुशीनगर पुलिस टीम के मध्य खेले गये मैच में जनपद देवरिया 4-3 से विजयी रही। जनपद गोरखपुर व बलरामपुर पुलिस टीम के मध्य खेले गये मैच में जनपद गोरखपुर 4-0 से विजयी रही। जनपद महराजगंज व बस्ती पुलिस टीम के मध्य खेले गये मैच में जनपद बस्ती 4-3 से विजयी रही।

हिन्दुस्तान दि० 3/3/23

# बिना लॉक मिले 35 वाहनों को पुलिस ने किया सीज

- वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस चला रही है अभियान
- मेडिकल कॉलेज से इमरजेंसी इंचार्ज की भी गाड़ी ले गए कोतवाली

देवरिया, निज संवाददाता। शहर में बाइक चोरी की घटनाओं को देखते हुए नवागत कोतवाल ने गुरुवार को जांच अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग स्थानों से बिना लॉक खड़े किए गए 35 वाहनों को सीज कर दिया गया। जिसमें मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के एक इंचार्ज की भी बाइक थी।

शहर में पिछले कुछ माह से चोरी की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। कोतवाल राहुल सिंह ने गंभीरता से लेते हुए दरोगाओं के साथ बैठक कर भीड़ भाड़ वाले स्थान पर वाहनों की चेकिंग का निर्देश दिया। गुरुवार को कोतवाल राहुल सिंह ने शहर में वाहनों की चेकिंग शुरु किया। मेडिकल कालेज से आठ वाहन बिना लॉक के मिला। जिस पर पुलिस ने सभी को कोतवाली ले गए। इसी प्रकार शहर के अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने 35 वाहनों को बिना लॉक के सड़कों से उठाया। पुलिस ने कोतवाली ले जाकर सभी वाहनों को सीज कर दिया। शहर की सड़कों से गाड़ी उठने के बाद वाहन स्वामी मौके पर पहुंचे तो आस पास के लोगों ने पुलिस द्वारा वाहन को उठाने के बारे में जानकारी दिया। इसके बाद वाहन स्वामी कोतवाली पहुंचे। जिसमें मेडिकल कालेज के इमरजेंसी में नर्स और चतुर्थश्रेणी कर्मचारियों के इंचार्ज हृदयानन्द वर्मा की बाइक भी पुलिस उठा ले गए। सभी लोग कोतवाली पहुंच कर गाड़ी छोड़ने के लिए गुहार लगाने लगे।

## अंतरजनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल आज

# देवरिया की पुरुष व महिला टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**आयोजन**

- गोरखपुर, बस्ती और श्रावस्ती की टीम भी पहुंची सेमीफाइनल में
- दूसरे दिन की प्रतियोगिता में 12 टीमों के बीच हुए फुटबॉल मैच



गुरुवार को फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल में कुशीनगर के खिलाड़ी से गेंद छीनने का प्रयास करते देवरिया के खिलाड़ी। ● हिन्दुस्तान

देवरिया, निज संवाददाता। रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 71वीं अंतर्जनपदीय तीन दिवसीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्वाटर फाइनल मैच खेला गया। जिसमें देवरिया की पुरुष और महिला पुलिस टीम अपने अपने मुकाबले जीत कर सेमीफाइनल में पहुंची। इसके अलावा पुरूष वर्ग में गोरखपुर, बस्ती और श्रावस्ती की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची हैं। शुक्रवार को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही फुटबाल प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के 11 जिलों की पुरूष व महिला पुलिस टीम प्रतिभाग कर रही है। गुरुवार को महिला पुरूष मिला कर कुल 12 टीमों के बीच मुकाबले हुए। पुरूष वर्ग के पहला क्वाटर फाइनल देवरिया व कुशीनगर पुलिस टीम के मध्य खेला गया। जिसमें देवरिया ने कुशीनगर को 4-3 से मात देकर विजयी हुआ। दूसरा क्वाटर फाइनल गोरखपुर व बलरामपुर पुलिस टीम के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर 4-0 से विजयी रही। तीसरा क्वाटर फाइनल महराजगंज व बस्ती पुलिस टीम के मध्य खेला गया। जिसमें बस्ती 4-3 से विजयी रहा। चौथा क्वाटर फाइनल श्रावस्ती व सन्तकबीरनगर पुलिस टीम के मध्य खेला गया। इस मैच में श्रावस्ती 4-2 से विजयी रहा। पुरूष वर्ग में देवरिया, गोरखपुर, बस्ती और श्रावस्ती की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। महिला वर्ग की प्रतियोगिता में देवरिया व सन्तकबीर नगर के मध्य हुआ। इस मैच में देवरिया 1-0 से विजयी रही।

गोरखपुर और महराजगंज महिला पुलिस के बीच खेले गए मैच में महराजगंज की टीम 4-2 से विजयी रही। शुक्रवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

हि-दुस्तान दि- 3/3/23

# गोरखपुर एसआईबी ने बैतालपुर में डाला डेरा

## तेल चोरी मामला

देवरिया, निज संवाददाता। बैतालपुर यार्ड में तेल चोरी के मामले में दर्ज मुकदमे में चोरों को पकड़ने के लिए गोरखपुर सीआईबी की टीम ने जिले में डेरा डाला हुआ है। गुरुवार को टीम के सदस्यों ने बैतालपुर घटनास्थल के साथ आस पास के गांव में पूछताछ की।

बैतालपुर रेलवे स्टेशन पर वर्षों से तेल चोरी का काला कारोबार चलता है। 26 फरवरी की भोर में बैतालपुर रेलवे स्टेशन के समीप बैगन से चोर तेल चोरी कर रहे थे।

चोरों को पकड़ने गए आरपीएफ के कांस्टेबल सुधीर कुमार सिंह की करंट से मौत हो गई। मामले में देवरिया आरपीएफ ने दो अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले की जांच में गुरुवार को गोरखपुर सीआईबी की टीम बैतरलपुर घटना स्थल पर पहुंची।

टीम के सदस्यों ने घटना के बारे में और स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों से तेल चोरों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही आस पास के तेल चोरों की कुंडली खंगाल रही है। टीम को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में चोरों की गिरफ्तारी कर लिया जाएगा। इसके साथ ही चोरों के गिरोह को समाप्त करने के लिए उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक जागरण दि- 3/3/23

# शहर की यातायात व्यवस्था को संभालेंगे दो इंस्पेक्टर

एसएसआइ रामचंद्र सिंह यादव व सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज रविन्द्र सिंह यादव लाइनहाजिर, यातायात कार्यालय में हुई तैनाती

जासं, देवरिया: शहर में लगने वाले हर दिन घंटों जाम से निजात दिलाने को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने नई पहल की है। गुरुवार को दो इंस्पेक्टर व तीन उप निरीक्षकों को यातायात व्यवस्था बेहतर करने के लिए यातायात कार्यालय में तैनाती दे दी। अभी तक यातायात व्यवस्था की कमान उप निरीक्षक संभाल रहे थे।

शहर में सोमवार हो या शनिवार, हर दिन घंटों जाम की समस्या रहती है। कोई ऐसा दिन नहीं हैं, जिस दिन शहर में जाम की समस्या न रहती है और घंटों वाहन रेंगते हुए नजर न आएं। सर्वाधिक जाम की समस्या सिविल लाइंस रोड, मालवीय रोड, सीसी रोड, कोतवाली रोड व जलकल रोड में रहती है। जाम की



डीएम आवास के सामने लगा जाम • जागरण

समस्या से निजात दिलाने के लिए अभी तक चार दारोगा व 50 सिपाही के अलावा होमगार्ड व पीआरडी के जवान तैनात थे, दारोगा की संख्या बढ़ने के बाद जाम की स्थिति में थोड़ा सुधार दिखा तो पुलिस अधीक्षक ने अब इंस्पेक्टर की भी तैनाती यातायात व्यवस्था बेहतर करने को दे दी है। एएसपी डा. राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि यातायात कार्यालय में दो इंस्पेक्टर व तीन उप निरीक्षक की तैनाती की गई है।

**इन्हें मिली है यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी** : पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक जितेंद्र सिंह, निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्र, उप निरीक्षक जयशंकर मिश्र की तैनाती की गई है। इसके अलावा कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक रामचंद्र सिंह यादव व सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज रविन्द्र सिंह यादव को लाइन हाजिर करते हुए यातायात कार्यालय में तैनाती दी गई है।

हि-दुस्तान दि- 3/3/23

# यार्ड से सरिया चुराने वाले दो गिरफ्तार

भटनी। क्षेत्र के मिश्रौली कोईलार में रेलवे बाईपास मार्ग का काम चल रहा है। काम के दौरान मिश्रौली कोईलार गांव निवासी दो युवको ने यार्ड में रखा सरिया आदि चुरा लिया। चोरी की जानकारी होने पर यूनिवर्सल एनर्जी के मैनेजर माज अहमद ने थाने में तहरीर देकर आरोपी सतेन्द्र पुत्र दशरथ तथा शम्भू राजभर पुत्र लड्डू पर थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# पकड़े गए सॉल्वर को भेजा गया जेल

भटनी। क्षेत्र के बापू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पोखरापार में बुधवार को सुबह की पाली में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे युवक को पकड़कर गुरुवार को मेडिकल के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से युवक को जेल भेज दिया गया।

रायबारी निवासी पियूष पुत्र संतोष विश्वकर्मा परीक्षा के दौरान दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पाया गया। जिसको केन्द्र व्यवस्थापक ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। स्थानीय पुलिस ने परीक्षार्थी व उसके स्थान पर परीक्षा दे रहे युवक पर धोखाधड़ी व परीक्षा अधिनियम का केस किया है।

दैनिक जागरण दि०- 27/12/23

# उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**देवरिया :** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कानून व्यवस्था को लेकर उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक संत शरण यादव को गौरीबाजार, वरिष्ठ उप निरीक्षक भाटपाररानी वीरेंद्र कुशवाहा को मदनपुर, पुलिस लाइन से सद् गुरु मिश्रा को वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली, रामविलास सिंह को बनकटा व महेंद्र यादव को पुलिस लाइन से कोतवाली में तैनाती दी गई है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 3/3/23

# होली में हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

जासं, भाटपाररानी: थाना परिसर में शांति कमेटी की गुरुवार को बैठक हुई, जिसमें सभी से शांति और सौहार्द के बीच रंगों के त्योहार होली को मनाने की अपील की गई। एसडीएम संजीव उपाध्याय ने कहा कि होली का त्योहार सभी को एक-दूसरे से मिलाने का कार्य करता है। त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। हुड़दंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

क्षेत्राधिकारी विनय कुमार यादव ने कहा कि पुलिस जनता की मित्र है। त्योहारों के मद्देनजर अवांछनीय तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। इसमें खलल डालने वाले कतई बख्शे नहीं जाएंगे।

अनुमानित मूल्य 32400 रुपये है।

दैनिक जागरण 3/3/23

# भाजपा बूथ अध्यक्ष को जेल से धमकी देने के मामले में पांच के विरुद्ध मुकदमा

**जागरण संवाददाता, सलेमपुरः** जेल में बंद एक शातिर बदमाश द्वारा नगर के एक भाजपा बूथ अध्यक्ष को मोबाइल से धमकी दिए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मोबाइल का लोकेशन खंगालने में जुटी है।

कोतवाली क्षेत्र के हंडुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष हैं। उनके बगल में एक कीमती जमीन है। जिसको खाली करने के लिए उनके मोबाइल पर मंगलवार की रात करीब नौ बजे एक नंबर से फोन आया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि फोन पर उप नगर के सतीश सिंह ने मोबाइल पर कहा कि प्रदीप गुप्ता नामक व्यक्ति की जमीन अब मेरे कस्टडी में है। उसे खाली कर दो। अब मेरी सजा का समय पूरा हो गया है। अगर जमीन खाली नहीं करते हो तो जब मैं जेल से रिहा होने के बाद सलेमपुर आऊंगा तो तुम अपने बारे में समझ लेना। उसके बाद भाजपा के बूथ अध्यक्ष गोरख प्रसाद ने कोतवाली में तहरीर दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सतीश सिंह, कस्बा सलेमपुर गांव निवासी प्रदीप गुप्ता, व हरैया वार्ड नंबर आठ निवासी तेज प्रताप समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ जान से मारने की धमकी व साजिश करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि जमीन खाली करने के लिए जेल में बंद एक शातिर बदमाश का फोन आने की बात कही जा रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# घर में चल रही थी बहूभोज की तैयारी दुल्हन को ले गई एमपी पुलिस

- लार क्षेत्र के एक गांव के युवक से कुछ दिन पूर्व इंटरनेट मीडिया के जरिए हुआ प्रेम
- कोर्ट मैरेज के बाद 13 मार्च को तय था बहूभोज, बांटा गया था निमंत्रण पत्र

**जासं, सलेमपुर:** कोर्ट मैरेज के बाद घर में बहूभोज की तैयारी चल रही थी। इसी बीच मध्य प्रदेश पुलिस उपनगर के एक मकान से दुल्हन को साथ ले गई। इसके बाद सलेमपुर कोतवाली में पति कोर्ट मैरेज का प्रमाण पत्र व बहूभोज का निमंत्रण कार्ड दिखाता रहा लेकिन पुलिस ने उनकी एक न सुनी। इसको लेकर कोतवाली में काफी देर तक हंगामा होता रहा।

लार क्षेत्र के एक गांव के युवक से कुछ दिन पूर्व इंटरनेट मीडिया के जरिए एक युवती से प्रेम हो गया। दोनों का लगाव बढ़ा तो 21 जनवरी को युवती मध्य प्रदेश में रह रहे अपने माता-पिता को छोड़कर प्रेमी से मिलने सलेमपुर चली आई। दोनों सलेमपुर में एक किराए की मकान में रहने लगे। इसके बाद युवक व युवती ने देवरिया में कोर्ट मैरेज कर लिया। विवाह के बाद युवक के स्वजन बहूभोज की तैयारी में जुट गए। 13 मार्च को बहूभोज के लिए रिश्तेदारों व मित्रों को निमंत्रण कार्ड भी बांट दिया गया। इसी बीच युवती के पिता ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के बिलौवा थाने में युवती के गायब होने का मुकदमा दर्ज करा दिया। उसके बाद मध्य प्रदेश पुलिस युवती की तलाश में जुट गई।

प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस न्यायालय का आदेश लेकर आई थी, जिसमें युवती को हाजिर कराया जाना था। पुलिस युवती को लेकर मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गई।

## ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से किशोरी की मृत्यु

**तरकुलवा :** पिता को बाजार करने के लिए रुपये देने जा रही किशोरी को मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्राली ने गुरुवार को रौंद दिया, जिससे किशोरी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। लोगों ने चालक को पकड़ लिया और धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। किशोरी की मृत्यु के बाद परिवार में मातम छा गया। तरकुलवा के सिसवा-मुड़िकटवा के रहने वाले नंदलाल राजभर गांव के समीप अपने खेत में गन्ने की बोआई कर रहे थे। पत्नी, बेटी और परिवार के अन्य लोग भी खेत में मौजूद थे। शाम को नंदलाल अपनी बेटी उर्मिला से बाजार जाने के लिए पैसा घर से लाने के लिए बोले, वह घर गई और पैसा लेकर खेत में आ रही थी, अभी वह घर से कुछ ही दूर चली थी, इस बीच मिट्टी लदे एक ट्रैक्टर-ट्राली ने रौंद दिया। जिससे उर्मिला की मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।

दैनिक जागरण दिनांक - 3/3/23



कोतवाली परिसर में सीज किए गए वाहनों के साथ खड़ी पुलिस ● जागरण

# पुलिस का चला अभियान 25 बाइक सीज

**देवरिया :** गुरुवार की देर शाम सदर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर वाहन चेकिंग की। वाहन चेकिंग के दौरान जरूरी कागजात न मिलने पर 25 बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया। 68 वाहनों का ई-चालान किया। पुलिस के चेकिंग अभियान के चलते वाहन चालकों में खलबली मची रही। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग हर दिन चलाया जाएगा। लोग अपने वाहनों का लाक ठीक लें, बिना लाक के वाहन मिले तो उन्हें सीज किया जाएगा। कागजात लेकर वाहन चलाएं। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 3/3/23

# देवरिया, गोरखपुर व बस्ती की पुलिस टीम सेमीफाइनल में पहुंची

- रवींद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 71वीं अंतरजनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता का दूसरा दिन
- मैच को देखने के लिए उमड़ रही लोगों की भीड़

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के रवींद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 71वीं अंतरजनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को क्वाटर फाइनल मुकाबला आठ टीमों के बीच खेला गया। जिसमें से देवरिया, गोरखपुर, बस्ती व श्रावस्ती की टीम सेमी फाइनल में प्रवेश कर गई। मैच को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। पहली मैच पुरुष वर्ग का देवरिया व कुशीनगर पुलिस टीम के बीच खेला गया, जिसमें देवरिया की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए कुशीनगर को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।



स्टेडियम में फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं खिलाड़ी ● जागरण

दूसरा मैच गोरखपुर व बलरामपुर पुलिस टीम के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और 4-0 से बलरामपुर को पराजित किया। तीसरा मैच महराजगंज व बस्ती पुलिस टीम के बीच खेला गया। जिसमें बस्ती की टीम 4-3 से विजेता घोषित की गई। जबकि चौथा मैच श्रावस्ती व संतकबीर नगर पुलिस टीम के बीच हुआ। जिसमें श्रावस्ती के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीम को 4-2 से बढ़ दिलाते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश करा दिया। महिला वर्ग का मैच देवरिया व संत कबीर नगर के बीच खेला गया।

जिसमें देवरिया की टीम 1-0 से विजयी रही। जबकि दूसरा मैच गोरखपुर व महराजगंज के बीच खेला गया। इसमें महराजगंज की टीम 4-2 से विजेता रही। सेमीफाइनल मैच शुक्रवार को खेला जाएगा।

राष्ट्रीय मुव

दैनिक जागरण दि० 3/3/23

# डीएनए खोलेगा राज, अंगेश या बृजेश

फालोअप

जासं, देवरिया: भागलपुर के मुरासो गांव 15 साल बाद जिंदा लौटे कथित अंगेश या बृजेश प्रकरण का राज अब डीएनए खोलेगा। सीओ बरहज अंशुमन श्रीवास्तव ने प्रकरण की जांच अब शुरू कर दी है। पुलिस जल्द ही अंगेश का डीएनए कराएगी।

भागलपुर विकास खंड के मुरासो गांव के रहने वाले राम सुमेर यादव के पुत्र अंगेश यादव के जिंदा घर लौटने की कहानी का पटाक्षेप होता नहीं दिख रहा है। राम सुमेर के स्वजन तो अंगेश को अपना बेटा मान रहे हैं, लेकिन भटनी के पिपरा देवराज में बृजेश उर्फ पतरू बनकर पांच माह तक रहने की कहानी ने सभी को परेशान कर रखा है। इसके बाद तरह-तरह के सवाल खड़ा होने



मुरासो गांव में अंगेश (बाएं) ● जागरण

लगे हैं। प्रकरण के पटाक्षेप के लिए एसपी संकल्प शर्मा ने सीओ बरहज अंशुमन श्रीवास्तव को जांच सौंपा है। गुरुवार से प्रकरण की सीओ ने जांच भी शुरू कर दी। मईल थाने पर दोनों पक्षों को बुलाया गया था, हालांकि दोनों पक्ष अब दो दिन बाद थाने पर आएंगे। अंगेश को देखने के लिए लोगों का हुजूम हर दिन राम सुमेर के दरवाजे पर पहुंच रहा है।

पुलिस करेगी सत्यापन: अब पुलिस कहानी की जड़ तक जाने में जुटी हुई है। सीओ ने इसका सत्यापन कराने का निर्देश दिया है। सबसे पहले पुलिस अंगेश से उस सपेरा के बारे में जानकारी लेगी। सत्यापन में रहने के अलावा थाने का भी रिकार्ड खंगालेगी। इसके बाद भटनी के पिपरा देवराज में कागजात में दर्ज नाम व अन्य जानकारियों को भी अपनी जांच में शामिल करेगी।

> पिपरा देवराज व मुरासो गांव के लोगों से मेरे द्वारा बातचीत की गई है। मुरासो के लोग अपने बेटा मान रहे हैं। सबसे पहले इसके रहने के सभी स्थानों का सत्यापन कराने के साथ ही थानों का भी रिकार्ड खंगाला जाएगा। इसके साथ ही डीएनए भी कराया जाएगा। अंशुमन श्रीवास्तव, सीओ, बरहज।

## एसडीएम के आदेश पर दर्ज हुआ था बृजेश का नाम

पिपरा देवराज के ग्राम प्रधान अवधेश सिंह ने बताया कि बृजेश उर्फ पतरू बहुत पहले घर से चला गया था। चार माह पहले देवनंदन की पत्नी आई और बृजेश का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कराने की बात कही। जिसके बाद हमने किसी अधिकारी का आदेश लाने को कहा। सलेमपुर के तत्कालीन एसडीएम के आदेश पर खुली बैठक हुई। उसके बाद बृजेश का नाम दर्ज किया गया है। ग्राम पंचायत अधिकारी जनरंजन गौतम ने बताया कि एसडीएम के आदेश पर खुली बैठक कराई गई, खुली बैठक में देवनंदन की पत्नी व अन्य लोगों ने उसे देवनंदन का ही बेटा कहा, जिसके बाद परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज किया गया है।

दैनिक जागरण दि०-3/3/23

# विदेश भेजने के नाम पर 60 हजार रुपये हड़पे

जासं, रुद्रपुर: बेरोजगार से विदेश भेजने के नाम पर एक जालसाज द्वारा 60 हजार रुपये डकार लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित बेरोजगार ने पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। कुशीनगर जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना के रामपुर मंझरिया के रहने वाले भगवान का कहना है कि रुद्रपुर कोतवाली के निबर्ही गांव का रहने वाले एक व्यक्ति से उनकी मुलाकात हुई। उसने बताया कि वह विदेश भेजने का कार्य करता है। भगवान उसे 60 हजार रुपये दे दिए।

'प्रीमियम' शब्द हमारा ब्रांड नेम है।

दैनिक जागरण पृ0 -3/3/23

# दो राइस मिलों में छापेमारी बिजली चोरी का मुकदमा

- गौरीबाजार विद्युत वितरण खंड के चोरखरी व बैतालपुर में की छापेमारी
- मीटर के पास से बाईपास कर चोरी से कर रहे थे बिजली का प्रयोग

जासं, देवरिया: गौरीबाजार विद्युत वितरण खंड क्षेत्र में वाराणसी से आई बिजली विभाग की टीम ने गुरुवार को छापेमारी की। इस दौरान दो राइस मिल पर चोरी से बिजली का प्रयोग करते हुए पाया गया। इस मामले में टीम ने विद्युत थाना देवरिया में मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही अपनी रिपोर्ट अधीक्षण अभियंता को सौंप दी है।

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी के तीन इंजीनियर व पुलिस प्रवर्तन दल गोरखपुर की संयुक्त टीम ने सबसे पहले चोरखरी स्थित रामरेखा गुप्ता के राइस मिल पर छापेमारी की। यहां मीटर से बाइपास कर चोरी से बिजली का प्रयोग किया जाना पाया गया। टीम ने मीटर को सील कर दिया। इसके बाद टीम बैतालपुर में धर्मेंद्र गुप्ता के राइस मिल पर छापेमारी की। इस दौरान मीटर से बाइपास कर चोरी से बिजली का प्रयोग करते हुए पाया। दोनों के विरुद्ध टीम ने मुकदमा दर्ज कराया है। अधीक्षण अभियंता जीसी यादव ने बताया कि वाराणसी से टीम आई थी। छापेमारी में दो जगहों पर बिजली चोरी से प्रयोग करते हुए पाया गया है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

अमर उजाला 15-3-2025

# चोरी गई रेलवे की सरिया के साथ दो गिरफ्तार

**भटनी।** चोरी के सरिया के साथ बृहस्पतिवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों ने निर्माणाधीन वाराणसी रेलखंड से मंगलवार की रात रेलवे का सरिया चुराया था। ठेकेदार की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया है। भटनी से सलेमपुर के बीच नई रेललाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। मंगलवार की रात मिश्रौली कोइलार गांव के सामने से रेलवे का सरिया चोरी हो गया। ठेकेदार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच कर शुरू की। बृहस्पतिवार को सूचना मिली कि दो युवक रेलवे की संपत्ति बेचने की फिराक में हैं। एसआई पिंटू यादव सिपाहियों के साथ पहुंचे तो सकरापार गांव के पास दो युवक पकड़े गए। तलाशी लेने पर उनके पास से सरिया बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों की पहचान सत्येंद्र कुमार, शंभु राजभर निवासी मिश्रौली कोईलार गांव के रूप में हुई। दोनों को न्यायालय में पेश किया किया, जहां से दोनों जेल भेजे गए। संवाद



**सरिया चोरी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।** संवाद

अमर उजाला दि० 3/3/23

# घर में बहुभोज की तैयारी दुल्हन को ले गई पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। कोर्ट मैरेज शादी के बाद पति के घर बहुभोज की तैयारी चल रही थी। इसी बीच मध्य प्रदेश पुलिस ने नगर के एक मकान से दुल्हन को उसके पति के साथ कोतवाली उठा लाई।

कोतवाली में युवती का पति कोर्ट मैरेज का प्रमाण पत्र व बहुभोज का निमंत्रण कार्ड दिखाता रहा, लेकिन पुलिस ने उनकी एक न सुनी और युवती को खींचते हुए अपने वाहन में बैठा लिया। इसको लेकर उसके पति ने कोतवाली में हंगामा किया।

लार थाना क्षेत्र के एक युवक का कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया के जरिये बिहार की एक युवती से प्रेम हो गया। युवती के परिजन मध्य प्रदेश में रहते हैं। जब इसकी जानकारी युवती के परिजनों को हुई तो उसे मध्य प्रदेश लेकर चले गए। 21 जनवरी को युवती अकेले अपने प्रेमी से मिलने सलेमपुर आ गई। उसी दिन दोनों ने देवरिया न्यायालय में कोर्ट मैरेज कर लिया।

दूसरी तरफ युवती के पिता ने उसी दिन मध्य प्रदेश के बिलौवा थाना में युवती की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करा दिया। उधर, कोर्ट मैरेज होने के बाद युवक-



सलेमपुर कोतवाली में युवती के पति से वार्ता करती पुलिस। संवाद

युवती पति-पत्नी के तौर पर सलेमपुर में एक किराये के मकान में रहने लगे।

विवाह के बाद युवक के परिजन बहुभोज की तैयारी में जुट गए। 13 मार्च को बहुभोज के लिए रिश्तेदारों व मित्रों को निमंत्रण कार्ड भी बांट दिया गया। परिवार के लोग हंसी-खुशी से बहुभोज की तैयारी में जुटे थे।

इसी बीच बृहस्पतिवार की सुबह मध्य प्रदेश पुलिस को इसकी भनक लगी तो वह युवती के परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गई और पुलिस की मदद से युवती को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल गोपाल पांडेय ने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस न्यायालय का आदेश लेकर आई थी। इसमें युवती को हाजिर होना था।

अमर उजाला दि० 3/3/22

# देसी शराब के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा

**सोहनपुर।** बनकटा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित बाजार में शराब लिए एक युवक को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। युवक बाजार में देसी शराब लेकर ट्रेन से बिहार जाने की फिराक में था। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। युवक की पहचान राजन कुमार निवासी ग्राम बलिया, थाना महराजगंज, सीवान, बिहार के रूप में हुई है। उसके पास से 32 शीशी देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# भाईचारा व सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

**भाटपार रानी।** होली व शबेबरात को देखते हुए थाना परिसर में बृहस्पतिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने आदि विषयों पर चर्चा हुई। एसडीएम संजीव उपाध्याय ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारा व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाएं। उपद्रव करने वालोंपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ विनय कुमार यादव ने कहा कि सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भाईचारा के साथ होली का त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला दि० 3/3/22

# भाजपा बूथ अध्यक्ष को धमकी देने वाले बदमाश समेत तीन पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। भाजपा बूथ अध्यक्ष को भूमि नहीं खाली करने पर धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने जेल में बंद बदमाश समेत तीन नामजद व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस की छानबीन में जुटी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हंडुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। बुधवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर उन्होंने बताया कि मंगलवार रात करीब नौ बजे उनके

## जेल में बंद आरोपी ने फोन कर भूमि खाली करने की दी थी धमकी

मोबाइल फोन पर धमकीभरा कॉल आया। भाजपा नेता ने तहरीर में बताया कि यह भूमि पैमाइश के बाद कोतवाली पुलिस ने इस मामले में सतीश सिंह, प्रदीप गुप्ता, तेज प्रताप व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ जान से मारने की धमकी व साजिश करने के मामले में केस दर्ज किया है। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि भाजपा बूथ अध्यक्ष की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-03-2023

# तीन प्रतिबंधित पशु के साथ तस्कर दबोचा

**पटहेरवा।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पटहेरवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के बभनौली मोड़ से एक पिकअप से तीन प्रतिबंधित पशुओं को बरामद करते हुए एक तस्कर को पकड़ा।

पटहेरवा थाना परिसर में गुरुवार के दिन आयोजित प्रेस वार्ता में पटहेरवा एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि बुधवार की रात थाना क्षेत्र के गस्त के दौरान फोरलेन स्थित बभनौली मोड़ पर खड़ी पुलिस को देख कर भाग रहे पिकअप चालक को संदेह होने पर पकड़ा गया। जब तलाशी ली गयी तो पिकअप में तीन प्रतिबंधित पशु लदे पाए गए। पकड़े गए तस्कर की पहचान विनय कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्रीराम गुप्ता निवासी गेनुआडीह थाना गोला जिला गोरखपुर के रूप में हुई।

# वाहन चेकिंग में पकड़ा गया तस्कर

हाटा। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को वाहन चेकिंग के दौरान पिपराइच मोड़ से पिकअप से ले जा रहे पांच प्रतिबंधित पशुओं के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गुरुवार को कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी प्रभारी हाटा कस्बा प्रविंद कुमार राय हमराहियों के साथ पिपराइच मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर के जरिए मिली सूचना पर एक पिकअप से पांच प्रतिबंधित पशुओं को बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।



गुरुवार को यातायात कार्यालय का उद्घाटन करते डीएम एवं एसपी।

# यातायात कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**पडरौना।** जिला मुख्यालय रवीन्द्र नगर धूस पर गुरूवार को डीएम रमेश रंजन एवं एसपी धवल जायसवाल की उपस्थिति में यातायात कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डीएम एवं एसपी द्वारा यातायात पुलिस को उनके बेहतर कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया। इसमें रविंद्र पाठक, गोविंद कुमार, सिंहासन प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, महेंद्र शर्मा व संतोष मिश्रा शामिल रहे।

# बसडीला से लापता मंदबुद्धि मुंबई में मिला

**तुर्कपट्टी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बसडीला पांडेय चौराहे से बीते 28 जनवरी की दोपहर को मंदबुद्धि 22 वर्षीय युवक रवि पुत्र सुरेश सिंह अचानक लापता हो गया था। वह एक माह बाद बुधवार को मुंबई के कुर्ला रेलवे स्टेशन पर मिल गया है। युवक की बरामदगी के संबंध में ग्रामसभा बसडीला के प्रधान प्रतिनिधि डॉ. सत्येन्द्र पाण्डेय ने जानकारी दी।

# बच्ची से अश्लीलता के दोषी शिक्षक को 5 साल की कैद

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के रामपुर पट्टी गांव में निजी स्कूल चलाने वाले हेडमास्टर को अदालत ने आठ साल की मासूम छात्रा से अश्लील हरकत करने के मामले में दोषी पाया है। इस आधार पर पॉक्सो एक्ट कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अमित कुमार तिवारी ने हेडमास्टर को पांच साल के सश्रम कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनायी है। अर्थदंड न देने पर एक साल की कैद अलग से भुगतनी होगी।

विशेष अभियोजक पॉक्सो एक्ट सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने 31 दिसंबर 2013 को बरवापट्टी थाने में तहरीर देकर शिकायत की थी कि उसका आठ साल की बेटी रामपुरपट्टी के निजी स्कूल में कक्षा दो की छात्रा है। बीते 26 दिसंबर को वह स्कूल गयी थी। स्कूल संचालक व हेडमास्टर रईस ने उसे लंच में अपने कमरे में बुलाया। वहां उससे अश्लील हरकत करने लगा। बच्ची ने विरोध किया तो उसे छड़ी से पीटा और धमकाया। बाद में धमकी यह धमकी देते हुए कमरे से जाने दिया कि वह किसी से यह बात बताएगी तो उसे मुर्गा बनाकर पीटेगा। बच्ची डर गयी। घर आने के बाद उसने किसी से कुछ नहीं कहा मगर अगले दिन से स्कूल नहीं जा रही थी। कई दिन बाद 31 दिसंबर को उसे दबाव देकर स्कूल भेज रहा था तो रोते हुए उसने पूरी बात बतायी।

# चोरी की बाइक व असलहे के साथ तीन गिरफ्तार

**खड्डा, हिसं।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में खड्डा पुलिस ने क्षेत्र के गुलहरिया रेगुलेटर के समीप चोरी की एक बाइक, मोबाइल व कट्टा-कारतूस के साथ तीन लिफ्टरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

खड्डा एसओ अमित शर्मा ने बताया कि एसआई गौरव कुमार वर्मा सिपाही सचिन कुमार, सरवन कुमार, शशिकेश गोस्वामी के साथ अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार की दोपहर थाना क्षेत्र के गुलहरिया रेगुलेटर की तरफ निकले थे। सूचना मिली कि पडरौना के तरफ से तीन बाइक लिफ्टर चोरी की बाइक लेकर मुख्य पश्चिमी गण्डक के रास्ते खड्डा होते हुए नेपाल जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गुलहरिया रेगुलेटर पर घेराबंदी करते हुए तीनों को पकड़ लिया।पकड़े गये अभियुक्तों की पहचान नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बीरभान सिरसिया कला निवासी नरसिंह पुत्र लल्लन, पलट छपरा निवासी अंगेश पुत्र उमेश व इसी गांव के हरिओम पासवान पुत्र उत्तम पासवान के तौर पर हुई। पुलिस ने केस पंजीकृत कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

# बेटे की हत्या के बाद खुद पर भी चाकू से किए कई वार

**अहिरौली बाजार (कुशीनगर), हिसं।** अहिरौली बाजार क्षेत्र के सिंदुरिया विशुनपुर गांव में गुरुवार को चाय बनाने के विवाद के बाद गुस्से में आरती पत्नी अजीत यादव ने चाकू से तीन साल के बेटे पर हमला कर उसकी जान ले ली। इसके बाद आरती ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और गले पर चाकू से वार करते हुए चिल्लाने लगी।

जेठानी रूबी भागकर पहुंची और ननदों के साथ मिलकर दरवाजा पीटने लगी मगर अंदर से सिटकनी बंद थी। आसपास के लोग जुटे और दरवाजे को धक्का दिया तो सिटकनी खुल गई। अंदर खून से लथपथ आरती खुद पर चाकू से वार किए जा रही थी। लोगों ने उसे रोका और पुलिस को सूचना दी।



मासूम की हत्या के बाद गुरुवार को कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक धवल जयसवाल ने अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह के साथ घटनास्थल का दौरा किया।

अहिरौली बाजार के थानेदार पंकज गुप्ता फोर्स के साथ पहुंचे। आरती को गोरखपुर के पिपराइच सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार उसके गले पर चाकू के गहरे घाव हैं। हाथ की नस भी कट गई है।

**एसपी ने परिजनों से की पूछताछः** एसपी धवल जायसवाल ने एएसपी रितेश कुमार सिंह व सीओ के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। महिला की ननद ने बताया कि आरती स्वभाव से ही बेहद गुस्सैल है। गुस्से में खुद पर उसका काबू नहीं रहता है। इसी सनक में उसने यह कदम उठा लिया। हालांकि, गांववाले यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि कोई गुस्से में अपने बच्चे की ही जान ले ले। इस संबंध में एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि सिंदुरिया विशुनपुर गांव में महिला ने अपने ही बच्चे की हत्या कर दी। परिजनों के अनुसार घरेलू विवाद के बाद उसने यह कदम उठाया था। उसने खुद को भी धारदार हथियार से वार कर जख्मी कर लिया है। अब तक जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार वह बेहद गुस्सैल है। पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

मंगलवार को सेवरही थाना क्षेत्र में खेत में बरामद हुआ था शव

# प्रेमिका ने भाई संग मिल कर की थी युवक की हत्या

## खुलासा

**सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पकड़ीहार पूरब पट्टी बाईपास मार्ग पर सड़क किनारे खेत से मिले दुदही निवासी युवक के शव को भाई-बहन ने मिलकर हत्या किये जाने के बाद फेंका था। युवक का महिला से प्रेम प्रसंग था एवं उसके भाई ने युवक से कर्ज लिया था। पैसे वापस न देने के लालच में भाई-बहन ने साजिश कर पहले उसे नशीला पदार्थ दिया एवं उसके बाद गला दबाकर मार डाला।

गुरूवार को सेवरही थाना परिसर में सीओ तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा ने बताया गया कि बीते मंगलवार को सेवरही थाना क्षेत्र के पकड़ीहार पूरब पट्टी बाईपास मार्ग (जिन बाबा स्थान-दमकला पुल मार्ग) के पास दुदही निवासी प्रभु ब्याहुत पुत्र संतोष ब्याहुत उम्र 38 वर्ष की मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किये जाने की पुष्टि हुई थी।

मृतक प्रभु के चाचा अशोक गुप्ता की तहरीर के आधार पर खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त करने के साथ ही घटना में लिप्त दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक



युवक की हत्या के आरोप में पकड़े गये भाई-बहन।

- **महिला से युवक का था प्रेम प्रसंग, घर बुलाकर दिया था नशीला पदार्थ**
- **बेहोश होने के बाद गला दबाकर मार डाला और सेवरही क्षेत्र में फेंका था शव**

पूछताछ की गई। इसमें आरोपी शर्मा प्रसाद पुत्र नथुनी प्रसाद निवासी बरिया पट्टी, थाना विशुनपुरा व मीना देवी पत्नी राजेश प्रसाद निवासी बैकुण्ठपुर कोठी, थाना विशुनपुरा भाई-बहन हैं। सीओ ने बताया कि मृतक प्रभु अपने पिता का इकलौता पुत्र था। दुदही रेलवे स्टेशन के पास उसके दो मकान थे, जिसमें एक मकान लगभग दस वर्ष पूर्व पैंतीस लाख में बेच दिया था। दूसरा मकान भी छह माह पूर्व बेच कर अपनी शादी शुदा प्रेमिका के साथ टैक्सी स्टैण्ड के पास किराये पर कमरा लेकर रहता था। प्रेमिका का पति गुजरात में रहकर मजदूरी का कार्य करता है। इस दौरान प्रभु अपनी सारी जमा पूंजी प्रेमिका पर खर्च करता था। महिला के भाई ने भी ई रिक्शा खरीदने के लिए उससे कर्ज लिया था। प्रभु महिला के भाई को दिये कर्ज को वापस मांग रहा था।

बीते 27 फरवरी को महिला ने अपने भाई को घर बुला लिया था। साजिश के तहत मृतक प्रभु के वहां पहुंचने पर पहले तो सभी ने एक साथ भोजन किया। भोजन के दौरान ही नशीला पदार्थ खिलाने से बेहोशी की हालत में पड़े प्रभु की गला दबा कर भाई-बहन ने हत्या कर दी।

# तीन गोवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**पटहेरवा** : हाईवे पर बुधवार की शाम पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप से तीन राशि गोवंश बरामद किया है, जिन्हें वध के लिए बिहार भेजा जा रहा था। पुलिस ने वाहन सवार दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

एसआइ अरविंद कुमार पुलिस कर्मियों के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि एक पिकअप आते दिखी, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो चालक गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने पकड़ लिया।

जांच की गई तो गोवंश रस्सी से बंधे पाए गए। पिकअप पर सवार सुनील व विनय गुप्ता निवासी गेनुआडीह थाना गोला गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# खराब न होने पाए सांप्रदायिक सद्भाव : डीएम

## किसी भी कीमत पर धार्मिक स्थलों के पास न बजने पाएं अश्लील गाने, नजर रखें थानेदार : एसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** डीएम रमेश रंजन ने कहा कि त्योहारों खासकर होली को लेकर किसी भी सूरत में सांप्रदायिक सद्भाव खराब न होने पाए। नशीले पदार्थों का एकत्रीकरण किसी दुकान और बाजार में न मिले, इस पर विशेष ध्यान रखा जाए। जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम को पूरी तरह से सक्रिय रखा जाए। वे गुरुवार की शाम छह बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

डीएम ने कहा कि किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था को हाथ में नहीं लिया जाना चाहिए।उकसाने व अफवाह फैलाने, गलत आडियो-वीडियो वायरल करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन वाली जगहों पर पानी की पर्याप्त उपलब्धता रहे। एंबुलेंस की भी व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। कहा कि डीजे मालिकों के साथ बैठक कर ध्वनि नियंत्रित कराने की व्यवस्था की जाए ताकि तेज आवाज के चलते असुविधा न हो। इसपर थानेदार ध्यान दें। एसपी धवल जायसवाल ने होलिका दहन स्थलों को चिह्नित किए जाने का निर्देश दिया। इन स्थलों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने को कहा। धार्मिक स्थलों के पास किसी भी कीमत पर अश्लील गाने न बजाए जाएं, नहीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, एडीएम देवीदयाल वर्मा, एएसपी अधीक्षक रितेश सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक उपमा पांडेय आदि उपस्थित रहे।



रवींद्र नगर धूस स्थित यातायात कार्यालय का लोकार्पण करते दाएं पहले डीएम रमेश रंजन व बाएं से तीसरे एसपी धवल जायसवाल● जागरण

### यातायात कार्यालय का उद्घाटन

**जासं, पडरौना:** जिला मुख्यालय रविंद्र नगर धूस में गुरुवार को यातायात कार्यालय का उद्घाटन जिलाधिकारी रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बेहतर कार्यों हेतु रविंद्र पाठक, गोविंद कुमार, सिंहासन प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, महेंद्र शर्मा व संतोष मिश्रा को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पडरौना महात्मा सिंह, सीओ सदर कुंदन सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

# छेड़खानी में हेड मास्टर को पांच वर्ष सश्रम कारावास

**जासं,पडरौना :** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय पाक्सो एक्ट कोर्ट ने गुरुवार को छेड़खानी के मामले में विद्वान न्यायाधीश अमित कुमार तिवारी ने रईश को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी सुनील मिश्र ने वादी की ओर से पैरवी करते हुए बताया कि 26 दिसंबर 2013 को दोपहर दो बजे रामपुर पट्टी में पढ़ने गई थी, जहां हेड मास्टर मु.रईश ने कक्षा दो की छात्रा को अपने कक्ष में बुलाया और छेड़खानी की। प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने यह फैसला सुनाया है।

# पुलिस ने ली बैंकों की सुरक्षा की जानकारी

समउर बाजार। स्थानीय बाजार स्थित बैंक और ग्राहक सेवा केंद्रों का पुलिस ने बृहस्पतिवार को निरीक्षण किया। इसमें पुलिस ने बैंक की सुरक्षा आदि के बारे में जानकारी ली और वहां मौजूद ग्राहकों से पूछताछ कर सुरक्षा के लिए जरूरी एहतियात बरतने के निर्देश दिए।

समउर चौकी इंचार्ज राजेश कुमार गौतम कहा कि किसी अनजान व्यक्ति से सहायता न लें। एटीएम से रुपये निकालते समय अनजान व्यक्ति को पिन कोड समेत अन्य गोपनीय जानकारी न बताएं।

इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के गगुआ बाजार, रामकोला चट्टी, रगडगंज आदि बाजार के ग्राहक सेवा केंद्रों की जांच कर संचालकों को जरूरी निर्देश दिए। संवाद

# बसडीला से लापता युवक मुंबई में मिला

**जासं, तुर्कपट्टी:** तुर्कपट्टी के बसडीला पांडेय चौराहा से लापता 22 वर्षीय युवक मुंबई में मिला है। रवि मंद बुद्धि है। वह अक्सर घर से कहीं चला जाता है। स्वजन उसे ढूंढ कर लाते हैं। बीते 28 जनवरी को गांव के चौराहे पर उसे देखा गया, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। उसकी तलाश में स्वजन काफी परेशान थे। इसी थाने के रूद्रवलिया निवासी राजमणि मुंबई में रहता है। वह बुधवार को रेलवे स्टेशन पर गया था। वहां के कुर्ला स्टेशन पर उसे मंद बुद्धि युवक बदहवास मिला। उसने गांव के प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र पांडेय को सूचना दिया और युवक का फोटो वाट्सएप पर भेजा। स्वजन रवि को लाने मुंबई रवाना हो गए हैं।

# गुलरिहा में चोरी की बाइक व तमंचा बरामद, तीन गिरफ्तार



खड्डा थाना परिसर में बरामद बाइक व पकड़े गए लिफ्टरों के साथ खड़ी पुलिस ● जागरण

**जासं, खड्डा:** थाने के गुलरिहा रेगुलेटर के पास गुरुवार पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक समेत अन्य सामान के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। दोपहर बाद एसएचओ अमित शर्मा के नेतृत्व में खड्डा पुलिस गुलरिहा रेगुलेटर पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी कि उसी दौरान एक ही बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखे, संदेह के आधार पर पुलिस उन्हें रोक पूछताछ करने लगी।

इस दौरान पता चला कि बाइक चोरी की है। तलाशी में चोरी का एक मोबाइल, 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। उनकी पहचान नरसिंह, अंगेश व हरिओम पासवान के रूप में हुई। तीनों नेबुआ नौरंगिया के रहने वाले हैं।

एसएचओ ने बताया कि तीनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। टीम में कांस्टेबल गौरव कुमार वर्मा, सचिन कुमार, श्रवण कुमार और शशिकेश गोस्वामी शामिल रहे।

# प्रधानाध्यापक को पांच साल का कारावास

**पडरौना।** बरवापट्टी थाना क्षेत्र के एक विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा दो की छात्रा से छेड़छाड़ एवं पॉक्सो एक्ट के मामले की बृहस्पतिवार को न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को छात्रा से छेड़छाड़ का दोषी पाया। उसे पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

वादी की तरफ से इस मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष सहायक शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि बरवापट्टी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी थी। उसने बताया था कि उनकी आठ साल की बेटी निकट के एक विद्यालय में कक्षा दो में पढ़ रही थी। 26 दिसंबर 2013 को उसकी पुत्री को विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने अपने कार्यालय में बुलाया और छेड़छाड़ की। बेटी ने घर पहुंचने पर इसकी जानकारी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### दस साल पहले विद्यालय में छात्रा से की थी छेड़खानी

### न्यायालय ने दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

तभी से यह मुकदमा चल रहा था। बृहस्पतिवार को इस मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट नंबर-एक अमित तिवारी के न्यायालय में हुई। न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान आरोपी प्रधानाध्यापक को दोषी पाया। संवाद

# चोरी की बाइक, तमंचा के साथ तीन गिरफ्तार

खड्डा। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तमंचा, कारतूस और तीन माह पूर्व चोरी हुई बाइक बरामद की गई है।

बृहस्पतिवार को दोपहर बाद खड्डा के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा पुलिस टीम के साथ एकडंगी गांव के पास मुख्य पश्चिमी गंडक नहर किनारे जांच कर रहे थे। तभी बाइक सवार तीन युवक आए।

पुलिस ने उनको रोककर जब वाहन का कागज दिखाने के लिए कहा तो वे आनाकानी करने लगे। संदिग्ध जानकर पुलिस ने युवकों की तलाशी ली तो उनके पास से तमंचा और एक कारतूस मिला।

पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की। उनकी पहचान नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सिरसिया निवासी नरसिंह, छपरा के अंगेश और पलट छपरा गांव के हरिओम के रूप में हुई। तीनों ने पुलिस को बताया कि नौ दिसंबर 2022 को उन लोगों ने नरकू छपवां गांव से बाइक चुराई थी। संवाद

# प्रेमजाल में फंसाया, पैसे लिए और घोट दिया गला

## सेवरही थाना क्षेत्र के पकड़ियारपूरब पट्टी का मामला, हत्या के बाद खेत में फेंका था युवक का शव

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीरोड/पिपराघाट।** सेवरही थाना क्षेत्र के पकड़ियारपूरब पट्टी गांव में प्रभु ब्याहुत की हत्या करके शव फेंकने के आरोप में पुलिस ने एक शादीशुदा युवती और उसके भाई को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, शादीशुदा युवती ने प्रभु ब्याहुत को पहले प्रेमजाल में फंसाया, फिर पैसे के लिए अपने भाई के साथ मिलकर उसका गला घोटकर जान ले ली।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि बैट्री रिक्शा खरीदने सहित अन्य कामों के लिए युवती ने रुपये लिए थे। सेवरही थाना क्षेत्र के पकड़ियार पूरबपट्टी में बीते मंगलवार को एक धार्मिक स्थान से कुछ दूर विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुदही निवासी प्रभु ब्याहुत (38) का शव मिला था।

### तीन थानों की पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर किया घटना का पर्दाफाश

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से प्रभु को पहले कोई नशीला पदार्थ पिलाने फिर उसका गला दबाने की जानकारी मिली। इस मामले में मृतक के चाचा अशोक की तहरीर पर पुलिस ने विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बैंकुंठपुर कोठी निवासी मीना पत्नी राजेश, उसके भाई बरवापट्टी कोईरी टोला निवासी शर्मा प्रसाद पुत्र नथुनी पर हत्या का मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

बुधवार की शाम पुलिस ने शादीशुदा युवती मीना और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मीना से प्रभु के प्रेम संबंध थे। प्रभु दुदही में किराए पर कमरा लेकर रहने लगे थे। अपने संबंधों का फायदा उठाकर युवती ने उनसे काफी रकम ऐंठ ली। अपने भाई के लिए बैट्री रिक्शा खरीदने के लिए भी एक लाख से ज्यादा पैसा रुपये ली थी।

उसी रकम को बार-बार प्रभु मांग रहे थे, जिससे आजिज आकर महिला ने भाई के साथ मिलकर वारदात की।

> शादीशुदा युवती और उसके भाई को युवक की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। प्रेम संबंध होने की वजह से प्रभु ने युवती पर पर काफी रकम खर्च कर दी। रुपये के लेनदेन को लेकर ही विवाद होने पर घटना को अंजाम दिया गया। - **धवल जायसवाल, एसपी**

# डीएम और एसपी ने यातायात कार्यालय का किया उद्घाटन



जिला मुख्यालय स्थित यातायात पुलिस कार्यालय का शुभारंभ करते डीएम रमेश रंजन और एसपी धवल जायसवाल। संवाद

**पडरौना।** जिला मुख्यालय स्थित यातायात कार्यालय का डीएम और एसपी ने बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया। इसके बाद बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को अधिकारियों ने सम्मानित किया।

डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि यातायात कार्यालय की स्थापना होने से यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन में पुलिस कर्मियों को सहूलियत होगी। इसके बाद अधिकारियों ने रविंद्र पाठक, गोविंद कुमार, सिंहासन प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, महेंद्र शर्मा, संतोष मिश्रा को सम्मानित किया। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-03-2023

# पशुओं के साथ क्रूरता पर होगी कार्रवाई

## मुर्गा को उल्टा लटका कर ले जाने पर सीज होगी बाइक, पशु व दुकानदार की जांच अनिवार्य

**जागरण संवाददाता, नौतनवा** : थाना सभागार में गुरुवार को एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मीट विक्रेताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें पीपल फार एनिमल्स पब्लिक पालिसी फाउंडेशन की सुरभि त्रिपाठी ने खाद्य सुरक्षा के नियम, पशुओं के कल्याण व पशु क्रूरता के नियमों से अवगत कराते हुए अनुपालन का सुझाव दिया। कहा कि पशुओं के साथ क्रूरता करने पर कार्रवाई होगी।



नौतनवा थाना सभागार में मीट विक्रेताओं के साथ बैठक करती पीपल फार एनिमल्स पब्लिक पालिसी फाउंडेशन की सुरभि त्रिपाठी • जागरण

उन्होंने बताया कि मुर्गियों को मोटरसाइकिल पर उल्टा लटकाकर ले जाना पशु क्रूरता है। इसमें गाड़ी व मुर्गे दोनों को सीज करने का प्रविधान है। तीन माह से कम आयु वाले पशु को काटना कानूनन अपराध है। धर्म स्थल, स्कूल व कस्बे से 150 मीटर दूरी पर दुकान व मुर्गी फार्म खोलने का नियम है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मीट शाप से दूर रखना है। बच्चों को मांस व्यापार में न लगाएं। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि पशु क्रूरता और सामान्य हिंसा के बीच प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष संबंध है। पशुओं के साथ विभिन्न प्रकार की क्रूरता करने वाले व्यक्तियों खासकर बच्चों व किशोरों में हिंसात्मक प्रवृत्ति का विकास होता है, जो बाद में अपराध में बदल जाता है। पशु के साथ ही दुकानदार की भी जांच अनिवार्य है। दुकान में काला शीशा व पर्दा लगा रहना चाहिए। पशु के खून को नाली व अवशेष को इधर-उधर नहीं फेंकना है। इसको गड्ढे में ढंकना है। मांस को गीले कपड़े से नहीं ढंकना है, इसके लिए डीपफ्रीजर रखना है। किसी भी गर्भवती और रोगी पशु का वध नहीं होना चाहिए। जीवित पशु के सामने किसी पशु को नहीं काटना है। दुकानों में हर समय चारा-पानी की सुविधा उपलब्ध रखनी है। जब तक पशु जीवित है, मानवता दिखाएं। उपजिलाधिकारी नौतनवा ने कहा कि पशुओं के परिवहन में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के प्रविधान का पालन करें। मीट शाप आबादी से बाहर स्थापित करें। पशुओं के अवशेष का सुरक्षित तरीके से भूमिगत निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी मीट विक्रेताओं को मांस व्यापार के लिए नियमानुसार आवेदन कर लाइसेंस लेने के लिए भी कहा। सहायक आयुक्त खाद विभाग बृजेंद्र शर्मा ने कहा कि मांस के दुकानदार अपना लाइसेंस बनवा लें और नियमों का पालन करते हुए दुकान संचालित करें। इस दौरान उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार गिरी, फूड इंस्पेक्टर अमित पांडेय, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सरोज आदि मौजूद रहे।

# सोनबरसा कांड : तीन बार हो चुका समझौता, अब खून-खराबे की नौबत





कोल्हुई क्षेत्र के सोनबरसा गांव में पसरा सन्नाटा और गश्त करते पुलिस कर्मी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

### दस वर्षों से चल रही है दो पक्षों में तनातनी, गांव में पुलिस कर्मी किए तैनात

**फरेंदा/कोल्हुई।** थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट की नींव दस वर्ष पहले पड़ गई थी। पोखरी के पट्टा व ग्राम प्रधान के चुनाव के बाद विवाद और बढ़ गया।

दोनों पक्षों के बीच पुलिस तीन बार समझौता भी करा चुकी थी। इसके बाद भी तनातनी कम नहीं हुई। मंगलवार की घटना इसी का परिणाम है। उस दिन पोखरी से मिट्टी निकालने पर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और धारदार हथियार से दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया।

इसके बाद से गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गांव में लगातार गश्त कर रही है।

कोल्हुई थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में मंगलवार की रात में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों से सात लोग घायल हुए थे। मामला दो समुदाय के बीच का होने के कारण पुलिस ने भी घटना को गंभीरता से लिया। दूसरे पक्ष के 26 लोगों पर बलवा समेत सात गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए 14 लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के लोगों की ग्राम प्रधान के चुनाव में विशेष भूमिका रहती है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र ने बताया कि गांव का माहौल अब पूरी तरह से शांत है। होली का त्योहार नजदीक होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की तैनाती की गई है।

# 'लंबित मामलों का करें तुरंत निस्तारण'

**महराजगंज।** राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लंबित मामलों का निस्तारण त्वरित रूप से करें। इसमें मानकों का ख्याल रखा जाए। ये निर्देश डीएम सत्येंद्र कुमार ने बृहस्पतिवार को सदर तहसील के निरीक्षण के दौरान दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भूमि व कानूनी प्रक्रिया से संबंधित मामलों को तीव्र गति से हल करने का कार्य करें।

संग्रह अभिलेखागार, तहसीलदार न्यायालय और आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के रिकॉर्ड सहित विभिन्न फाइलों के रखरखाव पर संतोष जताया। पट्टों की नीलामी से जुड़ी फाइलों का निरीक्षण करते हुए प्राप्त राजस्व के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी मो. जसीम, राजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपित को जेल

परसामलिक : दुष्कर्म, एससीएसटी व पाक्सो एक्ट के वांछित आरोपित विजयलाल को पुलिस ने असुरैना तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। वह क्षेत्र के गांव लुढहवा टोला घोड़हवा का रहने वाला है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वहां से उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 03-03-2023

## विद्यालय से निकलते ही छात्र की पिटाई, मुकदमा

**बस्ती।** विद्यालय से निकलकर वाहन पर बैठने जा रहे छात्र की कुछ लोगों ने जमकर पिटाई कर दिया जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। मामले में घायल छात्र के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के सावित्री विद्या विहार में पढ़ने वाले छात्र अंकित सिंह को कुछ लोगो ने मिलकर उस समय पिटाई कर दिया जब वह विद्यालय बन्द होने के बाद अपने वाहन में बैठने के लिए आ रहा था। पिटाई से अंकित सिंह गम्भीर रूप से जख्मी होकर बेहोश हो गये। मामले में पीड़ित के पिता धर्मेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी अमर डोभा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मनीष दूबे पुत्र राजीव निवासी सोनूपार थाना कोतवाली, रूपेश पुत्र गोपाल धर दूबे, वैभव सिंह पुत्र संजय सिंह तथा पांच अज्ञात लड़को के विरूद्ध धारा 147, 308 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## बहला फुसला कर किशोरी को भगाया, दो पर केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को आरोपी अभिषेक कुमार अपनी मां अनार कली की मदद से बहला फुसला कर भगा ले गया। जिसके बारे में पूछने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार पुत्र राजेश, अनार कली पत्नी राजेश निवासीगण सोनबरसा थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 363, 366, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## शादी का झांसा देकर किशोरी को भगाया, मुकदमा

**बस्ती।** एक किशोरी को शादी का झांसा देकर आरोपी बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। मामले में लड़की के पिता शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर आरोपी विशाल शर्मा बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल शर्मा पुत्र रामबहाल निवासी गायसात थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# छेड़खानी तथा मारपीट के मामले में दो पर मुकदमा

**बस्ती।** पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला के साथ छेड़खानी करते हुए उसे व उसके परिवार को मारा पीटा गया तथा पेट में पैर से मारने पर महिला को गर्भपात भी हो गया। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर रेवटी गांव की रहने वाली निशा सिंह गेट के पास अपने बच्चे को खाना खिला रही थी। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी कृष्ण नरायण सिंह आये और निशा सिंह को गालियां देते हुए हाथ पकड़कर बदसलूकी की। जेठानी नीलम सिंह द्वारा बीच-बचाव करने लगी तो उनके साथ भी मारपीट करते हुए बदसलूकी की गयी। विपक्षीगण कृष्ण नरायण सिंह अपने साथियों के साथ पुनः शाम को अचानक अपने चार पहिया वाहन से आये और गाड़ी से निकलते ही निशा सिंह से मारपीट कर पैर से पेट में मार दिया जिससे निशा सिंह का गर्भपात हो गया। इस सम्बन्ध में पीड़िता निशा सिंह पत्नी रवि प्रताप सिंह निवासी रामपुर रेवटी थाना मुण्डेरवा ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले में न्यायालय के आदेश पर आरोपी कृष्ण नरायण सिंह पुत्र रामचन्दर सिंह निवासी जंगल कौड़िया थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर तथा राजेन्द्र सिंह निवासी रामपुर रेवटी थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 147, 148, 354, 313, 316, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आगामी त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

**रुधौली।** आगामी होली त्योहार व सब-ए-बरात को शांति पूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत वाल्टरगंज थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव द्वारा थाना क्षेत्र के जमदाशाही चौराहा पड़िया खास , परसा लालशाही सहित अन्य चौराहों पर रुककर लोगों से शान्ति एवं सौहार्द पूर्वक आगामी त्योहार को मनाने का अपील किया । थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब पीकर होली ना खेले और किसी को इच्छा के विरुद्ध जबरन रंग अबीर ना लगाएं भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं और हर पल आपकी शुरक्षा व्यवस्था में पुलिस आपके साथ है और किसी के द्वारा शान्ति भंग करने की शिकायत मिलने पर पुलिस को सूचित करें। दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## शादी का झांसा देकर बनाया शारीरिक सम्बन्ध, केस

**बस्ती ।** शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ आरोपी ने पिछले कई माह से शारीरिक सम्बन्ध बनाया। शादी करने के लिए कहने पर पीड़िता की पिटाई की गयी। मुण्डेरवा थाने पर तहरीर देकर एक युवती ने बताया कि आरोपी अमित कुमार शादी का झांसा देकर उसके साथ पिछले 6-7 माह से शारीरिक सम्बन्ध बना रहा था। शादी करने की बात कहने पर उसे जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा। मामले में पुलिस ने आरोपी अमित कुमार पुत्र हरिशचन्द्र निवासी मंगेरा चंगेरा थाना कोतवाली खलीलीबाद जनपद संतकबीरनगर के विरूद्ध धारा 376, 323 आईपीसी व 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## दहेज कम मिलने पर विवाहिता को पीटा, एफआईआर

**बस्ती ।** दहेज कम मिलने पर विवाहिता को उसके पति तथा ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा गालियां देते हुए मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। महिला थाने पर पहुंचकर विवाहिता लक्ष्मी देवी ने बताया कि कम दहेज मिलने पर उसके पति तथा परिवार के अन्य लोगो द्वारा उसे प्रताड़ित करते हुए मारा पीटा व गालियां तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी पति संजय कुमार पुत्र राम स्वरूप, ससुर राम स्वरूप पुत्र प्रभु, सास केसरा देवी पत्नी रामस्वरूप, जेठ रोहित कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासीगण डूड़ी कैथोलिया थाना दुबौलिया के विरूद्ध धारा 498ए, 323 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## गन्ने का पैसा हड़पा, मुकदमा

**बस्ती ।**अपने क्रेशर पर गन्ना गिरवाने के बाद आरोपी गन्ना किसान का पैसा हड़प लिया। लालगंज थाना क्षेत्र के भुवनी गांव स्थित राम किशुन का गन्ना आरोपी रहमतुल्ला अपने क्रेशर पर गिरवा लिया। जिसका एक लाख अड़तीस हजार छः सौ रुपये हड़प लिया। मामले में पीड़ित रामकिशुन पुत्र रामअचल निवासी खरवनिया थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रहमतुल्ला पुत्र अब्दुल रउफ निवासी भुवनी थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 406 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एएसपी ने थाने का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

रुधौली (एसएनबी)। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा रुधौली थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक को थाने के गार्द द्वारा सलामी दी गई और सलामी लेने के पश्चात थाना भवन, मालखाना, शस्त्र एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया और सभी शस्त्रों का मिलान किया गया तथा उनका बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा उनके खोलने जोड़ने का अभ्यास कराया गया। थाना स्थानीय पर उपस्थित समस्त ग्राम प्रहरी की मीटिंग की गई एवं उसके पश्चात थाने के समस्त हल्का प्रभारी एवं समस्त बीट पुलिस अधिकारी के साथ मीटिंग की गई एवं उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा निरीक्षण के दौरान थाना की साफ सफाई की व्यवस्था को देखकर अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की प्रशंसा किया।



बस्ती : रुधौली थाने का निरीक्षण करते एएसपी। फोटो : एसएनबी

**थाना पुरानी बस्ती का सीओ ने किया निरीक्षण :** क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद द्वारा थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह की उपस्थिति में थाना पुरानी बस्ती का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। थाना पुरानी बस्ती के निरिक्षण के क्रम मे सलामी गार्द का निरीक्षण किया गया और क्षेत्राधिकारी द्वारा गार्ड कमाण्डर व पूरी गार्द की सराहना की गई।

थाना पुरानी बस्ती के निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, बैरक , मेस, शौचालय आदि की साफ-सफाई को चेक किया गया। थाने में रखें असलहो का अभिलेखों के अनुसार मिलान किया गया । थाना कार्यालय मे रखे सभी अभिलेखों व रजिस्टरों को चेक किया गया।

थाना के माल खाना ,हवालात का निरीक्षण व थाने में जमा असलहो के रखरखाव को भी चेक किया गया। थाने पर पंजीकृत मुकदमा मे जब्त किए गए वाहनोंके रख-रखाव को चेक किया गया । थाने के सभी उपनिरीक्षक गण के साथ अर्दली रूम का आयोजन कर उनके द्वारा प्रचलित विवेचनाओं के गुण-दोषो के बारे मे जानकारी कर जल्द से जल्द उनको निस्तारण करने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। थाने के सभी बीपीओ की मीटिंग कर उनके बीट बुक को चेक किया गया । तत्कालिक त्यौहार के बारे मे भी जानकारी लेकर उसपर उचित कार्यवाही करें।

# कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। लालगंज थाने के घुसनाखोर निवासी पप्पू चौहान ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि यूनियन बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र शाखा बघाड़ी के संचालक अमितधर द्विवेदी को बैंक में जमा करने के लिए 45 हजार रुपया दिया। इसकी जमा पर्ची भी दी गई। पैसा निकालने लगया तो पता चला कि खाते में रुपया जमा ही नहीं हुआ है।

# किशोरी को फुसला कर भगा ले गया, केस

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के एक मामले में मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में बताया गया है कि इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला अभिषेक कुमार अपनी मां के सहयोग से उसे भगा ले गया। जब किशोरी के परिवार के लोगों ने उसकी मां से पूछा तो वह जान से मारने की धमकी देने लगी। पुलिस ने केस दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

# फेसबुक चैटिंग के विवाद में मारपीट, तीन पर केस

**बस्ती** । फेसबुक चैटिंग के विवाद को लेकर कुछ लोगो ने भाईयों को गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाना क्षेत्र के कांटेखैरा गांव में फेसबुक चैटिंग के विवाद में अजीत पाण्डेय तथा उसके दो भाई पवन व अंकित को आरोपी वीरेन्द्र चौधरी, सत्येन्द्र व रामकैलाश ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा जिससे अजीत पाण्डेय का दांत टूट गया। मामले में पीड़ित अजीत पाण्डेय पुत्र हरिशंकर निवासी काटेखैरा थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वीरेन्द्र चौधरी उर्फ बब्लू, सत्येन्द्र चौधरी पुत्रगण रामकैलाश, रामकैलाश पुत्र गुरई निवासीगण सकतपुर थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 325 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# घर में घुसकर सास बहू की पिटाई, दो पर मुकदमा

**बस्ती** । मामूली विवाद में कुछ लोगो ने घर में घुसकर एक महिला व उसकी बहू की जमकर पिटाई किया तथा जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाना क्षेत्र के करमहिया गांव में मामूली विवाद की बात को लेकर कमलावती देवी के घर में घुसकर आरोपी काजू तथा विक्की कमलावती देवी तथा उनकी बहू सेहा को जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता कमलावती देवी पत्नी जगजीवन निवासिनी करमहिया थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी काजू उपाध्याय पुत्र जोखन उपाध्याय, विक्की पुत्र काजू उपधिया निवासीगण करमहिया थाना रुधौली के विरूद्ध धारा 323, 504, 452, 506 आईपीसी एवं 3(1)द, 3(1)ध , 3(2)(वीए) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# धोखाधड़ी कर खाते से पैसे उड़ाया, केस

**बस्ती** । कोरियर रिसीव करने के नाम पर पेटीएम से पैसे ट्रान्सफर करने के लिए कहकर एक युवती के खाते से हजारो रूपये की धोखाधड़ी कर ली गयी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पीड़िता आयुषी यादव ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक नम्बर से फोन आया और कोरियर को रिसीव करने के लिए पेटीएम से एक रूपये ट्रान्सफर करने के लिए कहा गया। जिसके कुछ देर बाद उसके खाते से 99912 रूपये काट लिये गये। मामले में खाता धारक आयुषी यादव निवासी ए-16 (2) आलीशा नगर सेक्टर -1 जानकीपुरम लखनऊ की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 420 आईपीसी एव 66 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एण्टी रोमियों की पहल : मनचलों पर कसा शिकंजा

**बस्ती** । एन्टी रोमियो स्क्वायड टीम प्रभारी उपनिरीक्षक किरण भास्कर, महिला का. शिल्पा मिश्रा, का. श्वेता सरोज, महिला का. एकता सिंह के द्वारा थाना नगर क्षेत्र के अन्तर्गत पक्षी बिहार , स्कूलों के आस-पास व कस्बा मे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग किया गया साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन) फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गयी। साथ ही विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए इनसे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्पलाइन नम्बर के बारे मे बताते हुए जागरूक कर हेल्पलाइन नम्बर तथा सीयूजी नंबर पर संपर्क करने हेतु बताया गया साथ ही अनावश्यक रूप से घूम रहे करीब 35 व्यक्तियों से पूछताछ कर 13 मनचलों से माफीनामा भरवाया गया व शेष को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया।

# लड़की भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** बहला फुसलाकर लड़की को भगा ले जाने के आरोप में वांछित अभियुक्त को लालगंज थाने की पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसे विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया है।

थाना लालगंज के उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार अपनी पुलिस टीम मुख्य आरक्षी अवधेश कुमार, आरक्षी सत्यपाल यादव व महिला आरक्षी अनीता यादव के थाना लालगंज पर पंजीकृत धारा 363, 366 आईपीसी से सम्बन्धित पीड़िता को बरामद कर वांछित अभियुक्त विशाल शर्मा पुत्र राम बहाल निवासी गायसाथ थाना सोनहा को 12 बजे दिन में जनता इण्टर कालेज बारीघाट लालगंज के गेट पर गिरफ्तार किया गया। जिसे थाने से विधिक कार्यवाही पूर्ण कराते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

एक अन्य जानकारी के अनुसार मुण्डेरवा थाने में पंजीकृत धारा 363, 366 आईपीसी से संबंधित आरोपी घमण्डी पुत्र संते ग्राम भरवलिया थाना मुण्डेरवा को थाना क्षेत्र के पूर्वांचल डिग्री कालेज के सामने से उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र मिश्र, मुख्य आरक्षी राजेश यादव, आरक्षी मनोज कुमार थाना मुण्डेरवा की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। जिसे अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय बस्ती रवाना किया गया है।

# तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बस्ती (एसएनबी)।** दोस्त के घर से खाना खाकर लौट रहे एक युवक को डण्डे लाठी से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर देने के आरोप में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को मुण्डेरवा पुलिस की प्रभावी कार्यवाही के दौरान थाना क्षेत्र के एक स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है।

गुरूवार को मुण्डेरवा थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि धारा 147, 323, 325, 342, 307, 504 आईपीसी से संबंधित तीनों आरोपी थाना क्षेत्र के अहरा में देखे गये है। प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा अरविन्द कुमार शाही ने तत्काल निरीक्षक विजय कुमार, उप निरीक्षक विरेन्द्र मल्ल, मुख्य आरक्षी दयाराम यादव, हनुमान यादव थाना मुण्डेरवा के साथ अभियुक्त रामकिशुन पुत्र झिनक, प्रदीप कुमार पुत्र रामकिशुन निवासीगण उमरी अहरा थाना मुण्ड़ेरवा तथा गनेश पुत्र बहरैची निवासी लगडाबार थाना बखिरा जनपद संतकबीर को अहरा मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस ने बताया कि चन्द्रशेखर पुत्र राम उग्रह निवासी अहरा थाना मुण्डेरवा का अजय अग्रहरी से अच्छा ताल मेल व सम्बन्ध था। चन्द्रशेखर का आरोपी गण रामकिशुन आदि से पुराना जमीनी विवाद चल रहा था । अजय अग्रहरी कोर्ट कचहरी व अन्य जगहो पर चन्द्र शेखर की मदद करते थे जिसके कारण अन्दरूनी रूप से आरोपीगण ईर्ष्या रखते । गत एक मार्चकी रात्रि 10.30 बजे अजय अग्रहरी चन्द्रशेखर के यहाँ से खाना खाकर लौट रहे थे तभी अकेला पाकर आरोपी गण द्वारा एक राय होकर लाठी डण्डे से हत्या करने की नियत से अजय अग्रहरि पर प्रहार कर दिये । जब वह बुरी तरह से घायल हो गये तब उन्हे अपने ही घर के एक कमरे में आरोपी द्वारा बन्द कर लिया गया । दूरभाष सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुँची तथा घायल अवस्था में इलाज हेतु भेजा गया। जहाँ उनका इलाज चल रहा है ।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला गिरफ्तार

■ **बस्ती।**

**सहारा न्यूज ब्यूरो।**

शादी का झांसा देकर किशोरी से शारीरिक सम्बन्ध बनाने तथा शादी करने के लिए कहने पर पीड़िता की पिटाई करने के मामले में वांछित अभियुक्त को मुण्डेरवा पुलिस ने गुरुवार को थानाक्षेत्र के एक स्थान से गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही किया है।

जानकारी के अनुसार मुण्डेरवा थाना में पंजीकृत धारा 376, 323 आईपीसी व 3 (2) (5) एससी एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अमित कुमार पुत्र हरिशचन्द्र निवासी ग्राम मंगेरा चंगेरा थाना कोतवाली जनपद संतकबीर नगर को थाना क्षेत्र के गोदमवा मोड़ से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। थानाध्यक्ष मुण्डेरवा ने बताया कि एक युवती ने थाने पर लिखित तहरीर देकर यह आरोप लगाया था कि आरोपी अमित कुमार उसके साथ पिछले कई माह से शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाता था। लेकिन शादी करने की बात आयी तो टाल मटोला करने लगा। जिसका विरोध करने पर लड़की को जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा गया था। इस सम्बन्ध में आरोपी अमित कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद आज गिरफ्तार कर लिया गया है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार सरोज, मुख्य आरक्षी राम अचल गौतम थाना मुण्डेरवा शामिल रहे।

# मिलावटखोरों पर प्रशासन सख्त, दुकानों पर छापेमारी

**हर्रैया (एसएनबी)।** होली त्यौहार के मद्देनजर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर मिलावटखोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को उपजिलाधिकारी गुलाब चन्द्र के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम ने कस्बे के मिठाई की दुकानों पर छापेमारी कर नमूना लिया। छापेमारी की सूचना पर कई दुकानदार दुकान बंद कर भाग निकले।

उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक भानु प्रताप सिंह, धनंजय सिंह, दिनेश चौधरी, गीता तिवारी, मुकेश श्रीवास्तव, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय राव, थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह सहित पूरी टीम जगदीश एवं हनुमान स्वीट्स हाउस पर पहुंची। छापेमारी की सूचना मिलते ही कस्बे के कई दुकानदार सटर बंद कर रफू चक्कर हो गए। उक्त दोनो दुकानों से टीम ने नमूना लिया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार में मिलावटी सामान दुकानदारों द्वारा बेंचे जाते है जिससे जनता को समस्या का सामना करना पडता है। त्यौहार में अधिक मुनाफा कमाने के लिए दुकानदार ऐसा करते है। एसडीएम ने कहा कि किसी भी दशा में मिलावटी सामान बिकने नही दिया जाएगा। जो भी दुकानदार मिलावटी सामान बेंचते हुए पकडा जाएगा। उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई होगी। प्रशासन के इस कार्रवाई से दुकानदारों में हडकम्प मचा हुआ है। अब देखना यह है कि प्रशासन कार्रवाई लगातार जारी रखता है या खानापूर्ति कर चुप्पी साध लेता है।



एक स्वीट्स हाउस पर छापेमारी करने पहुंचे एसडीएम। फोटो : एसएनबी

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

- मुंडेरवा पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज किया केस
- संतकबीरनगर के रहने वाले आरोपी को गोदमवा मोड़ से दबोचा




**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर युवती ने मारने-पीटने का भी आरोप लगाया है। बाद में युवक ने शादी करने से भी इंकार कर दिया। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि संतकबीरनगर खलीलाबाद का रहने वाला अमित कुमार उनके संपर्क में आया। आरोप है कि उसने शादी करने का झांसा दिया। करीब छह-सात माह से उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसका विरोध करने पर मारपीट भी करता। बाद में शादी करने से भी मुकर गया। जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित भी किया। मुंडेरवा पुलिस ने तहरीर के आधार पर आईपीसी की धारा 376, 323 व एसएसी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर लिया और घटना की विवेचना सीओ रुधौली प्रीति खरवार को सौंपी गई। गुरुवार को एसआई वीरेन्द्र कुमार सरोज व हेड कांस्टेबल रामअचल ने आरोपी अमित को गोदमवा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

## किशोरी को अगवा करने के दो आरोपी चढ़े हत्थे

**बस्ती।** मुंडेरवा व लालगंज पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मुंडेरवा अरविन्द शाही ने बताया कि एसआई दिनेश चन्द्र मिश्र की टीम ने किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी घमण्डी को पूर्वांचल डिग्री कॉलेज के पास से गुरुवार को दिन में गिरफ्तार कर लिया। वहीं थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह ने बताया कि किशोरी को बरामद कर उसे भगाने के आरोपी सोनहा थाना क्षेत्र निवासी विशाल शर्मा को जनता इंटर कालेज बारीघाट लालगंज बस्ती के गेट से गिरफ्तार किया गया।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार पर केस

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में चार ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। पीड़िता लक्ष्मी देवी निवासी डूड़ी कैथोलिया थाना दुबौलिया ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पति संजय, ससुर राम स्वरूप, सास केसरा देवी व जेठ रोहित कुमार ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर प्रताड़ित किया। थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय ने केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# अधीक्षक कार्यालय पर डाक सेवकों ने दिया धरना

बस्ती, निज संवाददाता। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा संघ के बस्ती मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को डाक अधीक्षक कार्यालय बस्ती पर धरना दिया।

- सरकार को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र डाक अधीक्षक को सौंपा
- मांगें न मानने पर 15 व 16 मार्च को हड़ताल करने की दी चेतावनी

भारत सरकार को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र डाक अधीक्षक को सौंपा। इसके माध्यम से अतिरिक्त वेतन वृद्धि, बीमा, ग्रेच्युटी और चिकित्सा प्रदान करने की मांग की गई है। चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो उनका संगठन 16व17 मार्च को केंद्रीय नेतृत्व की अगुवाई में हड़ताल करेगा। संघ के मंडलीय सचिव चंद्र प्रकाश दूबे, अध्यक्ष सहदेव दुबे व अन्य ने कहा कि निदेशालय में खाता खोलने का अव्यवहारिक लक्ष्य देना बंद किया जाए। ग्रामीण डाक सेवक के स्थान पर स्थानापन्न व्यवस्था की अनुमति देने की मांग की। इस दौरान राम सुभग वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, ब्रम्हदेव यादव, राम चंद्र यादव, अनिल कुमार, रामचंद्र व अन्य ग्रामीण डाक सेवक मौजूद रहे।

# व्यापारी को गांव में घेरकर मारापीटा, तीन गिरफ्तार

मुंडेरवा (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के उमरी अहरा में बुधवार रात को मुंडेरवा कस्बे के एक व्यापारी पर पुरानी रंजिश को कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। मारपीट में व्यापारी के हाथ और पैर में काफी चोटें लगी हैं। नगदी के अलावा चेन व अंगूठी लूटने का भी आरोप है। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

घायल किराना व्यापारी अजय अग्रहरि के बेटे आनंद अग्रहरि ने तहरीर देकर बताया है कि बुधवार को रात करीब आठ बजे उनके पिता इसी थाने के उमरी अहरा में चंद्रशेखर पुत्र राम उग्रह के घर पर टाइल्स लगाने के लिए मिस्त्री से बात करने बाइक से गए थे। वहीं पर बात करने एवं खाना खाने में रात के दस बजे गए। आरोप है कि वहां से बाइक से निकलते ही रामकिशुन के घर के सामने रामकिशुन, प्रदीप, बृजेंद्र, शिवाजी व रामकिशुन के दामाद ने मिलकर उन्हें रोक लिया। लाठी डंडे से मारने लगे। आरोप है कि मारते हुए घसीट कर घर में उठा ले गए। जेब में रखे 10 हजार रुपये एवं सोने की चेन व अंगूठी भी छीन लिया गया। पुलिस ने शिकायत के मुकदमा दर्ज कर लिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल को अस्पताल भेजा।

# छेड़खानी व गर्भपात के आरोप में केस

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी, गर्भपात व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी कृष्ण नारायण ने 13 मार्च 2022 को जब वह घर के गेट पर बच्चे को खाना खिला रही थी, तब आकर अपशब्द कहते हुए हाथ पकड़कर बदसलूकी की। जेठानी बचाव में आई तो मारपीट की। फिर 19 दिसंबर 2022 की शाम पांच-छह लोगों के साथ आए मारपीट की। पेट में पैर से मारने के कारण गर्भपात हो गया। पुलिस ने गोरखपुर के पीपीगंज निवासी कृष्ण नारायण सिंह व मुंडेरवा थाना क्षेत्र के राजेन्द्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अनुमान :** शुक्रवार को मौसम सुहाना रहेगा। दिन में चटख धूप होगी। दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब रहेगा।

# पूर्व एमएलसी के बेटे ने किया डेढ़ करोड़ हड़पने का केस

## कार्रवाई

- पूर्व एमएलसी मनीष जायसवाल के बेटे ने दर्ज कराया है मुकदमा
- एक करोड़ 44 लाख रुपये हड़पने का है आरोप जांच में जुटी पुलिस

बस्ती, निज संवाददाता। पूर्व एमएलसी के बेटे ने धोखाधड़ी कर करीब डेढ़ करोड़ रुपये हड़पने का आरोप एक फर्म पर लगाया है। पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर इशान्त माईन्स के विजय सिंह बैसला निवासी कोठी संख्या 45/46 सेक्टर 31, फरीदाबाद हरियाणा के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर तफ्तीश शुरू कर दी गई है।

पुरानी बस्ती के मरवटिया निवासी व पूर्व एमएलसी मनीष जायसवाल के बेटे सुयश जायसवाल ने तहरीर में आरोप लगाया है कि विपक्षी ने धोखा देने के मकसद से बालू खरीदने की बात की। उसके झांसे में आकर 20 नवंबर 2020 से 19 दिसंबर 2020 के बीच कुल 973 ट्रक से करीब 15228 घनमीटर बालू की सप्लाई की, जिसकी रायल्टी व जीएसटी सरकारी खाते में जमा करते थे। बालू की कीमत एक करोड़ 44 लाख 75 हजार 510 रुपया हो गई, जिसका बिल विजय सिंह बैसला को दिया। आरोप है कि बिल का भुगतान करने के लिए कहने पर वह टालमटोल करने लगा। इसके बाद उसने फर्जी समझौता पत्र पर उनके हस्ताक्षर बना लिया और बकाया धनराशि को हड़प लेने के मकसद से कूटरचित व फर्जी दस्तावेज तैयार करा लिया। पुलिस ने आरोपी विजय सिंह बैसला के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420, 467, 468, 471 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फेसबुक पर चैटिंग के विवाद को लेकर मारपीट

**बस्ती:** सोनहा पुलिस क्षेत्र के कांटे खैरा गांव में फेसबुक पर चैटिंग करने को लेकर हुए हुए मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के कांटेखैरा गांव निवासी अजीत पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि विपक्षियों ने फेसबुक चैटिंग के विवाद को लेकर उन्हें, उनके भाई पवन व अंकित को मारापीटा, जिससे उनका दांत टूट गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। (जासं)

# गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित किशोर गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : परीक्षा देकर घर लौट रहे बाइक सवार छात्र लालगंज थाने के पाकरडाड़ निवासी 17 वर्षीय बेलाल की पत्थर मारने से हुई मौत के मामले में वांछित किशोर को लालगंज पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। बुधवार की शाम को बेलाल का शव उसके घर पहुंचने पर लालगंज पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज लोगों ने बस्ती-महुली मार्ग पर जाम लगा दिया था।

लालगंज थाने के पाकरडाड़ निवासी बेलाल पुत्र इकबाल 21 फरवरी को मित्र राज सोनी तथा शिवम के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर लालगंज के रामनरेश इंटर कालेज से हाईस्कूल की परीक्षा देकर घर लौट रहा था। इसी बीच बारीघाट के पास कुछ लोगों ने उसे पत्थर फेंक कर मारा। पत्थर बेलाल के सिर में लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

साथी उसे पीएचसी बनकटी ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में वहां से उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। मामले में बेलाल के बड़े पिता मो. नासिर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

मंगलवार की देररात मेडिकल कालेज में बेलाल की मौत हो गई। बुधवार की शाम पांच बजे जैसे ही उसका शव पाकरडाड़ पहुंचा, गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया।

लोगों का आरोप था कि पुलिस ने मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। बाद में सीओ के मनाने पर लोग माने और जाम खत्म किया।

# व्यवसायी पर हमले में तीन गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, मुंडेरवा, बस्ती:** मुंडेरवा कस्बा निवासी व्यवसायी अजय अग्रहरि पर बुधवार की रात कुछ लोगों द्वारा किए गए जानलेवा हमले में मामले में तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें गुरुवार को थाना क्षेत्र के अहरा मोड़ से दिन में 3.20 बजे के करीब गिरफ्तार किया गया।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही ने बताया कि चंद्रशेखर निवासी अहरा थाना मुंडेरवा का व्यवसायी अजय अग्रहरी से अच्छा ताल मेल व संबंध था। जबकि चंद्रशेखर का आरोपित प्रदीप, रामकिशुन आदि से पुराना भूमि विवाद चल रहा था। अजय अग्रहरी कोर्ट कचहरी व अन्य जगहों पर चंद्रशेखर की मदद करते थे, जिसके कारण आरोपित उनसे ईर्ष्या रखते थे। पहली मार्च की रात 10.30 बजे अजय अग्रहरी, चंद्रशेखर के घर से खाना खाकर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में अकेला पाकर आरोपितों ने उन पर लाठी- डंडे से जानलेवा हमला किया। जब वह बुरी तरह से घायल हो गए तब उन्हें अपने ही घर के एक कमरे में आरोपितों द्वारा बंद कर दिया गया। फोन पर मिली सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद गुरुवार को दोपहर बाद तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें रामकिशुन, उनका बेटा प्रदीप कुमार निवासी उमरी अहरा थाना मुंडेरवा व गनेश निवासी लगडाबर थाना बखिरा जनपद संत कबीरनगर शामिल है। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मुंडेरवा के अलावा निरीक्षक विजय कुमार, उप निरीक्षक विरेंद्र मल्ल, हेड कां. दयाराम यादव, हनुमान यादव शामिल थे।

**मुंडेरवा थाना क्षेत्र के उमरी अहरा गांव के पास की घटना, चंद्रशेखर का आरोपित प्रदीप, रामकिशुन से भूमि विवाद चल रहा था**

# त्योहार को लेकर जीआरपी व आरपीएफ अलर्ट

- **संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे तो तत्काल दें सूचना : अरविंद**
- **कुली, वेंडर, सफाईकर्मी व टैंपो चालकों के साथ की गई बैठक**

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** होली व शब-ए-बरात को देखते हुए जीआरपी व आरपीएफ अलर्ट मोड में आ गई है। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी थाना बस्ती अरविंद शर्मा और प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ संजय मिश्र ने गुरुवार को विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही बस्ती रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कुली, वेंडर, सफाईकर्मी, टैंपो चालकों की बैठक की।

प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अरविंद शर्मा ने कहा कि होली में बड़ी संख्या में लोग महानगरों और अन्य शहरों से अपने घर लौटते हैं। त्योहार के दौरान ट्रेनों में भीड़ बढ़ जाती है। भीड़ की वजह से अव्यवस्था होती है और यही विवाद का कारण बनता है। होली के दौरान माहौल बिगड़ने का अंदेशा रहता है। ऐसे में रेलवे के दोनों सुरक्षा विभाग जीआरपी व आरपीएफ अलर्ट हैं। बिना किसी विवाद व अव्यवस्था के यात्री गंतव्य तक पहुंच सके।



होली को लेकर जीआरपी थाना बस्ती में बैठक करते प्रभारी निरीक्षक अरविंद शर्मा •जागरण

इसके मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्टाफ ट्रेनों में भी जांच कर रहा है। प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ संजय मिश्र ने कहा कि कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु दिखे या किसी की हरकत संदिग्ध लगे तो तत्काल जीआरपी व आरपीएफ के साथ ही स्टेशन अधीक्षक को सूचना दें।

# तैयारियां पूरी, आज से शुरू होगा बस्ती महोत्सव, जुटेंगे कलाकार



महोत्सव के लिए लगाई जा रही प्रदर्शनी •जागरण

**जासं, बस्ती:** बस्ती क्लब परिसर में शुक्रवार तीन मार्च से शुरू होने वाले बस्ती महोत्सव की तैयारियां पूरी हो गई हैं। महोत्सव का समापन पांच मार्च को होगा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि प्रत्येक दिन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन शाम सात बजे सांसद हरीश द्विवेदी, गोरखपुर के सांसद रवि किशन तथा आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र द्वारा किया जायेगा।

इससे पहले दोपहर बाद 3.30 बजे से रिद्म एकेडमी के कलाकारों

**सांसद और मंडलायुक्त शाम सात बजे करेंगे महोत्सव शुरू**

**तीन दिन चलेगा महोत्सव, दिनभर होंगे विविध आयोजन**

की प्रस्तुति होगी जबकि शाम 6 बजे अमहट घाट पर दीपदान व कुआनो आरती होनी है। रात आठ बजे फूलों की होली, मयूर नृत्य और रात 9 बजे अवध क्षेत्र का फरूआही नृत्य तथा रात 9.30 बजे से बालीवुड्स नाइट्स होगी। दिन में तीनों दिन विभागीय गोष्ठी एवं स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। तीन मार्च को दोपहर दो बजे आजीविका मिशन एवं पुष्टाहार संबंधी कार्यशाला होगी। इसका आयोजन उपायुक्त एनआरएलएम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि चार मार्च को स्वच्छ भारत मिशन एवं आयुष्मान भारत से संबंधित कार्यशाला आयोजित होगी। इसका आयोजन डीपीआरओ तथा सीएमओ करेंगे। पांच मार्च को चिकित्सा, स्वास्थ्य विभाग एवं पोषण अभियान संबंधी कार्यशाला आयोजित होगी, जिसका आयोजन सीएमओ तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी करेंगे।

# विवाहिता की मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

**जागरण संवाददाता, सोनहा, बस्ती :** सोनहा थानाक्षेत्र के धवाय गांव के धनईडीह पुरवा पर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव छत की कुंडी से नायलान की रस्सी के सहारे लटका पाया गया। स्वजन ने पुलिस के पहुंचने से पहले ही शव को नीचे उतार दिया था।



सरोज

फाइल फोटो

गुरुवार को 23 वर्षीय सरोज पत्नी गोरखनाथ का शव छत की कुंडी से लटका देख परिवार के लोगों ने शोर मचाया। मौके पर लोग जुट गए। स्वजन ने पुलिस की प्रतीक्षा किए बिना शव को नीचे उतार दिया। दिवंगत के पति का कहना है कि गुरुवार की सुबह नास्ता करने के बाद परिवार के लोग खेत में चले गए। वह अपने साथ 14 माह के बेटे को भी खेत में लेकर चला गया था। घर में उनकी छोटी बहन कमलावती व पत्नी सरोज ही थीं। सुबह लगभग 10 बजे बेटे आकर्षण को भूख लगने पर वह उसे लेकर घर आया तो देखा दरवाजा अंदर से बंद है। कई बार आवाज देने के बाद भी अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। इस पर जब उन्होंने खिड़की से झांका तो सरोज का शव रस्सी के सहारे लटक रहा था। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह, नायब तहसीलदार भानपुर अजीत कुमार सिंह व फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को कब्जे में ले लिया।



स्वजन से पूछताछ करते प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवीन्द्र सिंह •जागरण

रुधौली थाना क्षेत्र के सुरुआर कला निवासी सर्वजीत चौहान ने अपनी पुत्री सरोज की शादी 2019 में की थी। दिवंगत का पति दिल्ली रहता है। वह लगभग एक माह पूर्व दिल्ली से आया है, तभी पत्नी सरोज भी मायके से यहां आई थी।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित किशोर गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : परीक्षा देकर घर लौट रहे बाइक सवार छात्र लालगंज थाने के पाकरडाड़ निवासी 17 वर्षीय बेलाल की पत्थर मारने से हुई मौत के मामले में वांछित किशोर को लालगंज पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। बुधवार की शाम को बेलाल का शव उसके घर पहुंचने पर लालगंज पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज लोगों ने बस्ती-महुली मार्ग पर जाम लगा दिया था।

लालगंज थाने के पाकरडाड़ निवासी बेलाल पुत्र इकबाल 21 फरवरी को मित्र राज सोनी तथा शिवम के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर लालगंज के रामनरेश इंटर कालेज से हाईस्कूल की परीक्षा देकर घर लौट रहा था। इसी बीच बारीघाट के पास कुछ लोगों ने उसे पत्थर फेंक कर मारा। पत्थर बेलाल के सिर में लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

साथी उसे पीएचसी बनकटी ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में वहां से उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। मामले में बेलाल के बड़े पिता मो. नासिर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

मंगलवार की देररात मेडिकल कालेज में बेलाल की मौत हो गई। बुधवार की शाम पांच बजे जैसे ही उसका शव पाकरडाड़ पहुंचा, गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया।

लोगों का आरोप था कि पुलिस ने मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। बाद में सीओ के मनाने पर लोग माने और जाम खत्म किया।

# एसडीएम ने शांति भंग में पांच को भेजा जेल

**हर्रैया, बस्ती:** हर्रैया एस डीएम गुलाबचंद ने शांतिभंग के मामलों में गुरुवार को गौर, पैकोलिया व परशुरामपुर थानाक्षेत्र के कुल पांच लोगों को जेल भेजा दिया है। एसडीएम ने बताया कि परशुरामपुर थाना क्षेत्र के नेदुला गांव के ललित कुमार पुत्र रामकिशोर को कूड़ा फेंकने को लेकर मारपीट के मामले तथा गौर थाना क्षेत्र के रमवापुर निवासी अनिल गौड़ पुत्र नन्हकू को मारने पीटने को लेकर विवाद तथा पैकोलिया थाना क्षेत्र पेंडार गांव में काली प्रसाद यादव पुत्र गोमती यादव, राजेश यादव पुत्र सुखराम व शेर बहादुर पुत्र त्रिभुवन को आपस में वाद विवाद को लेकर पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया था।

मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपितों को उनके न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। (जासं)

# हरियाणा के फर्म मालिक पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पूर्व एमएलसी मनीष जायसवाल के बेटे सुयश जायसवाल ने हरियाणा की एक फर्म के मालिक पर धोखाधड़ी कर 1.44 करोड़ रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है।

पुरानी बस्ती थाने के मरवटिया निवासी सुयश जायसवाल ने बस्ती के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि हरियाणा के फरीदाबाद निवासी विजय सिंह बैसला को उन्होंने 20 नवंबर 2020 से 19 दिसंबर 2020 के बीच कुल 973 ट्रकों से करीब 15228 घनमीटर बालू की आपूर्ति की। बालू की कीमत 1.44 करोड़ रुपये थी। आरोप है कि बालू लेने के बाद विजय ने बिल का भुगतान नहीं किया। भुगतान का दबाव बनाने पर उसने धनराशि को हड़पने के मकसद से कूटरचित व फर्जी दस्तावेज तैयार करा लिया। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर इशान्त माइन्स के मालिक विजय सिंह बैसला निवासी कोठी संख्या 45/46 सेक्टर 31, फरीदाबाद हरियाणा के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना, रकम हड़पने आदि की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

- **हरियाणा के फर्म मालिक पर 1.44 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप**
- **झांसा देकर ले लिया 973 ट्रक बालू, नहीं किया भुगतान**

## कोरियर के नाम पर एक लाख रुपये की धोखाधड़ी

**जासं, बस्ती :** कोतवाली पुलिस ने कोरियर भेजने के नाम पर एक लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। लखनऊ के जानकीपुरम, अलीशा नगर सेक्टर-एक निवासी आयुषी यादव ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह फरवरी में अपनी बहन के घर बस्ती आई थी। इसी बीच 20 फरवरी को उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। जिसमें कहा गया कि उनका कोरियर आया हुआ है। जिसे लेने के लिए एक रुपये पेटीएम से ट्रांसफर करना होगा। आरोप है कि उन्होंने जैसे ही एक रुपये ट्रांसफर किया तभी खाते से उनके 99927 रुपये कट गए।

# सीओ सदर ने किया पुरानी बस्ती थाने का निरीक्षण

**बस्ती:** क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद ने पुरानी बस्ती थाने का गुरुवार को अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर, बैरक, मेस, शौचालय आदि की सफाई व्यवस्था देखी। असलहों का रखरखाव व सफाई के साथ अभिलेखों के अनुसार उनका मिलान भी कराया। थाना कार्यालय में रखे सभी अभिलेखों व रजिस्टरों को चेक किया गया। मालखाना, हवालात का निरीक्षण व थाने में जमा असलहों के रखरखाव को पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। थाने के सभी उपनिरीक्षकों के साथ अर्दली रूम का आयोजन कर उनके द्वारा प्रचलित विवेचनाओं के गुण-दोष के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह के साथ थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

# दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति समेत चार पर मुकदमा

**बस्ती** : महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में ससुराल पक्ष के चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता लक्ष्मी देवी निवासी डूड़ी कैथोलिया थाना दुबौलिया ने महिला थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पति संजय, ससुर राम स्वरूप, सास केसरा देवी और जेठ रोहित कुमार ने दहेज की मांग को लेकर उन्हें मारा पीटा और प्रताड़ित किया।

महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। (जासं)


# शादी का झांसा देकर बनाया शारीरिक संबंध, मारा पीटा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** मुंडेरवा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और विरोध करने पर मारने पीटने के मामले में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र में मंगेरा चंगेरा गांव का रहने वाला अमित कुमार उनके संपर्क में आया। आरोप लगाया कि उसने उन्हें शादी करने का झांसा दिया। आरोपित छह-सात माह से उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसका विरोध करने पर मारपीट भी करता। बाद में शादी करने से इनकार कर दिया।

जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित भी किया। मुंडेरवा पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म, मारपीट व एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घटना की विवेचना सीओ रुधौली प्रीति खरवार को सौंपी गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित अमित को गुरुवार को दिन में 2.20 बजे मुंडेरवा थाना क्षेत्र के गोदमवा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# बस्ती व श्रावस्ती पुलिस टीम का सेमीफाइनल में प्रवेश



स्टेडियम में फुट बाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं खिलाड़ी ●जागरण

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** शहर के रवींद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 71वीं अंतरजनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को क्वाटर फाइनल मुकाबला आठ टीमों के बीच खेला गया। जिसमें से देवरिया, गोरखपुर, बस्ती व श्रावस्ती की टीम सेमी फाइनल में प्रवेश कर गई। मैच को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। पहली मैच पुरुष वर्ग का देवरिया व कुशीनगर पुलिस टीम के बीच खेला गया, जिसमें देवरिया की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए कुशीनगर को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरा मैच गोरखपुर व बलरामपुर पुलिस टीम के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और 4-0 से बलरामपुर को पराजित किया। तीसरा मैच महराजगंज व बस्ती पुलिस टीम के बीच खेला गया। बस्ती की टीम 4-3 से विजेता घोषित की गई। जबकि चौथा मैच श्रावस्ती व संतकबीर नगर पुलिस टीम के बीच हुआ। जिसमें श्रावस्ती के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर टीम को 4-2 से बढ़ दिलाते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश करा दिया।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस दर्ज

बस्ती। मुंडेरवा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि शादी की बात करने पर युवक न केवल मुकर गया बल्कि मारने-पीटने पर भी उतर आया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है।

**संतकबीरनगर का रहने वाला है आरोपी**

मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि संतकबीरनगर खलीलाबाद का रहने वाला अमित कुमार उसके संपर्क में आया। आरोप है कि उसने शादी करने का झांसा दिया। करीब छह-सात माह से उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसका विरोध करने पर मारपीट भी करता रहा। बाद में शादी करने से भी मुकर गया। जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित भी किया। तहरीर के आधार पर दुष्कर्म व एसएसी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सीओ रुधौली प्रीति खरवार ने जांच शुरू की है। संवाद

# किशोरी को भगा ले जाने में दो नामजद

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के एक मामले में मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में बताया गया है कि इसी थानाक्षेत्र के सोनबरसा निवासी अभिषेक कुमार अपनी मां के सहयोग से किशोरी को भगा ले गया। इस संबंध में जब किशोरी के परिवार के लोगों ने उसकी मां से पूछा तो वह अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगी। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि अभिषेक कुमार और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है। संवाद

# दुष्कर्म व किशोरी को भगाने के दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंडेरवा।** पुलिस ने बृहस्पतिवार को गोदमवा तिराहे से ग्राम चंगेरा मगेरा जिला संतकबीरनगर निवासी अमित कुमार (25) को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। उसके विरुद्ध दुष्कर्म व एससीएसटी की धारा में मुकदमा दर्ज है। नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी इसी थाने के भरवलिया निवासी घमंडी (20) को पूर्वांचल डिग्री कालेज के पास से गिरफ्तार किया गया। संवाद

# मुर्गी फार्म संचालक पर बिजली चोरी का मुकदमा

**बस्ती।** बभनान विद्युत उपकेंद्र के तहत परसा उदय गांव में सात किलोवाट बिजली चोरी करते हुए एक मुर्गी फार्म संचालक पकड़ा गया है। विद्युत प्रवर्तन दल के प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने संचालक के खिलाफ गिदही बिजली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिली थी कि परसा उदय गांव में राम कुमार पटेल अपने मुर्गी फार्म में बिना वैध कनेक्शन बिजली का उपयोग कर रहे हैं। जांच करने पहुंची टीम को शिकायत सही मिली। बताया कि अवैध कनेक्शन पर बिजली के भार का आंकलन किया गया तो सात किलो वाट से अधिक भार मिला। स्थलीय साक्ष्यों को इकट्ठा कर संचालक के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है। संवाद

# फोन कर अपशब्द कहने का केस

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने फोन पर धमकी देने व अपशब्द कहने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में रजवन्त तिवारी निवासी दावरपारा थाना हर्रैया ने तहरीर दी कि महेन्द्र सिंह निवासी छपिया थाना दुबौलिया ने उन्हें बिना किसी कारण के फोन पर अपशब्द कहा और धमकी दी। संवाद

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने 27 फरवरी को निंदौर माफी गांव के पास गाड़ी हटाने को कहने पर विवाद और मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में गोंडा जिले के छपिया थानाक्षेत्र के मंडप निवासी रामबली ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि गाड़ी को किनारे करने की बात को लेकर राम सुरेश, विजय वर्मा निवासी बरहपुर कुंवर थाना हर्रैया और चार-पांच अज्ञात लोगों ने मारापीटा और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी। पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। संवाद

# पत्थर से हमले का आरोपी किशोर पकड़ा गया, भेजा गया संप्रेक्षण गृह

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** परीक्षा देकर लौटते समय छात्र पर पत्थर से हमला करने के एक आरोपी बाल अपचारी को लालगंज पुलिस ने बृहस्पतिवार को पकड़ लिया।

हमले में घायल छात्र बेलाल की बुधवार को मेडिकल कॉलेज लखनऊ में मौत हो गई थी। घटना के आरोपी बाल अपचारी को पुलिस ने किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे राजकीय संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया।

आरोपी किशोर को पकड़े जाने की मांग करते हुए बुधवार को आक्रोशित लोगों ने पाकड़डाड़ में जाम लगा दिया था। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि पूर्व में दर्ज मुकदमे में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ा दी गई है।

**21 फरवरी को बारीघाट में हमले के बाद बेलाल की इलाज के दौरान हो गई मौत**

लालगंज थाने के पाकड़डाड़ निवासी बेलाल (17) पुत्र इकबाल 21 फरवरी को अपने मित्र राज सोनी तथा शिवम के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर लालगंज के रामनरेश इंटर कॉलेज से हाईस्कूल के गणित का पेपर देने गया था। दिन में करीब 11:30 पर परीक्षा देकर लौटते वक्त लालगंज-महादेवा मार्ग पर बारीघाट के पास किसी ने पत्थर फेंक कर मारा। पत्थर बीच में बैठे बेलाल के सिर में लगा और वह चोटिल हो गया था।

आनन-फानन में साथी राज व शिवम बाइक पर ही बैठाकर बेलाल को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए थे। यहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर दिया, जहां से मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेज दिया गया था।

इसी बीच किसी कारण से डा.

# दो सिपाही लाइन हाजिर

**सोनहा।** बुधवार को देर रात सोनहा थाने पर तैनात दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

इन सिपाहियों पर आरोप है कि हल्का नंबर तीन में आम जनता की समस्याओं पर सुनवाई नहीं करते हैं। क्षेत्र के लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस के उच्चाधिकारियों से की थी।

प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवीन्द्र सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल राजकुमार गौड़ व कांस्टेबल लवकुश कुमार सिंह की छवि आम जनता में ठीक नहीं थी। जिससे इन दोनों को पुलिस के उच्चाधिकारियों ने निर्देश पर थाने से रिलीव कर दिया गया है। संवाद

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध केस

**बस्ती।** सोनहा पुलिस क्षेत्र के कांटे खैरा गांव में फेसबुक पर चैटिंग करने के विवाद में मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में काटेखैरा निवासी अजीत पांडेय ने तहरीर दी। जिसमें इसी थानाक्षेत्र के सकतपुर निवासी वीरेंद्र चौधरी, सत्येंद्र चौधरी व राम कैलाश पर आरोप लगाया कि इन लोगों ने फेसबुक चैटिंग के विवाद को लेकर उन्हें, उनके भाई पवन व अंकित को मारापीटा। जिससे उनका दांत टूट गया। संवाद

# पूर्व एमएलसी के बेटे ने दर्ज कराया धोखाधड़ी का केस

**बस्ती।** पूर्व विधान परिषद सदस्य के बेटे ने फरीदाबाद हरियाणा की एक फर्म पर 1.44 करोड़ रुपये का बालू मंगाकर कीमत हड़प लेने का आरोप लगाया है। पुरानी बस्ती पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इशांत माईंस के प्रोपराइटर विजय सिंह बैसला निवासी कोठी संख्या 45/46 सेक्टर 31, फरीदाबाद हरियाणा के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर तफ्तीश शुरू की है।

पुरानी बस्ती के मरवटिया निवासी व पूर्व एमएलसी मनीष जायसवाल के बेटे सुयश जायसवाल ने तहरीर में आरोप लगाया है कि विपक्षी ने धोखा देने के मकसद से बालू खरीदने की बात की। उसके झांसे में आकर 20 नवंबर 2020 से 19 दिसंबर 2020 के बीच कुल 973 ट्रक से करीब 15228 घनमीटर बालू की सप्लाई की, जिसकी रायल्टी व जीएसटी सरकारी खाते में जमा करते थे। संवाद

# धोखाधड़ी और महिला की पिटाई के मामले में केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## मुंडेरवा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज किए दोनों मुकदमे

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो अलग-अलग मामलों में मुकदमे दर्ज किए हैं। एक मामला महिला को मारने-पीटने और दूसरे में ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पर धोखाधड़ी से संबंधित है।

लालगंज थाने के धुसनाखोर निवासी पप्पू चौहान ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि यूनियन बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र शाखा बघाड़ी के संचालक अमित धर द्विवेदी को बैंक में जमा करने के लिए 45 हजार रुपये दिए थे। इसकी जमा पर्ची भी दी गई। पैसा निकालने गए तो पता चला कि खाते में रुपये जमा ही नहीं हुए हैं। इस बारे में पूछने पर अपशब्द कहते हुए धमकाया। पंचायत बाद एक चेक दिया। चेक लगाने पर पता चला कि खाते में पैसा ही नहीं है। पुलिस ने संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

दूसरे मामले में मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी कृष्ण नारायण ने 13 मार्च 2022 को अपशब्द कहते हुए हाथ पकड़कर बदसलूकी की। जेठानी बचाव में आईं तो मारपीट की। फिर 19 दिसंबर 2022 की शाम पांच-छह लोगों के साथ आए और मारपीट की।

पेट में पैर से मारने के कारण गर्भपात हो गया। जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने गोरखपुर के पीपीगंज निवासी कृष्ण नारायण सिंह व मुंडेरवा थाना क्षेत्र के राजेन्द्र सिंह के खिलाफ न्यायालय के आदेशानुसार केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 1.38 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने क्रशर पर गन्ना गिरवाकर रुपये न देने के मामले में भुवनी निवासी रहमतुल्लाह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में इसी थानाक्षेत्र के खरवनिया निवासी राम किशुन ने तहरीर दी। आरोप लगाया कि रहमतुल्लह ने 22 नवंबर को 1,38,600 रुपये का गन्ना अपने क्रशर पर गिरवा लिया। मगर रुपये देने में हीलाहवाली कर रहा है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-03-2023

# होली व शबे-बारात को लेकर पीस कमेटी की बैठक

डिड़ई (एसएनबी)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्थानीय थाना शिवनगर डिडई में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत व्यक्तियों की आहूत बैठक में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत लोगों ने सहभागिता किया। बृहस्पतिवार को थाना परिसर में आयोजित शांति कमेटी की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम ने उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से आगामी त्योहारों के दृष्टिगत आने वाली संभावित दिक्कतों के बावत जानकारी लिया। होलिका स्थान परिवर्तन सहित त्योहार के दिन व उससे पहले क्षेत्र में लगने वाले मेले व भीड़- भाड़ वाले स्थानों की जानकारी लेकर थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नीरजमणि त्रिपाठी, अवधनरायण मिश्र सहित कई जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि क्षेत्र शांति प्रिय है यहां सभी समुदाय के लोग एक -दूसरे का त्यौहार मिलजुल कर मनाते हैं। लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि यदि कहीं कोई छिटपुट घटना होती भी है तो शराबियों से होती है। क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दिन शराब की अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखी जाय। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी व क्षेत्र के गोपाल त्रिपाठी, यदुनाथ यादव, मो. युसुफ , लालबहादुर गुप्ता, श्रवण कुमार, जितेन्द्र कुमार, इलमास, अवधेश पाण्डेय, रामनरेश चौरसिया, रामचन्द्र मिश्रा, तौलू , आदि सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# डीजे व आयोजक की बैठक

भनवापुर (एसएनबी)। चौकी बिस्कोहर के परिसर में गुरुवार को होली का त्यौहार व शब-ए-बरात व डीजे को लेकर आवश्यक बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी इटवा विकास कश्यप व थाना प्रभारी शिव प्रकाश सिंह सदर उप जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर ललित कुमार मिश्रा, सदर क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा नायब तहसीलदार महेश कुमार आदि उपस्थित रहे। जिला से आ रहे थे जिला बर्डर पर कोरिया की टीम के अगुवाई में सभी अधिकारी जा रहे थे की बिस्कोहर चौकी पर थोड़ा समय के लिए चौकी पर उपस्थित होकर बैठक में अधिकारियों ने भाग लिया। एक साउंड बाधकर बजाए ताकि किसी को दिल ना धड़कन होने पाएं। डीजे के लोग लव कुश कास्यप, सुनील गुप्ता, नरेश पासवान, शिवा डीजे, बाला डीजे, आदि लोग थे।

# शांति समिति की बैठक संपन्न

**शाहपुर (एसएनबी)**। शाहपुर चौकी परिसर में आगामी त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्या की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान डुमरियागंज अधिशासी अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज अरविंद्र मौर्य सहित



संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में होली और सब ए बारात पर्व को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष अरविंद्र मौर्य ने कहा कि होली आपसी सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है।वहीं दूसरी ओर मुस्लिम भाइयों का शबे बरात पर भी है त्यौहार को सभी लोग शांतिपूर्वक तरीके से बनाएं।होली पर्व में शराब का सेवन ना करें।केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी किसी भी तरह से सामाजिक माहौल ना बिगड़ सके नहीं तो ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी लोगों को मिलजुल कर त्यौहार मनाना चाहिए शांति समिति में आए सभी भाईचारा बनाए रखें। 8 मार्च को होली पर्व पड़ेगा। बैठक के दौरान नगर सफाई नायक कासिम रिजवी ,शैलेश सिंह, अब्दुस सलाम चौधरी, बरकतउल्ला हामिद, धीरज साहनी, मौलाना गुलाम, गणेश प्रसाद, राममूर्ति यादव, पवन मौर्य, बहराइची प्रसाद, विजय मौर्य सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# सास की हत्यारन बहू को आजीवन कारावास

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। अपर सत्र एवं जनपद न्यायाधीश द्वितीय हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने सास की हत्या करने वाली बहू को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 60 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया है।

पुलिस को दी गयी तहरीर में मोहनीफ निवासी ग्राम पुरैना थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर ने थाना त्रिलोकपुर पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 26 अक्टूबर 2012 को उसकी पत्नी बितना बहु सलीमुन्निशा दिन में करीब 10 बजे घर से ग्राम प्रधान किशोरी यादव की गाड़ी से तुलसीपुर चौराहे तक जाकर फिर बहु के मायके फूलपुर थाना त्रिलोकपुर के लिए गए थे। दिन में करीब 2रू30 बजे बहु ने मोबाइल से बताया कि मेरी पत्नी की लाश बिस्कोहर बेलवा गाँव के दक्षिण नहर के किनारे गड्ढे में पड़ी है। सूचना पर वहाँ पहुंचते ही बहु ने बताया कि तुलसीपुर चौराहे पर गुटखा खाई तो वहीं गुमटी पर दो आदमी बैठे थे इतने में हरा झंडा लगा बोलेरो गाड़ी से आठ लोग आए और हमलोग को चलने के लिए कहे तो हमलोग बोलेरो में बैठ गए। उसी समय प्लैटिना मोटरसाइकिल से एक आदमी आया, ड्राइवर ने यह भी मेरे साथ जायेगा कहकर मुझे उसपर बैठा दिया। बोलेरो सास को और

## 26 अक्टूबर 2012 की है घटना

मोटरसाइकिल मुझे लेकर बिस्कोहर की तरफ चल दिया। मुझे बिस्कोहर पुल के पास मोटरसाइकिल वाला छोड़कर बलरामपुर की तरफ चला गया। करीब 1 बजे बोलेरो चालक उन्हीं लोगों के साथ मुझे मिला। बोलेरो में खून का निशान देखकर सास के बारे में पूछने पर ड्राइवर ने कहा कि हमलोग तुम्हारी सास को जान से मारकर नहर के किनारे गड्ढे में फेंक आये हैं। नहर की पटरी पर से आगे बढ़ने पर बहु ने देखा कि बितना की लहूलुहान लाश गड्ढे में पड़ी है। शोर शराबा करने पर बहुत से लोग जुट गए। पुलिस ने हत्या करके सबूत मिटाने का एफआईआर दर्ज कर विवेचना किया और विवेचना के बाद सलीमुन्निशा, इस्लाम पुत्र ननकन, ललाऊपुत्र नीबर निवासीगण फूलपुर थाना त्रिलोकपुर,अतीक पुत्र अब्दुल रहमान निवासी खरगौरा थाना पचपेड़वा जिला बलरामपुर के विरुद्ध न्यायालय में समान आशय से हत्या करके लाश छिपाने का आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेकर विचारण शुरू किया। विचारण के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों, जिरह, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट एवं घटना के तथ्यों व परिस्थितियों के आधार आधार पर अभियुक्ता सलीमुन्निशा को दोषी ठहराया और शेष तीनों अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर सास की हत्यारन अभियुक्ता सलीमुन्निशा को आजीवन कारावास की सजा देते हुए 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। राज्य सरकार की तरफ से पीड़ित पक्ष की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने किया।

# ट्रेन से गिरकर छात्र घायल

बानगंगा(एसएनबी)। गोरखपुर-गोंडा रेल खंड पर महथा बाजार हाल्ट रेलवे स्टेशन के पास वृहस्पतिवार को सुबह ट्रेन से बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र गिर गया। जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की जानकारी शोहरतगढ़ स्टेशन अधीक्षक भवेश कुमार ने पुलिस को दी। मौके पर थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ पंकज कुमार पाण्डेय ने अपनी गाड़ी से घायल को सीएचसी शोहरतगढ़ पहुचाया। जहा चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेज दिया। बांसी थाना क्षेत्र के देवगढ़ निवासी विवेक कुमार शुक्ल पुत्र रमेश चंद्र उम्र 22 वर्ष शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ में बीएससी द्वितीय वर्ष की पढ़ाई करता है। बुधवार को सुबह गोंडा की तरफ से आने वाली ट्रेन से शोहरतगढ़ आ रहा था। ट्रेन जैसे महथा बाजार हाल्ट रेलवे स्टेशन के पास पहुची तभी वह ट्रेन गिर गया। और गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि ट्रेन से गिरे विवेक कुमार शुक्ल को शोहरतगढ़ सीएचसी पहुचाया गया है। सिर में गम्भीर चोट लग जाने से चिकित्सको ने उसे जिलाअस्पताल रेफर कर दिया है। छात्र के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

# चिल्हिया थानाध्यक्ष हटाए गए

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनंद ने चिल्हिया के थानाध्यक्ष दीपक कुमार को हटा दिया है। उनका तबादला प्रभारी डीसीआरबी पद पर किया गया है। एसपी ने चिल्हिया का नया थानेदार शिवधारी को बनाया है। इससे पूर्व वह शोहरतगढ़ थाना पर अपराध निरीक्षक पद पर तैनात रहे।

# प्रधान पद उपचुनाव में पड़े 617 वोट

इटवा/मिश्रौलिया। इटवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़सरी में प्रधान पद के उपचुनाव में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया गया। सुबह सात से शाम पांच बजे तक चले मतदान में 1157 मतदाताओं में से 617 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही तीन प्रत्याषियों की किस्मत का फैसला मत पेटियों में बंद हो गया। उपचुनाव का परिणाम चार मार्च को आएगा।

ग्राम पंचायत खड़सरी के प्रधान रहे राजकुमार का पिछले दिनों बीमारी के चलते निधन हो गया था। प्रधान के निधन के बाद से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित यह सीट रिक्त चल रही थी। जिस पर चुनाव आयोग की ओर से उपचुनाव कराने को लेकर कार्यक्रम घोषित किया गया था।

# ट्रक से कुचलकर अधेड़ की मौत

इटवा। इटवा थाना क्षेत्र के इटवा बढ़नी मार्ग पर सेमरी चौराहे पर गुरुवार की शाम ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

इटवा थाना क्षेत्र के भोपलापुर गांव निवासी मोहम्मद मोईद 48 वर्ष गुरुवार को बढ़नी की तरफ कहीं गया हुआ था। जहां से देर सायं में टेम्पो पर बैठक कर वापस घर आ रहा था। बताया जा रहा है कि सेमरी चौराहे पर जैसे ही टेम्पो से नीचे उतरा अचानक इटवा की तरफ से तेज रफ्तार आ रही ट्रक ने उसे रौंद दिया। हादसे में मोहम्मद मोईद की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को भी कस्टडी में ले लिया है। एसएचओ इटवा अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रही है।

# चार क्विंटल गेहूं के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जासं, सिद्धार्थनगर:** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने गुरुवार को तस्करी के चार क्विंटल गेहूं के साथ ठकुरापुर गांव के पास से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

आरोपितों का नाम राजेंद्र पुत्र राजकुमार व संतोष गौतम पुत्र शेषराम निवासी सेखाजोत, रंजीत चौधरी पुत्र घनश्याम निवासी गैंझर थाना कपिलवस्तु है। यह पांच साइकिल पर गेहूं को लादकर नेपाल ले जाने की फिराक में थे। सशस्त्र सीमा बल ने पकड़े गए सामान व युवकों को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा को सुपुर्द कर दिया है। बरामदगी टीम में सहायक कमांडेंट राजपाल , मुख्य आरक्षी संजीत कुमार राय व आरक्षी विवास रजक शामिल रहे ।

# उप चुनाव में 617 मतदाताओं ने किया मतदान

## इटवा ब्लाक के खड़सरी ग्राम पंचायत के प्रधान राजकुमार की मृत्यु होने के कारण रिक्त था पद

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर :** विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़सरी में प्रधान पद के लिए उपचुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्वक संपन्न हुआ। कुल 617 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल तीन प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिका में बंद हो गया है। विजय का सेहरा किसके सिर बंधेगा, यह शनिवार को मतगणना के बाद पता चल सकेगा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में यहां राजकुमार निर्वाचित हुए थे। उनके आकस्मिक निधन के बाद यहां उपचुनाव कराना पड़ा।

दिवंगत प्रधान की पत्नी लक्ष्मी सहित रविन्द्र और रामजीत तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े थे। गुरुवार को सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ जो सायं पांच बजे संपन्न हुआ। गांव स्थित प्राथमिक पाठशाला पर दो बूथ बनाए गए थे। इसमें 179 बूथ पर कुल 667 मतदाता थे, इसमें 332 ने मतदान किया। दूसरे 180 बूथ पर कुल 490 मतदाता थे, इनमें 285 ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया।





इटवा के खड़सरी बूथ पर निरीक्षण करते सेक्टर मजिस्ट्रेट धर्मवीर भारती (दाएं) व मतदान के लिए कतार में खड़ी मतदाता ● जागरण

दोनों बूथों पर कुल 1157 वोटर थे, इसमें 617 मतदान में शामिल हुए। मतदान संपन्न होने के बाद मतपेटिका ब्लाक कार्यालय स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी गईं। मतदान प्रक्रिया शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए उप जिलाधिकारी इटवा विकास कश्यप को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया था, जबकि तहसीलदार धर्मवीर भारती सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए थे। इनके द्वारा बूथों की निगरानी की जाती रही।

प्रभारी निरीक्षक कठेला संतोष कुमार यादव माय फोर्स मतदान शुरू होने से अंत तक बूथ के आसपास काफी सक्रिय रहे।

# सास की हत्या के मामले में बहू को आजीवन कारावास की सजा

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : सास की हत्या के आरोप में एक महिला को अपर सत्र एवं जनपद न्यायाधीश द्वितीय हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 60 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में उन्होंने तीन आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

बलरामपुर जिले के गैसड़ी थाने के पुरैना गांव निवासी मोहम्मद हनीफ त्रिलोकपुर थाना पुलिस को दिये गए तहरीर में कहा कि 26 अक्टूबर 2012 को उनकी पतनी बिजना बहू सलीमुन्निशां पत्नी मोहम्मद हकीम के सिद्धार्थनगर जिले के तुलसीपुर चौराहे गई थीं। दोपहर में उनकी बहू ने बताया कि बितना का शव बिस्कोहर बेलवा गांव के के दक्षिण नहर के किनारे गड्ढे में है। बहू ने इसके साथ ही मौत की एक झूठी कहानी सुना दी।

हनीफ की तहरीर पर त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने सलीमुन्निशा, इस्लाम पुत्र ननकन, ललाऊ पुत्र नीबर निवासीगण फूलपुर थाना त्रिलोकपुर, अतीक पुत्र अब्दुल रहमान निवासी खरगौरा थाना पचपेड़वा जिला बलरामपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

बाद में इसकी जार्चशीट न्यायालय में दाखिल किया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद सलीमुन्निशा को दोषी ठहराया और शेष तीनों आरोपित को साक्षय के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। पीड़ित पक्ष की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने किया।

## एक नजर में

# 60 शीशी नेपाली शराब बरामद

शोहरतगढ़ : आबकारी निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में बुधवार शाम को नीबीदोहनी, छतहरी, गड़ाकुल आदि स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान छतहरी निवासी एक महिला से 60 शीशी नेपाली व 18 लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार किया गया। महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया। ( जासं )

# बुद्ध की क्रीड़ा स्थली से परिचित होगा दक्षिण कोरिया का दल

- दो दिवसीय दौरे पर जनपद में आ रहा दल, विभिन्न क्षेत्र का करेगा दौरा
- 200 सदस्यीय कोरियन दल के आगवानी में जुटा प्रशासन



बर्डपुर नंबर चार के परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम सदर डा. ललित मिश्रा साथ में मौजूद सीओ सदर अखिलेश वर्मा ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : दक्षिण कोरिया से 200 सदस्यीय पर्यटक दल कपिलवस्तु आ रहा है। इस दल के सदस्य स्तूप का दर्शन करेंगे। दो दिन तक जनपद में ठहर कर गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े प्रत्येक पहलुओं को जानेंगे। पदयात्रा के माध्यम से ग्रामीण परिवेश भी रुबरू होंगे। प्रशासन ने इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को एसडीएम सदर डा. ललित मिश्रा व सीओ सदर अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया।

दक्षिण कोरिया का पर्यटक दल 15 मार्च को नेपाल के लुंबिनी से ककरहवा सीमा से जनपद में प्रवेश करेगा। बर्डपुर नंबर चार में रुक कर ग्रामीण क्षेत्र का अवलोकन करेंगे। कपिलवस्तु स्तूप पर दर्शन का कार्यक्रम निर्धारित है। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन सुबह यह दल स्तूप पर विशेष पूजन करेगा। यहां से बजहा सागर होते हुए खुनुवा बाजार के पास अठकोनिया में स्थित आम के बाग का निरीक्षण करेंगे। यह बाग दशहरी आम के उत्पादन के लिए जाना जाता है। यहां से यह दल बानगंगा होते हुए शोहरतगढ़ तहसील के झरुआ गांव में पहुंचेगा। परसा गांव में कुछ समय ठहरने के बाद यह दल फिर आगे बढ़ेगा। बिस्कोहर बाजार होते हुए पर्यटक दल बलरामपुर सीमा में प्रवेश करेगा।

### सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

कोरियन पर्यटक दल के जनपद भ्रमण को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। इसे प्रशासन ने पर्यटन उद्योग के लिए अच्छा अवसर मान रहा है। इसे लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया जा रहा हैं। जहां-जहां पर्यटक दल रुकेगा, वहां पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# साइबर क्राइम के प्रति छात्र-छात्राएं हुईं जागरूक

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर** : मिशन शक्ति के तहत राम प्रसाद मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को शिक्षा के साथ ही सुरक्षा की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर उन्हें साइबर क्राइम के प्रति सतर्क रहने को कहा गया। उन्हें विषम परिस्थितियों में हेल्पलाइन पर फोन करके पुलिस की सहायता लेने के लिए आह्वान किया गया। थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं शिक्षा पर ध्यान दें और कानून के बारे में जानकारी रखें। यह उनके स्वावलंबन और सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। उत्पीड़न जैसी घटनाएं सहन न करें बल्कि इसका विरोध करें। आते और जाते समय कोई गलत टिप्पणी अथवा छेड़छाड़ करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें, ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भड़काऊ व अश्लील गाना बजाने पर होगी कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, बिस्कोहर, सिद्धार्थनगर** : बिस्कोहर पुलिस चौकी पर गुरुवार की सायं डीजे संचालकों और नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। संचालकों को चेतावनी दी गई कि शासन एवं न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही डीजे बजाएं। किसी ने मनमानी की तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उपजिलाधिकारी विकास कश्यप ने कहा कि होली पर्व पर भड़काऊ व अश्लील गाने न बजाएं। रंग, गुलाल उसी व्यक्ति के ऊपर डाले जो इच्छुक हो। किसी के ऊपर अनावश्यक या जबरदस्ती रंग न डालें। सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाएं। कहीं समस्या आती है तो सूचना दें, जिससे उसका समाधान कराया जा सके। थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। किसी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस व डायल 112 पर सूचना दें। चौकी इंचार्ज बिस्कोहर राकेश कुमार त्रिपाठी,नायाब तहसीलदार महेश कुमार, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय, जय हिन्द राजभर, अर्जुन यादव, जाग बल पांडेय आदि उपस्थित रहे।



बिस्कोहर चौकी पर होली पर्व को लेकर आयोजित बैठक में शामिल लोग ● **जागरण**

# सास की हत्या में बहू को उम्रकैद

## त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में 26 अक्टूबर 2012 को हुई थी घटना

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** अपर सत्र एवं जनपद न्यायाधीश द्वितीय हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने सास की हत्या करने वाली बहू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 60 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

त्रिलोकपुर पुलिस को दी गई तहरीर में बलरामपुर जिले के गैसड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना निवासी मो. हनीफ ने बहू सलीमुन्निशा पर पत्नी की हत्या का आरोप लगाया था। उसने कहा था कि 26 अक्टूबर 2012 को उसकी पत्नी बितना और बहू सलीमुन्निशा घर से तुलसीपुर चौराहे होते हुए बहू के मायके फूलपुर थाना त्रिलोकपुर के लिए गए थे।

उसी दिन बहू ने मोबाइल फोन से बताया कि मेरी पत्नी की लाश त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बिस्कोहर बेलवा गांव के दक्षिण नहर के किनारे गड्ढे में पड़ी है। पुलिस ने हत्या करके सबूत मिटाने का केस दर्ज कर विवेचना किया और विवेचना के बाद सलीमुन्निशा समेत चार के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय भेजा।

जहां सुनवाई के दौरान अभियुक्ता सलीमुन्निशा को दोषी ठहराया और शेष तीनों अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। राज्य सरकार की तरफ से पीड़ित पक्ष की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने की।

# नहीं मिला फुटेज, न्यायिक हिरासत में आरोपित

- मुस्लिम इंटर कालेज में गिरफ्तार हुआ था दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा युवक
- वह कितनी परीक्षा में हुआ था शामिल, नहीं मिल सका इसका उत्तर
- पुलिस ने तैयार किया है पूछताछ के लिए आठ बिंदुओं पर आधारित प्रश्न

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** मुस्लिम इंटर कालेज महदेईया में दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे युवक के पकड़े जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। कई ऐसे अनसुलझे बिंदु हैं, जो विभाग की व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। वह पहली बार परीक्षा देने आया था कि इसके पहले भी। कालेज प्रशासन से सीसी कैमरा फुटेज नहीं मिलने की स्थिति में इसका उत्तर नहीं मिल सका। गुरुवार को पुरानी नौगढ़ चौकी की पुलिस ने कालेज प्रबंधन और शिक्षकों से पूछताछ की।

वहीं बुधवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने आरोपित सुफियान अहमद को 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अब पुलिस ने पूछताछ से संबंधित आठ बिंदुओं पर प्रश्न तैयार किया है।

बुधवार सुबह की पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा थी। सदर थाना क्षेत्र में स्थित मुस्लिम इंटर कालेज महदेईया में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक युवक को कक्ष निरीक्षक व केंद्र व्यवस्थापक ने पकड़ा।

वह बर्डपुर स्थित एक कालेज में डी-फार्मा का छात्र है। इसके पास मिले परिचय पत्र में कहीं कोई फेरबदल नहीं मिला। पकड़े गए आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई अबु वफा मुसलमान के स्थान पर परीक्षा देने के लिए आया था। आरोपित के मुताबिक वह पहली बार परीक्षा देने के लिए आया था। उसकी बातों में कितनी सच्चाई है, पुलिस इसकी खोज में जुटी है।




आरोपित के पास मिला था प्रवेश पत्र • जागरण

## साल्वर गिरोह से भी जुड़ रहा नाता

फालोअप

21 फरवरी को गाजीपुर के रेहटी मालीपुर स्थित जय मां दुर्गा इंटर कालेज में हाईस्कूल गणित की परीक्षा में साल्वर गिरोह के पांच सदस्य पकड़े गए। पकड़े गए यह आरोपित दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे थे। इनमें एक आरोपित सिद्धार्थनगर के गोल्हौरा गांव निवासी विजय पाल सिंह है। वह बांसी के एक कालेज से डी-फार्मा की पढ़ाई कर रहा है। इसके अलावा अन्य पकड़े गए आरोपित बलरामपुर की अमिता पांडेय, बस्ती निवासी प्रांजल सिंह, ऋषभ सिंह, व देवीपाटन की जयंती सोनी के निवासी हैं। इनमें एक स्नातक की छात्रा भी है। पकड़े जाने के बाद जांच एजेंसियां हरकत में आ गई हैं। वह तराई क्षेत्र में इसके नेटवर्क की तलाश में जुट गई है। इस संबंध में अनूप मिश्रा, प्रभारी पुलिस चौकी पुरानी नौगढ़ ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर दूसरे छात्र के स्थान पर परीक्षा दे रहे आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर लेकर पूछताछ किया जाएगा। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए प्रश्न तैयार किया गया है।

# शिवधारी बने चिल्हिया थाने के प्रभारी

**सिद्धार्थनगर :** एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार की देर रात चिल्हिया थाना प्रभारी रहे दीपक कुमार को हटा दिया है। उन्हें डीसीआरबी का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं शोहरतगढ़ थाने में तैनात निरीक्षक शिवधारी को चिल्हिया थाने की कमान सौंपी है।

# पुलिस ने डीजे संचालकों के साथ की बैठक

**बिस्कोहर।** त्रिलोकपुर थाना के बिस्कोहर पुलिस चौकी के परिसर में बृहस्पतिवार शाम को डीजे संचालक की बैठक हुई। चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी ने सभी संचालकों से अश्लील गाने बजाने को लेकर सख्त हिदायत दी गई है। निर्देशों का पालन न करने वाले संचालक पर कार्रवाई होना निश्चित है। इस मौके भाजपा नेता सुधीर त्रिपाठी, सपा नेता सुरेश पांडेय, मोना पांडेय, मोईद खां, सलाहुद्दीन, निरपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# बोर्ड परीक्षा : पांच दिन नहीं पकड़ा गया सुफियान

## पुलिस खंगालेगी फुटेज, चूक या फिर जानबूझकर बैठाया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेइया में चचेरे भाई के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया गया सुफियान पांच दिन परीक्षा दे चुका था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह चूक है या जानबूझकर उसे बैठाया गया था। इसके लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगालेगी।

क्षेत्र के मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेईया में बुधवार सुबह अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट संजय सिंह ने एक संदिग्ध छात्र को पकड़ा। उसके प्रवेश पत्र और आधार कार्ड से मिलान किया गया तो पता चला कि वह दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। जब पूछताछ की तो उसने बताया कि वह अपने चचेरे भाई अबुलफा के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

उसका नाम सुफियान निवासी गुलावगढ़ बर्डपुर नंबर कोतवाली का निवासी है। केंद्र व्यवस्था व प्रधानाचार्य काजी मोहम्मद तारिक की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी और नकल अधिनियम के तहत केस दर्ज करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

लेकिन एक दो नहीं, बल्कि पांच प्रश्न पत्र दूसरा व्यक्ति देता रहा और किसी को जानकारी नहीं लगी। इस पर पुलिस को संदेह है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सबसे पहले सीसी कैमरे को खंगालेगी। क्योंकिं हर दिन की हाजिरी पूरी बताई जा रही है। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि मुन्ना भाई कैसे परीक्षा देता रहा और किसी को जानकारी नहीं है।

पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि चूक है या फिर इसके पीछे नकल का खेल है। वहीं एक ही केंद्र पर दो बच्चों के रस्टीकेट और मुन्ना भाई के पकड़े जाने के बाद अधिकारी सकते में हैं। क्योंकि नकलविहीन परीक्षा कराने के दावे पर यह बड़ा सवाल है।

**बोले अधिकारी**

पकड़े गए आरोपी के खिलाफ केंद्र व्यवस्थापक ने सदर थाने में केस दर्ज करवाया है। यह चूक कैसे हुई, इसकी जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-अवधेश नारायण मौर्य,** जिला विद्यालय निरीक्षक सिद्धार्थनगर

**बोले चौकी प्रभारी**

आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दस्तावेज के साथ ही सीसी कैमरे के फुटेज को खंगाला जाएगा कि कैसे परीक्षा केंद्र में प्रवेश किया। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि सभी प्रश्न पत्रों की परीक्षा में शामिल था या नहीं। अगर सभी प्रश्न पत्रों की परीक्षा उसी ने दी है तो यह बड़ी चूक है।

**-विवेचक व चौकी प्रभारी पुरानी नौगढ़ अनूप कुमार मिश्र**

# शिवधारी बने चिल्हिया थानाध्यक्ष

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बुधवार देर रात कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के मद्‌देनजर थानाध्यक्ष चिल्हिया दीपक कुमार को हटाकर डीसीआरबी में भेज दिया। वहीं शोहरतगढ़ थाना में तैनात निरीक्षक शिवधारी को चिल्हिया थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। संवाद



बढ़नी पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक में मौजूद भारत और नेपाल पुलिस की टीम। संवाद

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार

**बढनी।** होली के मद्देनजर बढ़नी पुलिस चौकी में बृहस्पतिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मामले की अपील की गई। नायब तहसीलदार महबूब आलम ने कहा कि आपस में मिलजुलकर त्योहार मनाएं। क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ जयराम ने कहा कि आगामी होली और शबे बरात पर्व को सभी लोग शासन के निर्देशानुसार मनाएं।

सफाई व्यवस्था के लिए नगर पंचायत कर्मियों को निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक ढेबरूआ छत्रपाल सिंह ने कहा कि कस्बे में परंपरागत जुलूस ही निकले जाएंगे। इस दौरान एसएसबी के एसआई अंकुश कुमार, मदन लाल, नेपाल कृष्ण नगर लिंक गेट इंस्पेक्टर एसके ओली, भाजपा नेता राजू शाही, राजकुमार अग्रहरि आदि मौजूद रहे। संवाद



SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-03-2023

# दो पक्षों में मारपीट केस दर्ज

**बखिरा (एसएनबी)।** बखिरा थाना क्षेत्र के बभनी चौराहे पर बीते एक मार्च की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज किया है। थाने में दिए गए तहरीर में बभनी निवासी राजबहादुर सिंह पुत्र स्व. सुखदेव सिंह ने उल्लेख किया है एक मार्च की सुबह 7.30 बजे के लगभग पुरानी रंजिश को लेकर हमारे ही गांव के रामपाल पुत्र भगवन्त बभनी चौराहे पर अकेला पाकर अपशब्द कहने लगे और विरोध करने पर लाठी-डंडा से मारा-पीटा और जान-माल की धमकी देते हुए चले गये। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रेम व सौहार्द के साथ मनाएं होली का त्योहार

**मेंहदावल (एसएनबी)।** हर त्यौहार शांति व सद्भावना का प्रतीक होता है त्यौहार का असली आनंद तब है जब समरसता व भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार को संपन्न कराने में नागरिक व स्थानीय जनता अपनी अहम भूमिका निभाए और प्रशासन का सहयोग करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में रंगों के त्योहार को संपन्न कराएं। ये बातें मेंहदावल एसडीएम योगेश्वर सिंह ने होली त्यौहार के मद्देनजर मेंहदावल और बेलहर थाना क्षेत्र में पैदल मार्च के दौरान कहीं। पैदल मार्च में सीओ समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। पैदल मार्च के दौरान एसडीएम मेंहदावल योगेश्वर सिंह ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि होली के त्यौहार पर कीचड़, वार्निश का प्रयोग कदापि न करें। गुलाल व अबीर के साथ हर्षोल्लास के बीच त्यौहार को संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उपद्रवी तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। हुडदंग होली को बदरंग करता है ऐसे में प्रेम सौहार्द के साथ-साथ शांति व्यवस्था बनी रहे इस प्रकार त्योहार मनाएं। किसी को असुविधा न हो और जबरन किसी को रंग गुलाल न लगाएं तथा असामाजिक तत्वों व हुडदंग मचाने वालों की सूचना प्रशासन को दें जिन पर कार्रवाई तत्काल की जाएगी।

# प्रधान समेत आठ के विरुद्ध संगीन धाराओं में केस

बेलहर(एसनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के बभनी गांव का विवाद आए दिन बढ़ता जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों का ध्यान उस तरफ नहीं जा रहा है। लगातार ही रही घटना से यह साफ दिख रहा है कि आने वाले समय में कोई बड़ी अनहोनी ना हो जाय। ग्राम पंचायत बभनी के ग्राम प्रधान व उनके समर्थकों के खिलाफ लगभग आधा दर्जन मुकदमें पूर्व में भी हो चुके हैं लेकिन मुकदमा दर्ज होने के बाद कार्रवाई न होने से प्रधान व उनके लोगों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम बभनी निवासी श्याम पाल सिंह पुत्र स्वर्गीय भगवंत सिंह ने कहा है कि वह अपनी भाभी प्रियंका सिंह पत्नी रामपाल सिंह को लेकर मेंहदावल तहसील जा रहे थे। पचपेड़वा प्राथमिक विद्यालय के निकट जैसे ही पहुंचे उक्त गांव के ग्राम प्रधान राधेश्याम समेत लगभग एक दर्जन लोगों ने मेरी मोटरसाइकिल को ओवरटेक करके रोक लिया और रुकते ही लाठी-डंडा व लात-घूसों से मारने पीटने लगे और मेरी भाभी को पीट-पीटकर घायल कर दिया। गले की चेन, कान का फूल, अंगूठी व 1550 ₹ नगदी छीन कर भाग गए। मेरे शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। परीक्षा ड्यूटी में जा रही पुलिस ने मेरी जान बचाई। पीड़ित ने कहा है कि रास्ते के विवाद को लेकर आए दिन ग्राम प्रधान समेत दर्जनों लोग मुझे परेशान कर रहे हैं। इसके पूर्व कई बार उन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते मेरे जान-माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित श्याम पाल सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने राधेश्याम मौर्य पुत्र शिव मूरत मौर्य, सत्यम सिंह, शिवम सिंह पुत्रगण अजय सिंह, राजाराम, अनूप पुत्र गढ़शंकर, निखिल पुत्र राजेश, इन देश पुत्र राजाराम अमित पुत्र बृजकिशोर समेत लगभग एक दर्जन लोगों के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 341, 392 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन ने बताया कि पीड़ित श्याम पाल सिंह की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन कर उक्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जगह-जगह सज रही जुए की महफिल

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत हैंसर, पौली व नाथनगर ब्लाक में इन दिनों जगह-जगह जुए की महफिल सरेआम सज रही है और लोग निर्भिक होकर दिन-रात जुआ खेल रहे हैं। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के प्रजापितपुर के निकट स्थित बाग, धनघटा कस्बे के बाहर स्थित धनघटा शिवमंदिर, बकौली बाग और चपरा पूर्वी गांव स्थित मण्डी परिषद का हाट बाजार, महुली, हरिहरपुर, नाथनगर कस्बे से लेकर बड़का पुरवा के गांव की बाग में, नाथनगर में कठिनईया नदी के किनारे कर्बला समेत कई अन्य स्थान ऐसे है जहां सुबह ही युवाओं की टोली पहुंच जाती है और देर रात तक जुए का कारोबार चलता रहता है।

धनघटा कस्बे के बाहर स्थित अनेक ऐसे वीरान भवन मिल जाएंगे जहां जुआरियों का जमावड़ा सुबह-शाम लग जाता है। पूरे क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में जुआरी युवक रोज वहां पहुंचते है और

**तहसील क्षेत्र के हैंसर, पौली व नाथ नगर में कई ऐसे स्थान हैं जहां सुबह से देर रात तक खेला जाता है जुआ**

दिन-रात जुआ खेलते रहते है। इतना ही नहीं इन भवनों में कारोबार की देखरेख करने वाले व्यक्ति को सभी जुआरी मिलकर सुरक्षा देने के बदले भारी रकम रोज मुहैया कराते है। जुआरियों की माने तो सुरक्षा की जिम्मा सम्भलने वाले युवक की स्थानीय प्रशासन में भी अच्छी घुसपैठ है जिसके नाते सब कुछ जानकारी होने के बाद भी पुलिस चुप्पी साधे रहती है। वैसे कुछ भी हो इस करोबार से क्षेत्र के युवा बर्बादी की कगार पर पहुंच जा रहे हैं और रुपया जीतने की लालच में रोज घर की पूजी नष्ट कर रहे हैं। क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोगों ने स्थानीय पुलिस से तत्काल इस करोबार को बंद कराने की मांग किया है। इस बारे में पूछे जाने पर एसडीएम धनघटा डा.रविन्द्र कुमार ने कहा कि हमें इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है जल्द ही जानकारी करके छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। तहसील क्षेत्र के धनघटा थाना हो या महुली कहीं पर भी जुए का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा।

# कच्ची के ठिकानों पर छापेमारी जारी



नदी तट पर रेत के नीचे छिपाकर रखी गयी कच्ची शराब को बाहर निकालते पुलिसकर्मी व छापेमारी के दौरान बरामद शराब बनाने के उपकरण।

धनघटा (एसएनबी)। डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत के नेतृत्व में धनघटा थानान्तर्गत सरयू नदी के दियारे में संचालित कच्ची शराब के कारोबार के ठिकानों पर बुधवार को पुलिस द्वारा शुरू किया गया छापेमारी अभियान लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रही। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने पौली ब्लाक अन्तर्गत भोतहा-तेजपुर गांव के समीप नदी की दो धाराओं के बीच नाव के सहारे पहुंचकर कच्ची कारोबारियों के ठिकानों पर घेराबंदी कर जबरजस्त छापेमारी अभियान चलाया।

प्रभारी निरीक्षक के साथ सादे में भारी संख्या में नाव पर सवार होकर पुलिसकर्मी भोतहा-तेजपुर गांव के समीप नदी तट से नदी की पहली धारा पार कर कारोबारियों के ठिकाने पर पहुंचने के लिए जैसे ही आगे बढ़े तो कारोबारियों ने पुलिसकर्मियों को दूर से ही देख लिया तो कारोबारी कच्ची निष्कर्षण का कार्य छोड़कर पुलिस टीम के पहुंचने से पूर्व ही नदी की धारा में कूद कर मौके से फरार हो गए। कारोबारियों के ठिकाने पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर लगातार कई घंटो तक तलाशी अभियान चलाया। जगह-जगह नदी तट पर रेत के नीचे बड़ी-बड़ी प्लास्टिक की पन्नियों में भरकर छिपाकर रखी गई अर्द्धनिर्मित और तैयार कच्ची शराब को खुदाई करके बाहर निकालना शुरू किया तो पुलिसकर्मियों के भी होश उड़

**प्रभारी निरीक्षक धनघटा के नेतृत्व में पौली ब्लाक क्षेत्र में पुलिस ने नदी की दो धाराओं के बीच मारा छापा**

**छापेमारी में 18 कुन्तल अर्द्धनिर्मित कच्ची शराब, 100 लीटर.तैयार कच्ची शराब और शराब बनाने में उपयोग होने वाले तमाम उपकरण बरामद**

**कारोबारियों के ठिकानों पर धधक रही आधा दर्जन भट्ठियों को तोड़कर पुलिस टीम ने किया नष्ट**

गए। खुदाई के दौरान जगह-जगह प्लास्टिक की पन्नियों में भरी सैकड़ों-सैकड़ों लीटर अर्द्धनिर्मित शराब बाहर निकलने लगी। इस प्रकार खुदाई कर पुलिस टीम ने कुल 18 कुन्तल अर्द्धनिर्मित शराब बरामद कर मौके पर नष्ट किया। इसके अलावा 100 लीटर से अधिक मात्रा में बिक्री के लिए रेत के नीचे छिपाकर रखी गई तैयार कच्ची शराब को भी पुलिस टीम ने बरामद किया है। इसके अलावा मौके पर भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण जैसे बड़ें-बड़े बर्तन, ड्राम, पाइप, कोयला और लकड़ियों के ढेर भी पुलिस ने मौके से बरामद किया और सबको तोड़कर नदी की धारा में विलीन कर दिया। पुलिस टीम ने मौके पर धधक रही आधा दर्जन भट्ठियों को भी तोड़कर नष्ट कर दिया है। लगातार दूसरे दिन पुलिस द्वारा की गई छापेमारी से क्षेत्र के कच्ची कारोबारियों के बीच हड़कम्प मच गया है। छापेमारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक धनघटा समेत पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, हे. का. प्रदीप सिंह बिशेन, हे.का. जुबेर अली, हे.का. धर्मेन्द्र यादव, पंकज यादव, सर्वेश यादव, सलमान, आनन्द कुमार पटेल, राजन खरवार, रंजन राजभर व जितेश कुमार सहित अन्य तमाम पुलिसकर्मी शामिल रहे। छापेमारी के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि आगे भी कच्ची के ठिकानों पर पुलिस का छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में पुलिस कच्ची कारोबार को पूरी तरह से नष्ट करके ही दम लेगी।

# दुधारा में पीस कमेटी की बैठक

सेमरियावां (एसएनबी)। आगामी पर्व होली एवं शबे बारात को सकुशल संपन्न कराने को लेकर बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान त्योहारों में आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा तथा उनके निस्तारण के बारे में उपाय बताया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने लोगों से शांतिपूर्ण रूप से त्योहार मनाए जाने की अपील की गई तथा गड़बड़ी करने वालों सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। नशीली वस्तुओं से भी दूर रहने की चेतावनी दी गयी। इस दौरान एसडीएम सदर रमेश चंद्र, सीओ अंशुमान मिश्र, प्रभारी निरीक्षक दुधारा अनिल कुमार दूबे, चौकी इंचार्ज वाघनगर शैलेन्द्र सिंह, चौकी इंचार्ज पचपोखरी विनोद कुमार यादव, रामसागर चौधरी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के संभ्रांत लोग ग्राम-प्रधान गण उपस्थित रहे।

# आपसी सौहार्द व आदर के साथ मनाएं त्योहार : डीएम

संतकबीरनगर (एसएनबी)। होली त्योहार एवं शबे-बारात को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में



बैठक को संबोधित करते डीएम संदीप कुमार।

सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी श्री कुमार ने जनपद के शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाये रखते हुए त्योहारों को आपसी तालमेल से भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

उन्होंने जनपद के विभिन्न इलाकों में बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं समिति के सदस्यों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यकतानुसार संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने किसी भी समस्या अथवा शिकायत की दशा में तत्काल प्रशासन/पुलिस प्रशासन को सूचित करने की भी अपील की। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने उपस्थित ग्राम प्रधानों/अन्य संभ्रांत नागरिकों के माध्यम से जनपदवासियों को होली एवं शबे-बारात के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं आपसी समन्वयता के साथ मानने की अपील करते हुए कहा कि चूंकि होली एवं शबे-बारात का त्योहार सामान्य तौर पर अलग-अलग समुदायों के श्रद्धा और परम्परा से जुड़ा है इसलिए सभी लोग एक दूसरें की भावनाओं का आदर एवं सम्मान करते हुए अपने-अपने हिसाब से त्योहारो को मानवें। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति आपसी भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में व्यवधान पैदा करने की कोशिक करते हुए पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। शांति समिति की बैठक के उपरान्त नवागत जिलाधिकारी संदीप कुमार एवं अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव का शांति समिति के सदस्यों एवं संभ्रांत नागरिकों के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी पीके पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वरं सिंह, उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ. रवीन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अंशुमान मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा दीपांशी राठौर, पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मोहन झा, डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी, जिला आबकारी अधिकारी आरपी तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी तिवारी, ओएसडी बलदाऊ शर्मा, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित समस्त अधिशासी अधिकारी, समस्त थाना प्रभारीगण एवं सम्मानित ग्राम प्रधानगण एवं संभ्रांत नागरिक आदि उपस्थित रहे।


# चोरी की टीवी के साथ चोर गिरफ्तार

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली पुलिस ने गुरूवार को चोरी की टीवी के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के नाथनगर कस्बा निवासी शिवभभूती शुक्ला नाथनगर कस्बे में ढाबा चलाते हैं। बुधवार की भोर में उनके ढाबे में लगी टीवी को अज्ञात चोरो ने उड़ा दिया था। घटना के संबंध में ढाबा संचालक ने थाना क्षेत्र के नाथनगर निवासी मोनू कुमार गौड़ पुत्र मुराली के उपर टीवी चोरी किए जाने की आशंका जताते हुए महुली पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया था जिसके आधार पर पुलिस ने उक्त मोनू कुमार गौड़ के विरूद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन कर रही थी। गुरूवार की सुबह पुलिस ने मोनू कुमार गौड़ को गिरफ्तार कर उसे आईपीसी की धारा 380,411,457 के तहत जेल भेज दिया।

# डीएम व एसपी ने थाना धर्मसिंहवा का किया निरीक्षण

**धर्मसिंहवा( एसएनबी)** । थाना धर्मसिंहवा इन दिनों रोशनी से जगमगा रहा है। थाना प्रांगण में हरियाली और ग्रीन पार्क आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गुरुवार को धर्मसिंहवा थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता थाने की स्वच्छता और हरियाली देखकर खुश नजर आये। दोनों उच्चाधिकारियों ने थानाध्यक्ष समेत सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।

दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यहां पर वेस्टेज का प्रयोग करके गमले और दूसरे सामान बनाए गए हैं। थाने का कोई ऐसा हिस्सा नहीं है जहां पर पौधा न हो। यही नहीं फूल वाले पौधों के साथ-साथ यहां छायादार वृक्ष भी लगाए गए हैं। थाने का हर कोना साफ-सफाई और पौधारोपण से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण आज के समय में वेहद जरूरी है। पौधों के लगने से थाने की सजावट तो अलग ही हो रही है साथ ही पर्यावरण को भी फायदा हो रहा है। सभी पुलिसकर्मियों ने यहां पर पौधे लगाए हैं। सब इन पौधों का मिलकर ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि इससे थाने में काम करने वाले कर्मचारियों को भी शांति का एहसस होता है। थाने में आने वाले लोग पेड़ पौधों को देखकर वेहद खुश होते हैं। दोनों अधिकारियों ने थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों अपराध रजिस्टर,आगंतुक रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या, बलवा से संबंधित रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना धर्मसिंहवा अनिल कुमार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी



## स्वच्छता व हरियाली देख खुश नजर आये डीएम व एसपी

का अवलोकन किया। अभिलेखों को अद्यावधिक करने एवं उचित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत अंकन करने तथा समस्या का निस्तारण करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में फरियादियों से निरन्तर फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर में अद्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने थाना परिसर, आरक्षी बैरक, भोजनालय, मालखाना, शस्त्रागार, वंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क आदि उपस्थित रहे। **मुसहरा गांव का डीएम-एसपी ने किया भ्रमण** : आगामी पर्व होली व शबेबारात के दृष्टिगत जनपद के थाना धर्मसिंहवा क्षेत्रान्तर्गत मिली जुली आवादी वाले मुसहरा गांव में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें गांव के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधान व अन्य काफी संख्या भाग लिया। जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। ग्राम वासियों को निर्देशित किया कि त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु सख्त हिदायत दी। इसके वाद मुसहरा गांव का भ्रमण किया।

**हालात** | डीएम व एसपी की छापेमारी के बाद खुली पोल, पुलिस व आबकारी विभाग की कार्रवाई पर उठ रही अंगुलियां, जनपद में कच्ची शराब पर रोक लगाने के दावा हो रहा खोखला

# जिले में कच्ची शराब पर लगाम लगाना जिम्मेदारों के लिए चुनौती

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद में अधिकारियों का अवैध कच्ची शराब पर रोक लगाने का दावा पूरी तरह से खोखला हो रहा है। धनघटा थाना क्षेत्र में डीएम व एसपी के संयुक्त छापेमारी के बाद स्थानीय अधिकारियों के कार्यप्रणाली की पोल खुलकर सामने आई।

पुलिस व आबकारी विभाग की कार्रवाई पर भी अंगुलियां उठ रही हैं। अवैध कच्ची शराब पर लगाम लगाना जिम्मेदारों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण काम बन गया है। जिले के दर्जनों गांव अवैध कच्ची शराब बनाने और

### पूर्व में विभागीय संलिप्तता आई थी सामने

अवैध कच्ची शराब मामले में पूर्व में आबकारी विभाग की संलिप्तता सामने आई थी। वर्ष 2019-20 में सीओ आनंद कुमार पांडेय की अगुवाई में पुलिस टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब के धंधे पर लगाम लगाने का प्रयास शुरू किया था। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपितों से चौंकाने वाले तथ्य निकलकर सामने आए। इसके बाद सीओ ने मामले की गोपनीय जांच शुरू किया। जिसके बाद आबकारी विभाग में तैनात सिपाही का नाम प्रकाश में आया। पूरी रिपोर्ट तैयार कर सीओ ने उच्चाधिकारियों को भेजा। जिसके बाद उसे यहां से स्थानांतरित करके अन्यत्र भेज दिया गया।

बेचने के मामले में चर्चित हैं। अवैध शराब कारोबारियों पर रोकथाम के लिए आबकारी विभाग दिन रात जुट[?]

किए हुए हैं। इसके बाद भी तमाम स्थानों पर खुलेआम शराब बन और बिक रही है। आबकारी विभाग के

> होली के त्योहार पर शराब की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में अवैध कच्ची शराब पर लगाम लगाने के लिए अन्य पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। अवैध शराब बनाने और बिकवाने में यदि किसी की संलिप्तता सामने आती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई तय है।
>
> -सत्यजीत गुप्ता, एसपी

लोग पुलिस और पुलिस के लोग आबकारी विभाग पर संरक्षण देने का आरोप मढ़ते रहते हैं। अवैध

जहरीली शराब से किसी घटना के बाद जिम्मेदार जागते हैं और ताबड़तोड़ छापेमारी कर कार्रवाई करते हैं। कुछ दिन के बाद मामला शांत होने के बाद फिर से ठंडे बस्ते में कार्रवाई चली जाती है। कारोबारी फिर से अपने धंधे में मस्त हो जाते हैं। धनघटा थाना क्षेत्र के मांझा में अवैध कच्ची शराब का धंधा काफी लंबे समय और जोरों से चलता है। इसकी जानकारी पुलिस और आबकारी विभाग के सभी जिम्मेदारों को है। इसके बाद भी वहां पर आज तक अवैध शराब के कारोबार पर लगाम

नहीं लग सकी। डीएम और एसपी के छापेमारी में लगभग 2.5 हजार लीटर लहन बरामद हुआ। जिसे अधिकारियों ने अपने देखरेख में नष्ट कराया। इसकी भनक स्थानीय पुलिस टीम व आबकारी विभाग को नहीं लग सकी। स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में हैं। जबकि होली के त्योहार से पूर्व बड़े पैमाने पर लहन की बरामदगी यह दर्शा रही है कि घाघरा की तलहटी में अवैध कच्ची शराब कुटीर उद्योग के रूप में अब भी फल-फूल रहा है।

# दुर्घटना में जख्मी को इलाज के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया।

पीआरवी 1483 को थाना कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव से दुर्घटना में कमलेश पुत्र रामप्रीत निवासी धुरियापार भरपुरवा थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर के घायल होनें के संबंध में सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। घायल को एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को सूचना दी।

# मांझा में कच्ची शराब के खिलाफ छापा



माझा क्षेत्र में छापा मारकर लहन की बरामदगी करते पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। आगामी होली त्योहार पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए धनघटा थाना क्षेत्र में निर्मित कच्ची शराब के खिलाफ प्रशासन ने कमर कस ली है। डीएम व एसपी के छापे के बाद दूसरे दिन पुलिस टीम ने धनघटा थाना क्षेत्र स्थित पौली के मांझा में गुरुवार की सुबह कच्ची के खिलाफ अभियान चलाया।

कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली 18 कुंतल लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। क्षेत्र में कच्ची शराब के कारोबार का गढ़ बने सरयू के मांझा क्षेत्र को लेकर प्रशासन गंभीर हो चुका है। बुधवार की शाम मांझा में डीएम, एसपी के साथ पहुंची पुलिस टीम की कार्रवाई से कच्ची के कारोबारियों में हड़कंप मचा है। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश का गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक धनघटा व चौकी इंचार्ज पौली धर्मेंद्र मिश्रा की अगुआई में पुलिस टीम तेजपुर, भोतहा, नकहा, पड़रिया के मांझा इलाके में कच्ची के खिलाफ अभियान चलाया।

> होली त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में अमन व शांति बनाए रखना पहली प्राथमिकता है। कच्ची के खिलाफ कार्रवाइयों का सिलसिला जारी है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।
>
> -जयवर्धन सिंह, प्रभारी निरीक्षक

# मां-बेटी के साथ हुई मारपीट, केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के कुसुम्हीडाडी गांव में मां बेटी के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया।

पुलिस ने पीड़िता के शिकायत पर आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़िता चंद्रावती देवी ने अपने शिकायत में बताया कि उनकी पुत्री भैंस चराने गई थी। आरोप है कि गांव के लोग वहां पर जाकर लड़की के साथ मारपीट करने लगे। उस समय वह रिस्तेदार के घर थी। जैसे ही उन्हें पता चला तो घर पर आ गई। सभी लोगों ने मिलकर उसे भी मारपीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाल ने बताया कि पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर आरोपित संतोष, रेनू, खुशबू व रोली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना में घायलों को मेडिकल परीक्षण एवं उपचार के लिए पुलिस निगरानी में अस्पताल भेज दिया गया है।

# किशोरी गायब, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक किशोरी के गायब होने के मामले में पीड़ित का प्रार्थना पत्र मिलने पर गुमशुदगी दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़ित के अनुसार उसकी 17 वर्षीय बेटी 28 फरवरी को घर से कहीं चली गई। पुलिस टीम को किशोरी की बरामदगी के लिए लगा दिया गया है।

# पुलिस ने 48 वाहन चालकों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले 48 वाहन के चालकों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए जांच पड़ताल की। समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने 48 वाहनों के चालकों से 36 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# एसडीएम ने पुलिस के साथ मार्च कर सुरक्षा का कराया अहसास

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। एसडीएम योगेश्वर सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने गुरुवार को नन्दौर व आस-पास के प्रमुख बाजारों का भ्रमण किया। जगह-जगह संदिग्ध दिखाई पड़ने वाले लोगों से पूछताछ की। शबे-बारात व होली त्योहार में शांति व्यवस्था में बहाली के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

एसडीएम श्री सिंह के साथ सीओ राजीव कुमार व बखिरा पुलिस ने नन्दौर, रानीपुर आदि जगहों पर भ्रमण किया। ग्रामीणों, कारोबारियों को सुरक्षा का भरोसा दिया। प्रमुख जगहों पर संदिग्ध लग रहे लोगों से पूछताछ की। लोगों से कहा कि किसी भी अराजक तत्व व माहौल खराब करने वाले की जानकारी होने पर तुरन्त पुलिस को सूचना दें। आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए एक-दूसरे को सहयोग के प्रति प्रेरित किया। कहा कि त्योहार को मिल-जुलकर मनाएं।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के बभनी गांव निवासी एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राजबहादुर ने बताया कि एक मार्च की सुबह साढ़े सात बजे पुरानी रंजिश की वजह से गांव निवासी रामपाल नेमारापीटा। धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रामपाल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मारपीट मामले का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने मारपीट के मामले में चल रहे वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। थाना धनघटा पुलिस घर में घुसकर मारपीट, धमकी, एससीएसटी एक्ट से संबन्धित आरोपित अभियुक्त सोन निवासी डुहिया कला को गिरफ्तार किया आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी की। संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

# आठ नामजद व छह अज्ञात पर केस दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के बभनी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी सहन की जमीन पर जबरन रास्ता का निर्माण कराने का आरोप लगाया है। गांव के ही एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ बलवा, लूट समेत अन्य मामलों में केस दर्ज कराया है।

पीड़ित श्यामपाल सिंह का आरोप है कि गांव निवासी सत्यम सिंह समेत एक दर्जन से अधिक लोग ग्राम प्रधान की सह पर उसकी सहन की जमीन पर जबरन रास्ता का निर्माण कराना चाहते हैं।अपने सहन की जमीन में सड़क निर्माण करने विरोध करता है। एसओ श्याममोहन ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर सत्यम, प्रधान राधेश्याम, शिवम, राजाराम, अनूप, निखिल, इंद्रेश, अमित व छह अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# भाईचारे के साथ आपस में मिलजुल कर मनाएं त्योहार

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। होली व शबे-बारात को शांति पूर्वक मनाने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम व एसपी की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि त्योहार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाए। दोनों त्योहार खुशियों का त्योहार है।

जिलाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि यह जनपद कबीर जैसे महापुरुष से जुड़ा हुआ है। जो हमेशा शांति प्रिय व सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाए रखने का संदेश देते रहे। उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार सम्बंधित विभागीय अधिकारी सहयोग करें। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने ग्राम प्रधानों अन्य गणमान्य व्यक्तियों के माध्यम से जनपदवासियों को होली एवं शबे-बारात के त्योहारों को शांति एवं आपसी समन्वयता के साथ मानने की अपील करते हुए कहा कि चूंकि होली एवं शबे-बारात का त्योहार सामान्य तौर पर अलग-अलग समुदायों के श्रद्धा और परम्परा से जुड़ा है, इसलिए सभी लोग एक दूसरें की भावनाओं का आदर एवं सम्मान करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर रमेश चन्द्र, नवीन श्रीवास्तव, योगेश्वर सिंह, डाक्टर रवीन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अंशुमान मिश्र, दीपांशी राठौर, राजीव यादव, एसीएमओ मोहन झा, जिला आबकारी अधिकारी आरपी तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव आदि मौजूद रहे।



कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को पीस कमेटी के साथ बैठक करते डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी व अन्य। • हिन्दुस्तान

**मुसहरा में डीएम व एसपी ने की शांति कमेटी की बैठक:** डीएम व पुलिस अधीक्षक धर्मसिंहवा क्षेत्रान्तर्गत मुसहरा में पीस कमेटी की मीटिंग की। इस मौके पर लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई तथा त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु सख्त हिदायत दिया गया तथा उपस्थित लोगों को भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु अपील किया गया।

## पौली में हुई पीस कमेटी की बैठक

पौली। पुलिस चौकी पौली में होली के त्योहार के मद्देनजर बृहस्पति वार को पीस पार्टी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि आने वाले होली के त्योहार आपसी भाईचारे तथा सौहार्द पूर्वक मनाएं। कहा कि त्योहार में खलल डालने वालो से सख्ती से निपटा जाएगा। इस मौके पर अताउल हक, सोनू तिवारी, रमेश यादव, गुलाब चन्द,औखू यादव, इमरान खान,उमेश सिंह, लाल साहब सिंह, हेड कांस्टेबल विजय सिंह,प्रदीप सिंह, बिसेन, जुबेर अहमद, संतोष यादव, सर्वेश यादव, पंकज यादव, सलमान अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अभिलेखों के रखरखाव पर दें ध्यान

धर्मसिंहवा, हिन्दुस्तान संवाद। डीएम और एस पी ने गुरुवार को धर्मसिंहवा थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण में थाना परिसर की साफ सफाई के साथ आफिस का निरीक्षण किया और होली त्योहार पर प्रशासन को सतर्क रहने का निर्देश दिया।

डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता गुरुवार को दोपहर धर्मसिंहवा थाना पर पहुंचे। निरीक्षण में अभिलेखों का निरीक्षण किया। मुदकमों की अद्यतन स्थिति जानी। अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या, बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि अभिलेखों का अवलोकन किया। अभिलेखों को अद्यावधिक करने एवं उचित रख रखाव हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत अंकन करने तथा समस्या का निस्तारण करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में फरियादियों से निरन्तर फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर में अद्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना परिसर, आरक्षी बैरक, भोजनालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कर्मचारियों व ग्रामप्रहरियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समस्याओं को सुना गया। होली त्योहार के मद्देनजर सतर्क रहने का निर्देश दिए।



धर्मसिंहवा थाने का गुरुवार को निरीक्षण करते डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

# टीवी चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

नाथनगर। महुली पुलिस ने चौबीस घण्टे के भीतर ही चोरी की टीवी के साथ एक चोर को दबोच लिया है। इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्र ने बताया कि मंगलवार की देर रात नाथनगर के जसौवर गांव मोड़ के सामने स्थित एक ढाबा के पिछले दरवाजे के फाटक तोड़कर चोर दाखिल हुआ। इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्र ने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी करके चोर को गिरफ्तार किया गया।

# होली में हुड़दंग हुई तो होगी कार्रवाई

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल तहसील क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर होली के मद्देनजर उप जिलाधिकारी योगेश्वर सिंह व सीओ राजीव कुमार ने पैदल गश्त कर लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की। इसके साथ ही अधिकारियों ने कहा कि यदि हुड़दंग हुई तो कार्रवाई भी होगी। सबसे पहले अधिकारी रानीपुर गांव में पहुंचे। लोगों से तय गाइडलाइन के अनुसार त्योहार मनाने को कहा। इसके साथ ही नंदौर कस्बे में भी अधिकारियों ने पैदल गश्त कर उपद्रव करने वालों से सख्ती से पेश आने का संदेश दिया।

# सक्रिय रहें अधिकारी, सूचना पर रखें निगाह

## डीएम-एसपी ने धर्मसिंहवा थाने व मुसहरा गांव का लिया जायजा, दिया निर्देश

जासं, धर्मसिंहवा, संतकबीर नगर : जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने गुरुवार को धर्मसिंहवा थाने का जायजा लिया। अधिकारियों ने कहा कि होली को लेकर सभी अधिकारी क्षेत्र में सक्रिय रहें। हर छोटी-बड़ी सूचना का संज्ञान लिया जाए। पूर्व की घटनाओं को देखते हुए काम होना चाहिए। गांव-गांव लोगों को मिलजुल कर त्योहार मनाने के लिए जागरूक करें। यह भी बताए कि यदि कोई गलती करेगा तो उसे सजा भुगतनी पड़ेगी।


डीएम-एसपी गुरुवार को थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में होली त्योहार पर पूर्व में हुई घटनाओं के बारे में चर्चा की। पूर्व के इतिहास व भौगोलिक स्थिति के अनुसार मंथन किया। पुलिस-प्रशासन को सक्रियता बरतने का निर्देश दिया। थानेदार अनिल कुमार से थाना क्षेत्र में अपराध व अन्य गतिविधियों के बारे में चर्चा की। थाने का जायजा लेने के बाद डीएम-एसपी क्षेत्र के संवेदनशील गांव मुसहरा पहुंचे। वहां पर स्थानीय लोगों के साथ चर्चा कर, होली त्योहार को प्रेम व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। डीएम ने कहा कि होली प्रेम व उमंग बांटने का त्योहार है। इसे हुड़दंग में तब्दील न करें। शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार को मनाएं। प्रत्येक धर्म व संप्रदाय के लोगों के साथ मोहब्बत व अमन फैलाने का काम करें। इससे समाज में एकजुटता आएगी तथा लोग एक-दूसरे के साथ कदमताल कर सकेंगे। उन्होंने गांव में परंपरागत तरीके से होली मनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस टीम गांव-गांव होली के पूर्व से ही सक्रिय रहेगी। सिपाही अपने बीट पर जरूर मौजूद रहेंगे। पुलिस देर रात्रि तक गश्त करेगी। हर छोटी-बड़ी घटनाओं व सूचनाओं को उच्चाधिकारियों से साझा कर उसका निस्तारण कराया जाए। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित पुलिसकर्मी पर कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी।



होली त्योहार को लेकर धर्मसिंहवा थाने का निरीक्षण करते डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

# 100 लीटर कच्ची बरामद, 18 क्विंटल लहन किया नष्ट

जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर: मंडलायुक्त के निर्देश का असर दिख रहा है। होली पर्व के मद्देनजर पुलिस टीम ने दूसरे दिन यानी गुरुवार को भी छापा डाला। धनघटा थाना के सरयू नदी के पास स्थित भोतहा गांव से 100 लीटर कच्ची बरामद किया। वहीं 18 क्विंटल लहन नष्ट किया। दो दिन से लगातार पड़ रहे छापे से धंधेबाजों में खलबली मची हुई है। थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह के नेतृत्व धनघटा थाने की पुलिस की टीम गुरुवार को सरयू नदी के पास स्थित भोतहा गांव में छापा डाला। इस दौरान छह भट्ठियों को नष्ट कर दिया। 18 क्विंटल लहन भी नष्ट किया। यहां से 100 लीटर कच्ची बरामद किया। इसके बनाने में उपयोग किए जाने वाले उपकरण को पुलिस अपने साथ लेती गयी। छापेमारी के दौरान उप निरीक्षक अनुज यादव, धर्मेंद्र कुमार मिश्र, प्रदीप सिंह, जुबेर अहमद, राजन खरवार, रंजन राजभर के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



धनघटा थाना के सरयू नदी के पास स्थित भोतहा गांव में कच्ची के साथ मौजूद पुलिस टीम • जागरण

- सरयू नदी के पास स्थित भोतहा गांव में पुलिस टीम ने की छापेमारी
- लगातार दूसरे दिन पुलिस के छापेमारी से धंधेबाजों में खलबली

### पुलिस टीम की छापेमारी से चर्चा तेज

पुलिस टीम द्वारा लगातार दूसरे दिन भी छापा डालने से धनघटा थाना क्षेत्र में चर्चा तेज हो गयी है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस व आबकारी विभाग इस थाना के घोरांग सहित अन्य ठिकानों पर छापेमारी करें तो यहां से भी काफी मात्रा में कच्ची बरामद हो सकता है। लोगों ने होली पर्व के पूर्व से पड़ रहे छापे से खुश हैं। इनका कहना है कि इससे धंधेबाजों में लगाम लगेगा। शांतिपूर्ण माहौल में इस पर्व को संपन्न कराने में मदद मिलेगी।

# रास्ते के विवाद में मारपीट नौ आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

- महिला के गले से चेन व नकदी लूटने का लगाया आरोप
- पूर्व में दोनों पक्षों के बीच में कुछ दिन पूर्व हुआ था विवाद

**जासं, बेलहर, संतकबीर नगर** : बखिरा थाना क्षेत्र के पचपेड़वा के पास बाइक रोककर महिला के गले से सोने की चेन व नकदी लूटने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आठ नामजद व एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध लूट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

तहरीर में बभनी के श्यामपाल सिंह ने लिखा है कि वह भाभी प्रियंका को बाइक से लेकर मेंहदावल तहसील आ रहे थे। अभी वह पचपेड़वा के पास ही पहुंचे थे कि रास्ते की विवाद से खार खाए सत्यम सिंह सहित अन्य लोगों ने रोककर हम दोनों के साथ लाठी-डंडे से पीटा। हमारी भाभी के गले से सोने की चेन छीन ली तथा पर्स में रखा हुआ 1550 रुपये लूटकर फरार हो गए। इस बीच कुछ लोगों ने बीच बचाव किया।

इस मामले में बखिरा पुलिस ने बभनी गांव के सत्यम सिंह, राधेश्याम मौर्य, शिवम सिंह, राजाराम, अनूप, निखिल, इंद्रेश, अमित तथा एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध लूट, बलवा सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

> दोनों पक्षों के बीच में पूर्व से ही विवाद चल रहा है। तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य संकलन के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> **श्याममोहन**, थानाध्यक्ष, बखिरा

**मुकदमे में पेशबंदी की चर्चा** : रास्ते के विवाद को लेकर पूर्व में दोनों पक्षों के बीच में कुछ दिन पूर्व विवाद हुआ' था। अक्सर दोनों परिवार आमने-सामने हो रहे हैं। बखिरा पुलिस के द्वारा दर्ज किया गया लूट का मुकदमा लोगों के गले नहीं उतर रहा है। दबी जुबान लोग इस मामले में पेशबंदी की चर्चा कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में लगी हुई है।

# गलत ढंग से दो बैनामा कराने के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश

संतकबीरनगर। न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन/जेएम प्रभात कुमार ने पीड़ित की जमीन को हड़पने के उद्देश्य से गलत चौहद्दी दिखाकर कर दो बैनामा कराने के मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश धर्मसिंहवा पुलिस को दिया है।

अधिवक्ता रणजीत कुमार चौधरी ने बताया कि धर्मसिंहवा क्षेत्र के बौर व्यास निवासी राममिलन यादव पुत्र भोला ने कोर्ट में तहरीर दी। जिसमें आरोप मढ़ा कि उसका मकान आबादी में स्थित है। लोगों की सहमति से आवागमन के लिए रास्ता निर्मित हुआ। जिस पर काफी दिनों से आवागमन हो रहा है। उस जमीन में मकान के अतिरिक्त उत्तर पूरब पीड़ित की जमीन छूटी है। जिसे हड़पने की फिराक में बलिराम, शेषमन काफी समय से प्रयासरत है। सड़क बन जाने से जमीन का महत्व और मूल्य काफी बढ़ गया है।

उक्त जमीन हड़पने के उद्देश्य से साजिश व जालसाजी कर गाटा संख्या 283 के मालिक कपिंद्र नाथ, योगेंद्रनाथ और गवाह बृजनंदन आदि कुछ लोगों की मदद से दो दस्तावेज तैयार कराए। आरोप है कि बलिराम पुत्र भगवती प्रसाद व भानमती पत्नी शेषमन ने गलत चौहद्दी तैयार करा कर रजिस्ट्री कराई। लोगों को मना करने पर अपशब्द कह रहे हैं। बांस-बल्ली से घेर कर कब्जा कर रहे हैं। थाने पर सूचना दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जरिए रजिस्ट्री एसपी को सूचना दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित को मजबूरी में कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद बलिराम, भानमती, कपिंद्र नाथ, योगेंद्र नाथ, बृजनंदन, ददूबल, इंद्रजीत, प्रमोद यादव के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश धर्मसिंहवा पुलिस को दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने सात दिन के अंदर पुलिस से आख्या मांगी है। संवाद

# होली पर्व में हो जाएं सावधान संतकबीरनगर में अवैध शराब

**धनघटा। होली के मद्देनजर डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने टीम के साथ धनघटा क्षेत्र के माझा में कच्ची शराब के ठिकानों पर छापा मारा। वहीं एसओ और आबकारी की टीम ने भी अवैध कच्ची शराब पर धावा बोला। टीम ने कच्ची शराब बरामद करने के साथ ही लहन भी नष्ट किए। उधर, संतकबीरनगर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने खलीलाबाद औद्योगिक क्षेत्र की दो इकाइयों और तीन दुकानों से मिलावटी चना दाल, खोवा और तेल के नमूने जुटाए।**

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने टीम के साथ धनघटा क्षेत्र के माझा में कच्ची शराब के ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान अवैध शराब की 18 भट्ठियां तोड़ी गई और काफी मात्रा में लहन नष्ट किया गया। 100 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। इसके अलावा दो ट्रैक्टर को पुलिस थाने ले गई। अवैध शराब के कारोबारी पुलिस टीम के हाथ नहीं लगे।

होली के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। बुधवार दोपहर बाद डीएम संदीप कुमार, एसपी सत्यजीत गुप्ता, एसडीएम डॉक्टर रविंद्र कुमार, सीओ दीपांशी राठौर के अलावा पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के ठिकानों पर छापा मारा। टीम तुर्कवलिया नायक, गायघाट, बिडहर घाट आदि के पास रेता में दबिश दी। एसपी ने बताया कि इस दौरान अवैध शराब की 18 भट्ठियां तोड़ी गई। 2,500 क्विंटल लहन नष्ट किया गया। करीब 100 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ।

एक्शन में पुलिस

## कार्रवाई में अवैध शराब की 18 भट्ठियां तोड़ीं, दो ट्रैक्टर सीज

एसपी ने बताया कि इसी दौरान दो ट्रैक्टर बरामद किया, जिसे थाने पर भिजवा दिया गया है। एसओ को निर्देश दिया गया है कि ट्रैक्टर सीज करें। कच्ची के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीमें लगातार माझा क्षेत्र में अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश देंगी। वहीं बृहस्पतिवार को थानाध्यक्ष धनघटा और आबकारी विभाग की टीम ने भोतहा गांव के सामने घाघरा नदी के किनारे छापा मारा। इस दौरान टीम ने 18 क्विंटल लहन और चार भट्ठियां नष्ट कराया।



धनघटा में कच्ची शराब के ठिकानों पर छापा मारती पुलिस। संवाद

## घाघरा बनी अवैध शराब बेचने वालों का सुरक्षित ठिकाना

धनघटा। क्षेत्र के घाघरा नदी का किनारा अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन गया है, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग की टीम इनके विरुद्ध कार्रवाई करती है। पूर्व में तत्कालीन जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने पुलिस टीम के साथ छापा मारकर भट्ठियों को नष्ट कराया था। साथ ही पूर्व में यहां रहे एसडीएम प्रमोद कुमार ने भी अभियान चलाकर 15 सौ लीटर कच्ची शराब, 60 क्विंटल लहन और 45 भट्ठियों को नष्ट कर चुके हैं। इसके अलावा थानाध्यक्ष और आबकारी विभाग की टीम घाघरा नदी के रेता में कार्रवाई करती है। थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने बताया कि पुलिस बराबर छापामारी करके अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करती है। उनके नेतृत्व में महीने में कम से कम दो बार अवश्य छापा मारा जाता है। जिसका नतीजा है कि अवैध कारोबार में गिरावट तेजी के साथ हो रहा है। संवाद

# जहां रहता तनाव, वहां पहुंचे डीएम-एसपी

## मुसहरा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक में शांति की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी

धर्मसिंहवा। धर्मसिंहवा क्षेत्र के मुसहरा गांव में कुर्बानी व होलिका जलाने को लेकर दो पक्षों में तनाव रहता है। पर्व से पहले प्रशासनिक अमला यहां पर कोई विवाद न हो, इसे लेकर सतर्क रहता है। उसी के क्रम में बृहस्पतिवार को डीएम-एसपी ने मुसहरा गांव का भ्रमण किया।

बाद में डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बृहस्पतिवार को धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के मुसहरा में ग्रामीणों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने लोगों से पारंपरिक तरीके से होली मनाने की अपील की। कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना हो तो तत्काल पुलिस को दें।

बाद में लोगों के साथ बैठक की। एक पक्ष के अरमान ने कुर्बानी किए जाने के लिए गांव में कहीं जगह दिलाने, साथ ही दूसरा पक्ष भी होलिका दहन विवादित जमीन से हटकर कहीं और करने की बात उठाई तो डीएम ने कहा कि आपसी विवाद का निस्तारण समझौते से हो सकता है, लेकिन इसके लिए पहले से तैयार होकर लोगों को प्रयास करना होगा। हालांकि दूसरा पक्ष इस विषय पर तैयार नहीं हुआ। डीएम ने कहा कि लोग शांति से त्योहार मनाएं। एसपी ने कहा कि गांव में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा। किसी ने गड़बड़ी करनी चाही तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

इस अवसर पर एसओ अनिल कुमार, पीआरओ जितेंद्र यादव, श्रीचंद्र निषाद, बृजमोहन निषाद, हरिश्चंद्र निषाद, ओमप्रकाश, कैलाश, अब्दुल खालिक, सिद्दीक, मकबूल और बहरैची आदि मौजूद रहे।

### थाने की साफ-सफाई देखकर खुश हुए एसपी

डीएम- एसपी ने मुसहरा में बैठक करने के बाद धर्मसिंहवा थाने का निरीक्षण किया। थाने की साफ-सफाई व प्राकृतिक छटा देख एसपी गदगद हुए। उन्होंने कहा कि यहां कैंप कार्यालय खोले जाने लायक है। एसपी ने थाने पर तैनात एसआई से विवेचना समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया। थाने के तमाम अभिलेखों की जांच की और दुरुस्त पाया। डीएम ने चौकीदारों से बातचीत की।

# जमीन बेचने के आरोप में केस दर्ज करने का आदेश

**संतकबीरनगर।** सीजेएम हरिकेश कुमार ने मृतक व्यक्ति को अपना पिता बनाकर फर्जी वरासत कराकर साजिश के तहत जमीन बेचने के मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है।

अधिवक्ता सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के पड़रिया निवासी बृजेंद्र कुमार पुत्र ब्रह्मानंद ने कोर्ट में तहरीर दी। जिसमें आरोप मढ़ा कि उसके गांव के सदानंद पुत्र श्रीराम ने कूटरचित दस्तावेज तैयार करके झिनकू पुत्र श्री राम को अपना पिता बताया। आरोप है कि मृतक की जमीन को सदानंद पुत्र श्रीराम ने अपने नाम फर्जी तरीके से वरासत करा लिया। बाद में अपने सहयोगी सिकंदर, जितेंद्र कुमार निवासी पड़रिया व त्रिभुवन निवासी देवरिया गंगा आदि के साथ षड्यंत्र रचा।

उसके बाद सदानंद ने फर्जी वसीयत के आधार पर 21 जून 2018 को सिकंदर को फर्जी बैनामा कर दिया। नायब तहसीलदार खलीलाबाद की जांच में पता चलने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। संवाद

# उधारी में ली गई रकम न लौटाने का आरोप

**धनघटा।** क्षेत्र के दुघरा कला गांव के पूर्व प्रधान ने धनघटा स्थित एक फर्म के संचालक पर उधारी में ली गई रकम को वापस न करने का आरोप लगाया है।पूर्व प्रधान फूलचंद चौहान का आरोप है कि चौहान बिल्डिंग मटेरियल के नाम से कृपालपुर में दुकान संचालित करते हैं। धनघटा स्थित शख्स ने उनसे गिटटी, मोरंग बालू, सीमेंट व सरिया उधारी में ली। उसके बाद तीन लाख तीन हजार आठ सौ रुपए दो दिन में वापस करने की बात कह कर नकद लिए। जब उनसे बकाया धनराशि की मांग की तो वह आनाकानी करने लगे। उसके बाद रकम लौटाने से इंकार कर रहे हैं। थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने बताया कि इस मामले में अवनीश तिवारी, अशोक तिवारी एके ट्रेडर्स के खिलाफ केस दर्ज किया गया। संवाद

# मारपीट के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के बभनी में पुरानी रंजिश में मनबढ़ ने युवक की पिटाई कर दी। पीड़ित राजबहादुर सिंह का आरोप है कि बुधवार को पुरानी रंजिश की वजह से गांव निवासी रामपाल ने उसे अकेला पाकर अपशब्द कहा। विरोध करने पर उसे लाठी, डंडे से मार पीट कर घायल कर दिया।

आरोप है कि जान से मारने की धमकी दिया। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि आरोपी रामपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-03-2023

# घर पर चढ़कर हवाई फायरिंग की

**दबंगई**

- दो सगे भाइयों के साथ ही एक महिला को किया लहूलुहान
- दो लोग लखनऊ रेफर, 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा

झंझरी, संवाददाता। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में भूमि विवाद में असलहा व लोहे की राड से लैस दबंग घर पर चढ़ गए और हमला बोल दिया। दबंगों ने पीड़ित परिवार के दो सगे भाइयों समेत एक महिला को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां से दो लोगों को गंभीर हालत में होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं पीड़ित पक्ष की ओर से 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के महिपत ठोरहंस गांव निवासी राजेश कुमार सिंह पुत्र हनुमान, उनके छोटे भाई जटा शंकर और जटा शंकर की पत्नी गीता सिंह गुरुवार को घर पर कुछ काम कर रहे थे। तभी एक दर्जन से अधिक लोग लोहे की राड, लाठी और असलहों से लैस होकर पहुंच गए और हमला बोल दिया। दबंगों ने घर में घुसकर राजेश सिंह उसके भाई जटा शंकर सिंह और गीता देवी को मारकर घायल कर दिया। यही नहीं दबंगों ने दोनो भाइयों को मरनासन्न करने के बाद कई राउंड हवाई फायरिंग भी किया। इसके बाद परिजनों ने घायल राजेश सिंह और जटा शंकर सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया । हालत गम्भीर होने पर दोनों भाईयो को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।

# नाली विवाद में दबंगों ने की पिटाई

परसपुर। ग्राम रेक्सड़िया में नाली विवाद को लेकर दबंगों ने धमकी देते हुए कृष्णावती व उसकी बेटी सुमन की पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़िता की ओर से गांव के खुशीराम सहित चार लोगों के विरुद्ध अपशब्द कहने सहित पिटाई का मामला दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न में छह लोगों पर मुकदमा

मोतीगंज। पुलिस ने गुरुवार को छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव निवासी मलखान सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि अपनी बहन ममता की शादी रामगढ़ के विनय सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसकी बहन को विनय सिंह, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, शशि, विपिन, सुमन, हेमु सिंह आदि ने मिलकर मारा-पीटा और भाग दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। वजीरगंज थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी मैनुद्दीन पुत्र वाहिद को गिरफ्तार कर लिया है। वह काफी दिनों से फरार था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगोहर के मजरा जमादार पुरवा का निवासी है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। बताया कि आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने उस

# भूमि विवाद में दो पक्ष भिड़े, पांच का चालान

धानेपुर। नैइपुरिया गांव में भूमि विवाद के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार कर चालान भेजा है। थानाध्यक्ष ब्रह्मा नंद सिंह ने बताया कि धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दूल्हापुर बनकट पंचायत के मजरा नैइपुरिया गांव में भूमि विवाद को लेकर विवाद करने के मामले में पुलिस टीम ने दोनों पक्षों के पांच को गिरफ्तार किया है। बताया कि नैइपुरिया गांव के मुनीजर, राजाराम, नागेश भास्कर जगत बहादुर सिंह व जितेंद्र सिंह को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार चालान भेजा गया है।

# अब फसल बीमा की मिलेगी पॉलिसी

गोण्डा। जिन किसानों ने रबी की फसल का बीमा कराया है उनको फसल बीमा की पॉलिसी भी दी जाएगी। यह जानकारी उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि मेरी पॉलिसी मेरे हाथ नाम से पालिसी कराई जा रही है। रबी की फसल का अब तक 13 हजार से अधिक किसानों ने बीमा करा लिया है। जिन किसानों ने बीमा नहीं कराया है, उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

# ई-रिक्शा के धक्के से साइकिल युवक घायल

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के गुड्डूमल चौराहे के समीप एक अनियंत्रित ई रिक्शा ने एक साइकिल में टक्कर मार दी जिससे व्यक्ति घायल हो गया और उसकी साईकिल क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर दोनों में नोकझोंक शुरु हो गई। कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया और लोगो की भीड़ जुट गई। इस दौरान मौके पर मौजूद होमगार्ड ने किसी तरह मामला शांत करवाया।

# घर का बाउंड्री तोड़ी और पीटा, चार पर केस दर्ज

परसपुर। ग्राम मोहना के बैशनपुरवा निवासी कैलाश सिंह ने चार लोगों पर पिटाई, जानमाल की धमकी के साथ के बाहर अपने भाई बजरंग बहादुर सिंह के घर की बाउंड्री वाल तोड़ने का आरोप लगाया है। कार्यवाहक प्रभारी इंस्पेक्टर रमाशंकर राव ने बताया कि उसी ग्राम के बैशन पुरवा निवासी फत्ते बहादुर सिंह, निरंकार सिंह, अंकुर सिंह व ग्राम भौरीगंज निवासिनी नूरजहां पत्नी मुकद्दर अली के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

# हर छोटी-बड़ी समस्या का निस्तारण करें : डीएम



पंचायत सभागार में पीस कमेटी बैठक में शामिल अफसर और गणमान्य लोग।

## बैठक

- सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश
- त्योहार पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने पर कार्रवाई करें

गोण्डा, संवाददाता। होली और शब-ए-बारात के त्योहार को लेकर जिला प्रशासन खासी सतर्कता बरत रहा है। त्योहार के मद्देनजर जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। गुरुवार को डीएम और एसपी ने जिला पंचायत सभागर में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक की। दोनों अफसरों ने निर्देश दिए कहीं भी किसी भी प्रकार से अराजकता न होने पाए। जनसामान्य ही हर छोटी-बड़ी जनसमस्या का निस्तारण किया जाए।

गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में डीएम डा. उज्ज्वल कुमार और एसपी आकाश तोमर ने जिले के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की। इस दौरान डीएम ने कहा होली के साथ साथ शब-ए-बरात पूरे उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। जिसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है। कहा कि किसी भी हालत में ऐसा कोई काम नहीं करें, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द को ठेस पहुंची।

वहीं, एसपी आकाश तोमर ने अराजक तत्वों को लेकर स्पष्ट हिदायत है कि किसी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान आगामी होली व शबे बारात त्योहार के दृष्टिगत अधिकारियो द्वारा जिले के समस्त प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियो को कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए त्योहारो को सकुशल व शान्ति पूर्ण संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

# चार किलो अफीम संग चालक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- आर्यनगर में चेकिंग के दौरान मिली कामयाबी
- नारकोटिक्स टीम ने की सूचना पर कार्रवाई

**रुपईडीह, संवाददाता।** आर्यनगर चौराहा पर बुधवार रात लगभग एक बजे कोयला से लदे ट्रक से चार किलो अफीम बरामद हुई। मौके से पकड़े गए ट्रक ड्राइवर को लेकर नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो की टीम लखनऊ चली गई है।

नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो लखनऊ के असूचना अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कौड़िया थाना क्षेत्र के गोंडा-बहराइच मार्ग पर कस्बा आर्यनगर चौराहे पश्चिम बंगाल से आने वाले कोयला लदे चौदह टायरा ट्रक रोका गया। झारखंड से चार किलो अफीम खरीदकर ट्रक ड्राइवर ने केबिन में रख लिया था। सूचना मिली थी कि कोयले को बहराइच में उतारकर अफीम पंजाब ले जाकर बेची जाएगी। ट्रक का पीछा करते हुए टीम आ रही थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष कौड़िया को सूचना दी गई । जिसपर कस्बा चौकी प्रभारी दिलीप कुमार सिंह ने फोर्स के साथ रात 12 बजे आर्यनगर चौराहा पर बैरीकेडिंग करा दी। चौकी प्रभारी दिलीप कुमार सिंह के मुताबिक कुछ देर बाद तीन चौदह टायर वाले ट्रक एक साथ आए। उन्हें रोककर तलाशी ली गई तो बीच वाले ट्रक के केबिन में एक थैला मिला। उसे खोलने पर अफीम बरामद हुई। इसका वजन कराया गया तो अफीम चार किलो निकली। असूचना अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि ट्रक ड्राइवर ने पूछताछ पर अपना नाम सुरजीत सिंह पुत्र स्व अजब सिंह निवासी ग्राम थाटा घरयाला थाना पट्टी जिला तरनतारन पंजाब का रहने वाला है। टीम के साथ असूचना अधिकारी रवि प्रकाश यादव, सिपाही रवि कुमार यादव, चालक बृजेश कुमार मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी सहायिका से मारपीट करने में चार फंसे

**रुपईडीह।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को कौड़िया पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

कौडिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोचवा के निवासी राम दीन की पत्नी विजय कुमारी आंगनबाड़ी सहायिका है। विजय कुमारी ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती देकर सजनवा के सुमित कुमार गुप्ता, रिंकू तिवारी, रवि कुमार शुक्ला, रवि पांडे पर मारने पीटने जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने एवं गाली गुप्ता देते हुए धमकी देने का आरोप लगाया। आंगनबाड़ी का सहायिका ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि वह ब्लॉक पर वितरण रजिस्टर जमा करने के लिए गई हुई थी। वहां से वापस आते समय कोचवा देशी शराब की दुकान के सामने पहुंची ही थी कि सभी लोग शराब के नशे में धुत थे। जिस पर सभी लोगों ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए मारने पीटने और धमकी देने लगे।

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों के बीच टकराव

**धानेपुर।** झगरुपुरवा गांव में रास्ते को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को पीड़ित को दबंगों ने मारने के लिए दौड़ा लिया। शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे तेंदुआ के मजरा झगरु पुरवा के रहने वाले गांव के कुछ लोग रास्ते की मांग कर रहे हैं।वहीं जिस भूमि पर ग्रामीणों की ओर से रास्ते की मांग की जा रही है। उसे गांव का रहने वाले जयराम अपनी भूमि बता रहे हैं। गांव के लोगों पर जबरन रास्ता मांगने का आरोप लगाया है।बताया कि भूमि को लेकर न्यायालय में विवाद चल रहा था जिस पर उसकी डिग्री हो चुकी है।

# इमामबाड़ा मोहल्ले में पशुवध अधिनियम में छह पकड़े गए

गोण्डा, संवाददाता। नगर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को शहर के मोहल्ला इमामबाड़ा में अवैध रूप से पशुवध करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस दौरान तीन लोग भाग निकले। पुलिस ने मौके से पड़वा का मांस, पशुवध करने के औजार बरामद किए हैं। मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और पशु हत्या और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को महराजगंज चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार वर्मा, एसआई नागेश्वरनाथ पटेल और प्रतीक पांडेय और अन्य पुलिस कर्मी गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि इमामबाड़ा मोहल्ले में अब्दुल रहमान उर्फ सोनू के घर के पास कुछ लोग पशुवध करते उसके मांस की बिक्री कर रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने छह लोगों को मौके से पकड़ लिया। आरोपियों के पास चार बांका, पांच छूरी, दो ठीहा समेत तराजू और बांट मिले हैं। साथ ही 35 किलो मांस भी बरामद किया गया। पुलिस ने अब्दुल रहमान उर्फ सोनू, मोहम्मद नसीब, लतीफ अहमद, शमसेर, बादशाह और मुन्ना को गिरफ्तार किया है। सभी मोहल्ला इमामबाड़ा के निवासी हैं।

# दुराचारी को 20 वर्ष की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश (पास्को एक्ट) चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने नाबालिग से दुराचार करने के आरोपी को बीस वर्ष की कैद व बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

विशेष अभियोजक ( पाक्सो एक्ट) अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्रा के अनुसार थाना तरबगंज के अंतर्गत ग्राम तिवारी बाजार निवासी अमित तिवारी पुत्र देवाचार्य के विरुद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके मुताबिक तीन अप्रैल 2015 को सुबह साढ़े चार बजे वादी की नाबालिग पुत्री को वह अगवा कर ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं।

# संविदा चालक के खिलाफ शिकायत निकली झूठी

**संसू, गोंडा:** रोडवेज में कार्यरत संविदा चालक अभिषेक श्रीवास्तव पर लगे आरोप जांच में झूठे साबित हुए। इंटरनेट मीडिया पर चालक की फोटो अपलोड की थी। इसमें दावा किया जा रहा था कि चालक की आंख खराब है। इसके बाद अधिकारी हरकत में आए। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कपिलदेव ने सीएमओ को पत्र भेजकर जांच कराने का आग्रह किया। सीएमओ के निर्देश पर नेत्र चिकित्सक डा.जयगोविंद ने संविदा चालक के दोनों आंखों की जांच की। रिपोर्ट सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को भेजी। उधर संविदा चालक का कहना है कि विभाग के कुछ लोगों ने शिकायत की थी। इसी को लेकर कुछ लोग रंजिश रखते हैं। उसने साइबर थाने में इंटरनेट मीडिया पर फोटो अपलोड कर दुष्प्रचार करने वाले के खिलाफ तहरीर दी है। एआरएम कपिलदेव ने बताया कि रिपोर्ट में संविदा चालक के खिलाफ की गई शिकायत फर्जी निकली है।

# कोयला लदे ट्रक से चार किलो अफीम बरामद

**संसू, आर्यनगर (गोंडा):** आर्यनगर चौराहा से कोयला लदे ट्रक से चार किग्रा अफीम बरामद कर ट्रक चालक को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम लखनऊ लेकर गई। नारकोटिक्स कंट्रोल के अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि पश्चिम बंगाल से ट्रक पर कोयला लोड किया। झारखंड से चार किग्रा अफीम खरीदकर ट्रक चालक ने केबिन में रखा। कोयला को बहराइच में उतारकर अफीम पंजाब लेकर बेचने की तैयारी थी। थानाध्यक्ष कौड़िया को इसकी सूचना दी। कस्बा चौकी प्रभारी ने टीम संग आर्यनगर चौराहा पर ट्रक को रोका। चौकी प्रभारी ने बताया कि ट्रक रोककर तलाशी ली। ट्रक के केबिन में एक थैला मिला। उसी में अफीम बरामद की। वजन चार किग्रा था। मनोज सिंह ने बताया कि ट्रक चालक ने अपना नाम सुरजीत सिंह निवासी ग्राम थाटा घरयाला थाना पट्टी जिला तरनतारा पंजाब बताया।

# किशोरी के अपहरण व मारपीट में 12 पर केस

**संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) :** किशोरी का अपहरण व मारपीट के मामले में 12 आरोपितों पर मुकदमा लिखा गया है। छेड़छाड़ का मुकदमा राज्य महिला आयोग के आदेश पर हुआ है। पीड़िता के पिता ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी बेटी का गत मंगलवार को अपहरण कर लिया गया है। वहीं एक महिला ने राज्य महिला आयोग से शिकायत करके कहा कि गत 27 जनवरी की रात जमीन के विवाद में कई लोग घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करके पिटाई की। जान से मारने की धमकी दी।

उधर मोहना के वैशन पुरवा गांव के रहने वाले कैलाश सिंह व रेकसड़िया गांव की कृष्णावती की नाली विवाद में पिटाई की गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने कहा कि किशोरी का अपहरण करने के आरोपित चंदन सिंह, जगन्नाथ सिंह, दिलीप सिंह, महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपित अमेरिका यादव, विजय यादव, मनोज यादव तथा मारपीट करने के आरोपित फतेहबहादुर सिंह, निरंकार सिंह, अंकुर सिंह , नूरजहां, मोतीलाल व जगदीश पर मुकदमा लिखा गया है।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

जासं, गोंडा : किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने तरबगंज के अमित कुमार तिवारी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

विशेष अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र के मुताबिक तीन अप्रैल 2015 को आरोपित ने तरबगंज क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग बालिका का अपहरण कर लिया था। पीड़िता के पिता ने दुष्कर्म व अपहरण का मुकदमा कराया था।

**किशोरी का अश्लील वीडियो बना किया दुष्कर्म:** उमरी बेगमगंज के एक गांव की महिला ने दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के ही एक युवक ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। आरोपित युवक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर गत छह माह से किशोरी का शारीरिक शोषण करता रहा। आरोपित युवक ने अश्लील वीडियो इंटरनेट पर वायरल कर दिया। इसके बाद पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा लिखा है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने कहा कि मुकदमा कर आरोपित की तलाश की जा रही है।



# पुलिस ने किया मुकदमा

**आर्यनगर :** कौड़िया के कोचवा गांव निवासिनी विजय कुमारी ने सहजनवा गांव के सुमित गुप्त सहित चार लोगों पर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा कराया है। थानाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय ने कहा कि मुकदमे की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी करेंगे।(संसू)

# त्योहार में न आने पाए कोई व्यवधान : जिलाधिकारी

**संसू, गोंडा :** गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में डीएम डा. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में त्योहार लेकर अधिकारियों व धर्मगुरुओं की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि शबेरात व होली का पर्व एक साथ होने पर सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें।



जिला पंचायत सभागार में बैठक करते डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ● जागरण

इंटरनेट मीडिया की निगरानी करने के साथ ही आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। डीएम ने कहा कि एसडीएम व खाद्य सुरक्षा अधिकारी दुकानों पर मिष्ठान आदि की गुणवत्ता व एक्सपायरी डेट का निरीक्षण कर लें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराएं। त्योहार में किसी प्रकार का व्यवधान न आने पाये। जनपद में बिजली आपूर्ति बिना कटौती के उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। होली के त्योहार को लेकर सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था के साथ-साथ एंबुलेंस टीम भी सक्रिय रहे। कोई भी कार्य परंपरा से हट कर न किया जाय।

किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आपस में न उलझे उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन को दें। एसपी आकाश तोमर ने कहा कि सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को बनाये रखें, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो सके। अवैध शराब पीने के कारण कोई घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि होली के पर्व पर ऐसा कोई कार्य न किया जाये, जिससे किसी की स्वतंत्रता को आघात पहुंचे। अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिव राज, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, ईओ नगर पालिका परिषद संजय कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

---

को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम ने महाराजगंज, चौक, पीपल चौराहा,गुड्डूमल चौराहा,बालपुर के प्रमुख खाद्य विक्रेताओं के यहां जांच की। आज मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पांच स्थानों पर 5400 रुपये की 92 किलोग्राम कचरी नष्ट कराई गई। महाराजगंज में पापड़, गुड्डूमल चौराहे पर बालाजी नमकीन व कर्नलगंज के खुशी किराना स्टोर से मेवे के नमूने लिए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार, जयप्रकाश, युगल किशोर व संतोष कुमार शामिल रहे।

# चार किलो अफीम जब्त, चालक गिरफ्तार

## ट्रेलर के केबिन में छिपाकर ले जा रहा था सुरजीत सिंह,झारखंड से खरीदी थी अफीम, ले जाना था पंजाब

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुपईडीह (गोंडा)।** नारकोटिक्स की टीम ने बुधवार की देर रात आर्यनगर चौराहे के पास ट्रेलर की तलाशी के दौरान चार किलो अफीम पकड़ी है। जिसकी कीमत बाजार में दस लाख रुपये बताई गई है। ट्रेलर चालक झारखंड से अफीम ट्रेलर के केबिन में छिपाकर पंजाब ले जाने के लिए लाया था।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के विशेष लोक अभियोजक कृष्णकुमार द्विवेदी ने बताया कि पकड़े गए चालक के खिलाफ टीम ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। उसे टीम ने न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-षष्टम राजबहादुर रामदेव यादव की अदालत ने ट्रक सीज करते हुए मुल्जिम को जेल भेजने का आदेश दिया।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो लखनऊ के आसूचना अधिकारी (उपनिरीक्षक) मनोज सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल से एक ट्रेलर चालक ने कोयला लोड किया था। चालक ने झारखंड से चार किलो अफीम खरीदी है। जिसे ट्रेलर के केबिन में छिपा रखा है। बहराइच में कोयला उतारने के बाद अफीम पंजाब ले जाकर बेचेगा। सूचना पर टीम ट्रेलर का पीछा कर पहुंची और रात 12 बजे आर्यनगर चौराहा पर बैरीकेटिंग करा दी गई। कुछ देर बाद तीन ट्रेलर आते दिखाई पड़े। तीनों को रोककर तलाशी ली गई तो बीच वाले ट्रेलर की केबिन में एक थैला मिला।

आसूचना अधिकारी के मुताबिक ट्रेलर चालक ने पूछताछ में अपना नाम सुरजीत सिंह निवासी ग्राम थाटा घरयाला थाना पट्टी जिला तरनतारा पंजाब बताया। बताया कि झारखंड से उसने अफीम खरीदी थी। कई बार अफीम छिपाकर पंजाब ले जा चुका है।

# मिलावटी शराब बनाने में दो दोषियों को दो साल की सजा

**गोंडा।** मिलावटी शराब बनाकर बेचने के मामले में कोर्ट ने दो दोषियों को दो साल का कारावास और नौ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि 23 जनवरी 2019 को वजीरगंज पुलिस ने डुमरियाडीह के खटिकनपुरवा में छापा मारकर बहराइच के थाना विशेश्वरगंज के ग्राम ईश्वरनाथ पुरवा निवासी राजा बाबू शुक्ला और डुमरियाडीह के खटिकनपुरवा की मुनक्का उर्फ श्यामपता को अपमिश्रित कच्ची शराब बनाते पकड़ा था। गुरुवार को अपर जिला जज-2 डॉ. दीनानाथ-3 ने अभियुक्त राजा बाबू शुक्ला व मुनक्का उर्फ श्यामपता को दो-दो साल साधारण कारावास और नौ हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। संवाद

# सौहार्दपूर्ण मनाएं होली : डीएम

## जिला पंचायत सभागार में शांति समिति की बैठक में डीएम व एसपी ने की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी



पंचायत सभागार में बैठक करते डीएम व एसपी। -संवाद

**गोंडा।** जिला पंचायत सभागार कक्ष में होली त्योहार पर शांति समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने कहा कि शबेरात और होली एक साथ है, सभी अपील किया कि त्योहार को भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।

डीएम ने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाए। एसडीएम व खाद्य सुरक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया कि दुकानों पर मिष्ठान आदि की गुणवत्ता एवं एक्सपायरी डेट का निरीक्षण कर लें। ईओ नगर पालिका को शहर में साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। बिजली आपूर्ति के साथ स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं आदि के साथ एंबुलेंस की व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है। उपस्थित लोगों से कहा कि कोई भी कार्य परंपरा से हट कर न करें, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आपस में न उलझें उसकी सूचना प्रशासन व पुलिस को दें। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने समस्त सीओ व एसएचओ को निर्देशित कि होली पर अवैध शराब पीने के कारण कोई घटना होने की शिकायत संज्ञान में न आए।

# युवती के अपहरण के आरोप में तीन लोग नामजद

**परसपुर (गोंडा)।** शादी करने की नीयत से एक युवती को कुछ लोग अपहृत कर ले गए। मामले में पिता ने तीन लोगों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री को मंगलवार देररात तीन बजे कुछ लोग शादी करने की नीयत से भगा ले गए। इधर, क्षेत्र की एक 18 वर्षीय लड़की कोचिंग से साइकिल से लौट रही थी कि दो लोग उसे अपहृत कर ले गए थे। लड़की के शोर करने पर लोगों के दौड़ने पर आरोपी उसे छोड़ भाग गए थे। भाई ने आलोक सिंह व पिंटू यादव के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि चंदन सिंह, जगन्नाथ सिंह व दिलीप के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। संवाद

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-03-2023

# होली में नई परम्परा की नहीं हो अनुमति: डीएम

बलरामपुर, संवाददाता। होली त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सेंट्रेल पीस कमेटी की बैठक हुई। डीएम व एसपी ने आपसी भाईचारे एवं सौहार्द्यपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील जनमानस से की। होलिका दहन स्थल पर समुचित साफ-सफाई, बिजली व जलापूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए। कहा कि होली के दौरान किसी भी नई परम्परा की अनुमति नहीं होगी।

डीएम डा. महेन्द्र कुमार ने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है। सभी लोग त्योहार का बेशब्री से इंतजार कर रहे हैं। बैठक में आए गणमान्य लोगों से डीएम ने कहा कि वे अपने क्षेत्र में इस बात का ध्यान रखें कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। यदि किसी व्यक्ति को लेकर इस बात की आशंका है कि वह गड़बड़ी कर सकता है तो उसकी जानकारी तत्काल पुलिस व प्रशासन को दें। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि जिले में कुल 1821 होलिका दहन स्थल है। सभी स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम व अन्य अधिकारी।

संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे। उन्होंने सोसल मीडिया पर किसी भी आपत्तिजनक कमेंट न करने की अपील की। विशेषकर युवा वर्ग को इस बात का ध्यान करने की बात कही। सोसल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले एवं उसको फरवर्ड करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक डा. ज्योति गौतम, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, सीएमओ डा. सुशील कुमार, तीनों तहसीलों के एसडीएम, क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# पुलिस ने कराया पारिवारिक मामले का निस्तारण

उतरौला। स्थानीय थाना क्षेत्र निवासिनी एक महिला ने थाना कोतवाली में प्रति जेवर छीनने व मारना-पीटना तथा घर से भगा देने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी प्रभारी अनुपमा त्यागी ने दोनों पक्षों को बुलाकर संभ्रांत लोगों के सामने सुलह समझौता कराया। जिसके बाद पति पत्नी राजी खुशी से एक साथ रहने को तैयार हुए। उन्होंने पुलिस टीम को धन्यवाद देते हुए अपने घर लौट गए।

# चोरी हुए फोन को पुलिस ने स्वामी को लौटाया

उतरौला। उतरौला थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति चोरी किए मोबाइल का पैटर्न लॉक खुलवाने एक दुकान पर गया। दुकानदार ने शक के आधार पर पुलिस को फोन कर दिया। दुकान पर पुलिस को आता देख वह व्यक्ति मोबाइल छोड़कर भाग गया। इस पर पुलिस ने दुकानदार से मोबाइल का पैटर्न लॉक खोलवाकर मोबाइल स्वामी को फोन कर बुलाया, जिसके बाद पुलिस ने उसे उसका फोन लौटा दिया। फोन पाकर उसने पुलिस टीम व दुकानदार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खसरे के दो दर्जन मरीज मिलने से हड़कंप

महराजगंज तराई, संवाददाता। तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कोहड़ौर में मौसमी बुखार व दाना फुंसी से लगभग दो दर्जन से अधिक मरीज मिलने से हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर मरीजों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर दवा वितरित किया। स्वास्थ्य विभाग टीम ने लोगों को बदलते मौसम में सजग रहने की चेतावनी दी। साथ ही स्वास्थ्य से संबंधित उचित सुझाव देने के साथ खसरे के बारे में लोगों को जागरूक किया।



खसरा पीड़ितों को दवा वितरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर गौरव (7), मधु (5), पवन कुमार (2), रिपेस कुमार (3), अमित कुमार (7), विष्णु कुमार (7), कृष्णलाल (12) सहित दर्जनों बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान उनके शरीर पर छोटे-छोटे दाने पाए गए। इन सभी की जांच कर दवाएं वितरित की गई। चिकित्सकों ने घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर इलाज व उचित सुझाव दिए। सभी को दवा देकर मच्छरों के प्रकोप से बचने की नसीहत दी गई। डा. मनीष प्रताप सिंह ने लोगों को बताया कि में साफ-सफाई व्यवस्था पर सभी लोग विशेष ध्यान दें। बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप अधिक है। इसीलिए सभी लोग मच्छरदानी का प्रयोग करें। इसके साथ ही घर के आसपास गंदगी उत्पन्न न होने दें। पानी को उबाल कर पिए। इस मौके पर डा. मनीष प्रताप सिंह, डा. तुफैल, डा. मुर्तजा, फार्मासिस्ट शिवपूजन व सीएचओ नीतू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# पारिवारिक विवाद निस्तारित

**उतरौला :** ग्राम सेखुइया महुआ बाजार निवासी रेखा व उसके पति बुद्धू मौर्य के बीच विवाद को रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी प्रभारी अनुपमा त्यागी ने आपसी सहमति से निस्तारित करा दिया। पत्नी का आरोप था कि उसका पति ने जेवर छीन लिया है, इल्जाम लगाकर मारता पीटता है। घर से भगा दिया था। सात वर्षीय पुत्र के साथ कई सालों से मायके में रह रही है। समझाने-बुझाने के बाद दोनों एक साथ रहने को राजी हो गए। (संसू)

# साइबर क्राइम की दी जानकारी

**संसू, बलरामपुर:** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देहात की छात्राओं ने महिला थाने का शैक्षणिक भ्रमण किया। महिला थानाध्यक्ष ममता सिंह यादव ने सभी छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में बताया। आनलाइन ठगी व धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। थाना गैंड़ास बुजुर्ग में भी महिलाओं की कार्यशाला करके उन्हें आनलाइन ठगी के बारे में जानकारियां दी गई।

# 1821 स्थलों पर होलिका दहन की तैयारी

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** जिले में 1821 स्थलों पर होलिका दहन की तैयारी की जा रही है। चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह से जुटा गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक कर सभी पहलुओं पर रणनीति तैयार की गई है। जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार ने सभी अधिकारियों को सुरक्षा व अन्य जिम्मेदारी सौंपी है। गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

डीएम ने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है। सभी लोग इसका बेसब्री से इंतजार करते हैं। आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। कोई भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। होलिका दहन स्थल पर साफ-सफाई, बिजली व जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था की जाए। त्योहार में गणमान्य नागरिकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है। वह अपने क्षेत्र में इस बात का ध्यान रखें कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। यदि किसी व्यक्ति को लेकर आशंका है कि वह गड़बड़ी कर सकता है, इसकी सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को दें। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि जिले में कुल 1821 होलिका दहन स्थल हैं। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगी। इंटरनेट मीडिया पर किसी तरह की आपत्तिजनक कमेंट न हो। युवा वर्ग इसका ध्यान रखें। अफवाह फैलाने वाले एवं उसको फारवर्ड करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# वारंटी को भेजा जेल

**बलरामपुर** : पचपेड़वा थाने की पुलिस ने एक वारंटी को जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नावडीह निवासी मोहम्मद फारूख को उसके घर से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर** : श्रीदत्तगंज थाने की पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि राजेंद्रगंज गुम्मड़ी निवासी जगदीश प्रसाद यादव को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# अतिक्रमण हटवाने की मांग

**सादुल्लाहनगर** : रामपुर अरना बाजार में सड़क की पटरियों पर दुकानदारों के अतिक्रमण करने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। नंदू, संतोष कुमार, नकछेद, गनेश दत्त मिश्र व राकेश उपाध्याय ने पटरी खाली कराने की मांग की है। (संसू)

# दुकानों पर छापा, पांच नमूने भरे

**बलरामपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर में खाद्य पदार्थों की दुकानों पर छापा मारा। यहां से लिए गए पांच नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार को तुलसीपुर के शिव मिष्ठान्न भंडार व राम मिष्ठान्न भंडार पर छापा मारकर खोवा का नमूना लिया। लाल चौराहा स्थित बजरंगी स्वीट हाउस से मावा, पुरवा चौराहे पर स्थित बालाजी ट्रेडर्स से सिंथेटिक फूड कलर व लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित दुकान से सरसों के तेल का नमूना लिया। पांच दुकानों को नोटिस जारी किया गया। (संवाद)

# होलिका दहन स्थलों पर तैनात रहेगी पुलिस

## कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम व एसपी ने की बैठक, सौंपी जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** होली को लेकर बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इसमें जिले के सभी 1812 होलिका दहन स्थलों पर पुलिस की तैनाती करने व सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाने की बात कही गई।

डीएम डॉ. महेंद्र कुमार ने कहा कि होली का त्योहार खुशियों का त्योहार है। आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण ढंग से होली मनाएं। होली के दौरान कोई भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने होलिका दहन के स्थल पर समुचित साफ-सफाई व त्योहार के दिन बिजली व जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान गणमान्य नागरिकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है। वे अपने क्षेत्र में इस बात का ध्यान रखें कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो। यदि किसी व्यक्ति को लेकर आशंका है कि वह गड़बड़ी कर सकता है तो सूचना तत्काल पुलिस व प्रशासन को दें।



बैठक को संबोधित करते डीएम डॉ. महेंद्र कुमार

एसपी केशव कुमार ने कहा कि सभी होलिका दहन स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का आपत्तिजनक कमेंट न करें, विशेषकर युवा वर्ग इसका ध्यान रखें। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले व उसको फॉरवर्ड करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में एडीएम वित्त व राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक डॉ. ज्योति गौतम, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## होली से पहले बकाया मानदेय दिलाने की मांग

**बलरामपुर।** संयुक्त जिला चिकित्सालय के बीएसएल-2 लैब में तैनात कर्मचारियों ने सीएमओ डॉ. सुशील कुमार को ज्ञापन देकर होली से पहले बकाया मानदेय दिलाने की मांग की है। कर्मियों ने कहा है कि दिसंबर माह से किसी कर्मचारी को मानदेय नहीं मिला है। जिसके चलते उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। लैब टेक्नीशियन आशीष सिंह, कृष्ण गोपाल, लैब सहायक निरंकार नाथ पांडेय, मलिक रकीब अहमद, रामचरन व अर्थ नाथ दूबे ने बताया कि मानदेन न मिलने के कारण ड्यूटी पर आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। लेकिन कार्यदायी संस्था मानदेय का भुगतान नहीं कर रही है। मार्च में भी पैसा न मिलने पर परिवार की होली खराब हो जाएगी। सीएमओ ने बताया कि कार्यदायी संस्था की निविदा अवधि समाप्त हो जाने के कारण कर्मियों के मानदेय भुगतान में देरी हुई है। नई निविदा प्रक्रिया चल रही है प्रक्रिया पूरी होते ही कर्मियों का बकाया मानदेय भुगतान कर दिया।

# रंग में भंग डालने वालों पर होगी कार्रवाई

**गैसड़ी।** स्थानीय कोतवाली में बृहस्पतिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए एसडीएम उतरौला मंगलेश दूबे ने कहा कि होली आपसी मेल-पिलाप व खुशियों का त्योहार है। त्योहार के रंग में भंग डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोग शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह ने कहा कि होली जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखें। डीजे निर्धारित मानक के अनुरूप ही बजाएं। कहा कि सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी और अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई होगी। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नुरुल हसन खां, राजेंद्र कुमार ओझा, जगदंबा ठाकुर, अफजाल खां समेत कई लोग मौजूद रहे। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-03-2023

हिन्दुस्तान

# अभेद्य सुरक्षा घेरे में रखे गए जेल में निरुद्ध नौ टॉपटेन अपराधी

## निगरानी

प्रदीप तिवारी

बहराइच। प्रदेश की जेलों में खूंखार अपराधियों को लेकर बरती जा रही नरमी पर योगी सरकार सख्त हो गई है। जिला कारागार में गैर जिलों से पहुंचे टॉपटेन अपराधियों की सूची तलब की गई है। इसके साथ ही अन्य बंदियों से अलग सीसी कैमरे से लैस बैरकों में सभी टॉपटेन अपराधियों को रखा गया है।

इनकी हर हरकतों की निगरानी सीधे डीजी जेल की टीम ऑनलाइन कर रही है। ताकि अपराधियों संग लापरवाह अधिकारियों पर भी नकेल कसी जा सके।

चित्रकूट जेल में निरुद्ध अब्बास अंसारी से उनकी पत्नी निखत का जेल अधिकारियों से सामने आए कनेक्शन के बाद प्रदेश सरकार ने जिला कारागार में निरुद्ध खूंखार गैर जिलों व प्रांतों से आए टॉपटेन अपराधियों की निगरानी सख्त करने के निर्देश दिए हैं। जिला कारागार में प्रशासनिक आधार पर नौ बंदी निरुद्ध हैं। इन पर लूट, हत्या समेत 20 से 50 तक गंभीर मुकदमें दर्ज हैं। सरकार के सख्त तेवर पर अब इन्हें अन्य बंदियों से अलग किया गया है। सीसी कैमरे से लैस बैरकों में सभी 10 बंदियों को रखा गया है। इनकी 24 घंटे निगरानी के लिए जेल में अतिरिक्त सेल भी बनाया गया है। यह टीम सीधे डीजी जेल की टीम से समन्वय स्थापित कर ऑनलाइन मॉनीटरिंग कर रही है। हर रोज इन अपराधियों का डाटा भी प्रशासन को भेजा जा रहा है।

अधिकारी अपने समक्ष करा रहे मुलाकातः बहराइच। अधिकारी अपने समक्ष टॉपटेन अपराधियों से मुलाकात करने आने वाले मुलाकातियों से मुलाकात करा रहे हैं। यहां तक कि यह मुलाकात भी सीसी कैमरे की नजर में हो रही है।



जेल का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम व एसपी (फाइल फोटो)।

### मुलाकातियों की भी डाटाबेस तैयार

बहराइच। जेल में निरुद्ध गैर जिलों से आए खूंखार बंदियों से मुलाकातियों का भी पूरा डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। टॉपटेन अपराधियों से मिलने आने वाले मुलाकातियों का उनसे संबंध, माह में उनकी मुलाकात समेत व उनकी फोटो भी जेल प्रशासन अपने पास संरक्षित कर रहा है, ताकि आपात स्थिति पर इन अपराधियों के मुलाकातियों के संबंध को लेकर कोई गतिरोध न पैदा हो सके। इनकी दैनिक रिपोर्ट डीजी जेल को भेजी जा रही है।

"जेल में प्रशासनिक आधार पर आए टॉपटेन बंदियों को अलग बैरक में रखा गया है। सीसी कैमरे से नजर रखी जा रही है। शासन को इनकी रिपोर्ट भेजी गई है।

राजेश कुमार यादव, जेल अधीक्षक, जिला कारागार, बहराइच

### वीसी से हो रही कोर्ट की पेशी

बहराइच। जिला कारागार में निरुद्ध टॉपटेन अपराधियों को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जा रही है। सुरक्षा व उनके कारनामों को देखते हुए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट की पेशी भी कराई जा रही है।

### जिला कारागार में कई जिलों के रखे जाते हैं बंदी

जिला कारागार में जिला समेत श्रावस्ती जिले के भी सभी बंदियों को रखा जाता है। जेल में श्रावस्ती के लगभग 300 से अधिक बंदी हैं। इनकी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा भी जेल प्रबंधन पर ही है। यही नहीं प्रशासनिक आधार पर लखीमपुर, सीतापुर समेत कई जिलों के खूंखार बंदी भी शिफ्ट किए गए हैं।

# रक्षा एजेंसियां तैनात फिर भी चल रहा तस्करी का कारोबार

संसू, बहराइच : भारत-नेपाल की खुली सीमा तस्करों के लिए मुफीद साबित हो रही है। सीमा से सटे इलाके तस्करों का ट्रांजिट प्वाइंट बन गए हैं। दिन भर तस्करों के कैरियर सीमा के इस पार से उस पार लाखों का माल लाते-ले जाते हैं। कहने को तो सीमा पर पुलिस समेत अन्य कई सुरक्षा एजेंसियां तैनात हैं, लेकिन इन सभी की नाक के नीचे तस्करी का धंधा दिन दूना रात चौगुणा होता जा रहा है।

रुपईडीहा, मोतीपुर, मुर्तिहा व सुजौली का इलाका नेपाल सीमा से सटा हुआ है। यह इलाका तस्करों का मुख्य ठिकाना बना हुआ है। सीमा के रास्ते बड़े पैमाने पर चलने वाले कैरियर प्रतिदिन साइकिल से तस्करी का सामान इस पार से उस पार लाते ले जाते दिखाई पड़ते हैं, लेकिन सुरक्षाकर्मियों को ये कैरियर क्यों नहीं दिखाई दे रहे हैं? यह चौंकाने वाला है।

बीते तीन साल में 150 से अधिक तस्करों की गिरफ्तारी कर बड़े पैमाने पर मादक द्रव्य पदार्थ व कई अन्य तस्करी का सामान बरामद किया गया है, जो स्पष्ट करने के लिए काफी है कि सीमा पर तस्कर बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं।

**इन रास्तों से होती है तस्करी** : रुपईडीहा थाने के सामने जाने वाला खड़ंजा मार्ग व थाने के पीछे बरथनवा मार्ग से तस्करों के कैरियर दिन रात तस्करी का माल ढोते हैं। इसी तरह निबिया तालाब का रास्ता, पचपकरी, रंजीतबोझा, शिवपुर मोहरनिया मार्ग, अब्दुल्लागंज जंगल का नई बस्ती मार्ग, सीतापुरवा मार्ग रेलवे ग्राउंड मार्ग पर से बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही है।



भारत-नेपाल का रुपईडीहा बार्डर● जागरण

- दिन भर भारत-नेपाल का चक्कर लगाते हैं कैरियर
- आधा दर्जन सुरक्षा एजेंसियां तैनात पर नतीजा सिफर



भारत-नेपाल सीमावर्ती इलाकों में कुछ इस तरह हो रही तस्करी ● जागरण

"सीमा के रास्ते होने वाली तस्करी पर हर हाल में शिकंजा कसा जाएगा। अधिकारियों संग बैठक कर रणनीति बनाई गई है। सीमावर्ती ग्रामीणों के जनसहयोग से तस्करों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत स्तर पर समितियों का भी गठन किया जा रहा है।



\- प्रशांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक बहराइच

# पंचायत उपचुनाव में 67.52 प्रतिशत मतदान

## 8,783 में से 5,930 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, चार को होगी मतगणना

**24** प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिकाओं में कैद



मिहींपुरवा के प्राथमिक विद्यालय छलवा मे मतदान के दौरान मुस्तैद सुरक्षाकर्मी ● जागरण

जागरण टीम, बहराइच : पंचायत उपचुनाव के लिए गुरुवार को गहमागहमी के बीच पांच ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ। ग्राम प्रधान के 19 व ग्राम पंचायत सदस्य के पांच प्रत्याशियों के बीच हुए चुनाव में 67.52 प्रतिशत मतदान हुआ। देर शाम तक 8,783 में से 5,930 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना चार मार्च को ब्लाक मुख्यालयों में होगी।

ब्लाक जरवल के हरवाटांड में प्रधान पद के तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां 1,521 मतदाता थे। 1,114 मतदाताओं ने मतदान किया। कैसरगंज के देवलखा में पांच प्रत्याशियों के बीच हुए उपचुनाव में 1,494 मतदाताओं के सापेक्ष 1,159 मतदाताओं ने मतदान किया। चित्तौरा के बनियाहारी में भी पांच उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में 1,250 के सापेक्ष 855 मतदाताओं ने ही मताधिकार का प्रयोग किया। मिहींपुरवा के रायबोझा में छह प्रधान पद के प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां 3,674 मतदाता थे। इनमें से 2,333 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। मिहींपुरवा के ही छलवा में ग्राम पंचायत सदस्य के दो प्रत्याशियों के बीच हुए चुनाव में 644 मतदाताओं में से 328 ने ही मतदान किया।

**शिवपुर** : लौकिहा में ग्राम पंचायत सदस्य के उप चुनाव में 200 के सापेक्ष 141 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पद के लिए तीन उम्मीदवार सुभाष, अंकित, बुद्धिलाल चुनावी मैदान में थे। मतगणन चार मार्च को संपन्न होगी।

उपचुनाव में सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष सत्येंद्र बहादुर सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट धीर विक्रम, उपनिरीक्षक राम गोविंद यादव एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है। मतगणना चार मार्च को की जाएगी।

# फर्जी स्क्रिप्ट लिखने में माहिर देहात कोतवाली पुलिस!

- **लोगों ने सिपुर्द किया आरोपित, पुलिस ने गोलवाघाट से दिखाया गिरफ्तार**
- **पीड़िता के पिता ने भी दो आरोपितों को बचाने का लगाया आरोप**

संसू, बहराइच : वाहवाही लूटने के लिए पुलिस किस तरह फर्जी गिरफ्तारी दिखाती है, इसका ताजा उदाहरण देहात कोतवाली पुलिस है। दुष्कर्म के प्रयास के जिस आरोपित को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़ा और पुलिस के सिपुर्द किया, उसे पुलिस ने दूसरे दिन दबिश देकर गिरफ्तार करने की बहादुरी दिखाई। यही नहीं पीड़िता के पिता ने जबरन मनमानी तहरीर लिखवाकर दो आरोपितों को क्लीनचिट दे दी।

कोतवाली इलाके के एक गांव में मंगलवार देर शाम मांगलिक कार्यक्रम के दौरान खेतों की ओर गई बालिका से तीन लोगों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर उसे पीटकर लहूलुहान कर दिया। बालिका की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों ने खेत की घेराबंदी कर एक आरोपित को पकड़कर पुलिस को सौंपा।

इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। पहले तो मामले को पुलिस 24 घंटे दबाए बैठी रही, लेकिन वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस ने दूसरे दिन आरोपित श्यामू यादव निवासी टेंडवा मरौचा थाना फखरपुर को गोलवाघाट के पास से गिरफ्तार दिखाया। गिरफ्तारी टीम में एसआइ देवेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य आरक्षी रजनीश कुमार व आरक्षी राहुल गुप्त को शामिल होना दिखाया गया। बालिका के पिता का आरोप है कि पुलिस ने उसे कोतवाली बुलाकर मनमानी तहरीर दूसरे से लिखवाई।

वह घटना में तीन आरोपितों के शामिल होने की बात कहता रहा, लेकिन तहरीर में केवल एक व्यक्ति का नाम लिखा गया। पूरे मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित पिता ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि जांच कराई जाएगी।

हिन्दुस्तान

# चुरईपुरवा बस हादसे में नहीं हुई एफआईआर

**फालोअप**

- बसों की भिड़ंत में दो चालकों सहित दो दर्जन यात्री घायल हुए थे
- रोडवेज टीआई की चल रही चेकिंग को यात्री बता रहे थे दुर्घटना की वजह

बहराइच, संवाददाता। बहराइच-लखनऊ हाईवे पर जरवलरोड के चुरईपुरवा गांव के पास रोडवेज टीआई ने लखनऊ से बलरामपुर व बहराइच से लखनऊ जा रही बसों को रुकने का संकेत दिया, इसी दौरान दोनों बसों में भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बस चालकों सहित लगभग 24 यात्री घायल हुए थे। गोंडा डिपो के चालक की गुरुवार को मौत हो चुकी है। अभी तक इस मामले में न तो एफआईआर दर्ज हुई है, और न ही दुर्घटना की वजह की रोडवेज महकमे ने जांच के संकेत दिए हैं।

जरवलरोड थाने के चुरईपुरवा गांव के पास लखनऊ से आ रही बलरामपुर डिपो व लखनऊ जा रही गोंडा डिपो की बसों में भिड़ंत की वजह की तकनीकी पहलू से जांच जरूरी थी।

अधिकांश यात्रियों व प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उस जगह रोडवेज के टीआई ने लगभग एक घंटे से नाकेबंदी कर रखी थी। ऐसी कौन सी वजह बनी कि एक साथ दोनों बसों को रोकने के संकेत पर चालकों ने बसों को रोका नहीं, बल्कि चौड़ी सड़क होने के बावजूद भी रफ्तार भीषण दुर्घटना की वजह बन गई।

## हादसे में घायल गोंडा डिपो के बस चालक की मौत

जरवलरोड। बहराइच- लखनऊ हाईवे के चुरईपुरवा में मंगलवार दोपहर गोंडा व बलरामपुर डिपो की बसों में हुई भिड़ंत में घायल हुआ गोंडा डिपो का चालक मौत से जीवन की बाजी हार गया है। ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई।

इस हादसे में गोंडा, लखनऊ, बलरामपुर, बहराइच के लगभग 24 यात्री घायल हुए थे। 19 घायलों को जरवलरोड के मुस्तफाबाद सीएचसी ले जाने पर तीन गंभीर घायलों को चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया था। जिसमें से एक गोंडा डिपो की रोडवेज बस चालक गोंडा जिले के परसपुर के ग्राम नरायनपुर ललक निवासी 35 वर्षीय नारायण दत्त मिश्रा पुत्र मुन्ना लाल की इलाज के दौरान गुरुवार को ट्रामा सेंटर लखनऊ सर्जिकल वार्ड में मौत हो गई। जरवल रोड के थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि इस सम्बंध में उन्हें अभी जानकारी नहीं है।

लोगों का मानना है कि यदि अस्पताल नजदीक नहीं होता, तो जिस भीषण तरीके से दोनों बसों के परखच्चे उड़ गए थे। वह गति व दुर्घटना की नियत दोनों ओर इशारा कर रहा था। एक ओर सड़क हादसे रोकने को आए दिन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। वहीं लापरवाही से हो रही दुर्घटनाओं के चलते लोग सफर पर निकलने से पहले सौ बार सोचते हैं।

# वारंट और सम्मन तामीला पर सीजेएम सख्त, एसआइ को लगाई फटकार

**अदालत से**

जासं, बहराइच : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्र ने जिले के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि गैर जमानतीय व जमानतीय वारंट के तामीला के दौरान संबंधित एसआइ अपनी रिपोर्ट के साथ-साथ रवानगी की जीडी व मौके पर मौजूद गवाहों के हस्ताक्षर कराएं।

फखरपुर के एक मामले में सरसरी रिपोर्ट भेजने पर थाना फखरपुर में तैनात उपनिरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह को कड़ी फटकार लगाई। सीजेएम ने संबंधित एसआइ को न्यायालय उठने तक न्यायालय में खड़ा रखा। इस निर्देश के साथ जाने दिया कि भविष्य में प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही रिपोर्ट देंगे। फखरपुर में तैनात दारोगा मनोज कुमार सिंह व नरसिंह को भी व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में तलब किया है। सीजेएम ने जिले के सभी थानेदारों को इस संबंध में निर्देश दिया है कि वारंट के तामीला में सजगता बरतते हुए रवानगी जीडी की कापी सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# मावा के तीन संदिग्ध नमूने जांच के लिए भेजे



**बहराइच।** होली के पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को ग्रामीण क्षेत्र निर्मित हो रहे मावा के कारखानों व मिष्ठान की दुकानों पर छापामारा। इस दौरान टीम ने तीन संदिग्ध मावा के नमूनों को भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

एफएसडीए विभाग सहायक आयुक्त द्वितीय विनोद कुमार शर्मा की अगुवाई में टीम नत्थूपुरवा गांव स्थित अवधेश के मावा के कारखाने पर छापा मारा। इस दौरान कारखाने में गंदगी मिलने पर टीम ने कारखाना संचालक को कड़ी फटकार लगाई। टीम को कारखाने पर निर्मित हो रहा मावा प्रथम दृष्टया संदिग्ध मिलने पर नमूना को एकत्रित किया।

इसके बाद टीम राजापुर गांव स्थित मिठाई विक्रेता अनवर व रायपुर गांव स्थित इलियास मिष्ठान की दुकान से एक-एक संदिग्ध मावा का नमूना एकत्रित किया। सहायक आयुक्त ने बताया कि तीन मावा के नमूनों को एकत्रित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बादर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एफएसओ राघवेंद्र प्रताप वर्मा, विवेक वर्मा, डॉ.रामतेज के साथ पुलिस की टीम मौजूद रही। संवाद

हिन्दुस्तान

चांदी की जगह एल्युमीनियम वर्क, तो रंगी मूंगफली से सजाई जा रहीं मिठाइयां, पॉम ऑयल में केमिकल मिलाकर दे रहे सरसों जैसा रंग

# सावाधान ! होली में खपाने को तैयार हो रहा मावा

मिलावट से जंग 2

बहराइच, संवाददाता। होली पर्व की सबसे प्राचीन मिठाई गुझिया है। पुरातन से चली आ रही गुझिया व पकवानों से मेहमाननवाजी की परंपरा आज भी कायम है। होली के दो दिन पहले से ही गुझिया बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। खोया के नाम पर मावा बिक्री के लिए भट्ठियां धधक रही हैं, तो मिठाइयों हरे रंग में रंगी मूंगफली को पिस्ता व चांदी की जगह एल्युमीनियम वर्क की खेप भी दुकानों पर जमा हो चुकी है। जैसे-जैसे ग्राहकों की बाजार में भीड़ बढ़ रही हैं, मिलावटखोर उन्हें मिलावटी खाद्य सामग्री बिक्री कर मोटा मुनाफा कमाने में लग गए हैं। जिम्मेदार विभाग भी सैंपल भरने तक ही सीमित हैं।

भारत-नेपाल सीमा से लगा बहराइच जिले में बड़े पैमाने पर खोया का कारोबार हो रहा है। जरवल, फखरपुर व महसी ब्लॉक क्षेत्र में कई भट्ठियां संचालित हो रही हैं। होली को लेकर खोया की मांग बढ़ गई है। दुकानदार से लेकर हर घर में गुझिया व अन्य पकवानों में इसका बखूबी इस्तेमाल हो रहा है। मांग को देखते हुए भट्ठियों पर आलू, शकरकंद, रिफाइंड व सिंथेटिक दूध से मावा तैयार किया जा रहा है। इसको खोया का स्वाद व सुगंध देने के लिए केमिकल का प्रयोग होता है। खाद्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इन भट्ठियों से हर रोज शहर ही नहीं कई अन्य जिलों व नेपाल तक मावा भेजा जाता है।



सैंपल संग्रहीत करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

दुकानदार भी खोया की कमी होने पर मिलावट कर मिठाइयों में प्रयोग करते हैं। पिछले दिनों संदिग्ध मिठाइयों के सैंपल भी खाद्य विभाग ने भरे थे। यही नहीं निकली रिफाइंड व सरसों तेल के लिए यह जिला पहले ही सुर्खियों में रहा है। शहर के दोनक्का के पास छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में पॉमआयल से रिफाइंड व सरसों तेल बनाने के लिए प्रयोग होने वाला केमिकल भी बरामद किया गया था। मिठाई विक्रेता राधेश्याम बताते हैं कि बड़ी दुकानों पर मिठाइयों को सजाने के लिए पिस्ता व चांदी का वर्क इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन वह पिस्ता असली नहीं होता है, बल्कि हरे रंग में रंगी मूंगफली होती है,जो बड़े सफाई से काटकर मिठाइयों पर लगाई जाती है। मूंगफली 120 से 140 रुपये मिल रही है, जबकि पिस्ता 1200 से 1400 रुपये प्रति किलो है। इसके अलावा बर्फी व छेने पर एल्युमीनियम का वर्क प्रयोग होता है।

**सूजी, सिंथेटिक दूध से बनाते मिल्ककेक: बहराइच।** सिंथेटिक दूध, सूजी, ग्लूकोज से नकली मिल्क केक तैयार किया जाता है। थोक में यह 150 से 175 रुपये में बेचा जाता है।

**रिसिया में 120 किलो में बेच रहे छेना: बहराइच।** एक किलो छेने की लागत लगभग 300 रुपये आती है, लेकिन रिसिया, मटेरा में 120 रुपये की दर से छेना बेचा जा रहा है। यहां से छेना कई जिलों में बिक्री के लिए जाता है। बल्कि चौपहिया वाहनों पर हर रोज कई कुंतल छेना ग्रामीण बाजारों में संचालित दुकानों को सप्लाई की जाती है। ऐसे में सहज अंदाजा लगा सकते हैं, कि 300 रुपये लागत वाला छेना 120 रुपये में कैसे तैयार हो रहा है।

## चमक देने को मेटानील यलो का कर रहे प्रयोग

बहराइच। मिठाई की चमक ही मुंह में पानी ला देती है। खासकर बूंदी के लड्डू को चमकाने के लिए दुकानदार मेटानील येलो का प्रयोग करते हैं। यह एक प्रकार का केमिकल होता है, जिसके नियमित प्रयोग से लीवर व किडनी को नुकसान हो सकता है।

## बेसन में मिला रहे चावल की किनकी

बहराइच। चने के शुद्ध बेसन की कीमत 80 से 100 रुपये है। लागत घटाने के लिए इसमें चावल की कन्की व मक्का का आटा भी मिलाया जाता है। एक किलो में 10 से 15 फीसद मिलावट होने पर लोगों को जानकारी नहीं हो पाती है।

## काली मिर्च में पपीते तो छोटी में बड़ी इलाइची के दाने

बहराइच। मिलावटखोरों के पास हर वस्तुओं में मिलावट के सामान उपलब्ध हैं। शिक्षिका सावित्री सिंह बताती है कि महंगाई में हर चीजों पर दिख रहा है। पपीते का बीज काली मिर्च के सामान होता है। काली मिर्च में इसको मिला दिया जाता है। इसी तरह छोटी इलाइची 2000 से 2400 रुपये प्रति किलो है, जबकि बड़ी इलाइची 1000 से 1200 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। बड़ी इलाइची का दाना छोटी इलाइची में भी मिलाकर बेचा जा रहा है।

## ढाई कुंतल मावा, 28 किलो नकली छेना नष्ट कराया

बहराइच। होली में मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए खाद्य विभाग की टीम भी सक्रिय है। गुरुवार को महसी क्षेत्र के नत्थापुरवा में धधक रही भट्ठी पर तैयार रहे संदिग्ध खोया पकड़ा। ढाई कुंतल खाया नष्ट कराया। सैंपल भी भरे गए हैं। टीम ने राजापुर में नकली छेना पकड़ा। सैंपल लेकर 28 किलो छेना भी नष्ट कराया है। रायपुर में भी मिठाई व खोया का सैंपल लिया है। जिला अभिहीत अधिकारी विनोद शर्मा ने बताया कि मिलावटखोरी रोकने लिए भरसक प्रयास हो रहा है।

## फूड प्वाइजनिंग का खतरा

बहराइच। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. पारितोष तिवारी ने बताया कि मिलावटी खोया से बनी गुझिया व एल्युमीनियम वर्क लगी मिठाई खाने से फूड प्वाइजनिंग का खतरा रहता है। मिलावटी चीजों का लंबे समय तक सेवन से किडनी फेल्योर, ब्रेन स्ट्रोक व आंतों में संक्रमण का खतरा रहता है।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 03-03-2023

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। अवैध कच्ची शराब के निर्माण व बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। एसपी के निर्देशानुसार गुरुवार को कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार सिंह टीम के साथ क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों की तलाश में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कयापुरवा स्थित पुलिया के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया।

# छेड़छाड़ के दोषी को चार वर्ष का सश्रम कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी से पांच वर्ष पूर्व हुए छेड़छाड़ के मामले में दोषी को चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। नौ हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

**अदालत से**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि किशोरी अपने घर के सामने लगे इंडिया मार्का हैंडपंप पर तीन दिसंबर 2017 को रात में आठ बजे पानी भरने गई थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे गांव का जगजीवन उर्फ पताखी लाल किशोरी को पकड़ कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर मां-पिता व गांव के लोग आ गए। इसी बीच आरोपित मौके से भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। विचारण के बाद अपर सत्र न्यायाधीश (अनन्य रूप से पाक्सो एक्ट) सुदामा प्रसाद ने आरोपित को दोषसिद्ध ठहराते हुए चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

# पर्व पर कायम रखें भाईचारे की मिसाल : डीएम

**जासं, श्रावस्ती :** कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता डीएम नेहा प्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि होली व शब-ए-बरात त्योहार एक साथ पड़ रहे हैं। सभी लोग त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मिलजुल कर मनाएं। आपसी भाईचारे की मिसाल कायम रखें। अमन-चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक में मौजूद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी ● जागरण

डीएम ने कहा कि होलिका दहन स्थलों की जांच त्योहार के पूर्व कर ली जाए, जिससे किसी विवादित स्थल पर होलिका दहन के समय अनावश्यक विवाद न हो तथा होलिका में जबरदस्ती अवांछित वस्तुओं को न डाला जाए। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि सभी लोग पर्व को एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए मनाएं। उन्होंने संभ्रांतजन व बुजुर्गों से अपील किया है कि त्योहार के दौरान कोई भी ऐसी नई परंपरा न कायम की जाए, जिससे अमन-चैन का खतरा उत्पन्न होने की संभावना हो। त्योहार के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। त्योहार पर अग्नि सुरक्षा के लिए फायर ब्रिगेड को समुचित स्थानों पर सक्रिय रखा जाएगा और इंटरनेट मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। अगर किसी भी व्यक्ति की ओर से कोई ऐसी पोस्ट की गई, जिससे अमन-चैन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो, तो संबंधित पोस्ट करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई होगी। त्योहार के दौरान डीजे पर अश्लील गीत पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। एडीएम डीपी सिंह व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

****

# नियम उल्लंघन पर 38 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया।

इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान 38 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया। साथ ही वाहन स्वामियों पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## जनता दर्शन में आईं 25 शिकायतें

**श्रावस्ती :** एसपी प्राची सिंह ने गुरुवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से 13 भूमि विवाद, दो पारिवारिक विवाद व 10 शिकायतें अन्य विवाद से संबंधित थीं। प्राप्त शिकायतों को संबंधित को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)

## किशोरी को डूबने से बचाया

**गिलौला :** क्षेत्र के विशुनापुर के रामप्रतापुरवा निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने राप्ती नदी के सिसवारा घाट पर पानी में कूदने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कूदने से उसे रोक कर पुलिस को सूचना दी। गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय किशोरी को थाने पर ले गए। इसके बाद उसे चाइल्ड लाइन के सिपुर्द कर दिया। (संसू)

# कच्ची शराब बरामद

श्रावस्ती : सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जुडपनिया मोड़ के पास से गुलरा फटवा निवासी राजकुमार वर्मा को गिरफ्तार किया। उसके पास प्लास्टिक की पिपिया में 20 लीटर कच्ची शराब बराम्द हुई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

# चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को पढ़ाया आत्मनिर्भरता का पाठ

**जासं, श्रावस्ती :** महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल ने विभिन्न गांव, कस्बों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाई। टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा का एहसास कराते हुए विभिन्न कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया। शक्ति मोबाइल टीम की महिला आरक्षी संज्ञा भारती, विनीता देवी, सोनी व अर्चिता यादव ने भट्टपुरवा, शाहपुर व खलीफतपुर गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न कानूनों व नियमों के बारे में बताया। इसी प्रकार नारी सुरक्षा दल ने बेलवा राघव, रामपुर बंधा व इकौना कस्बे में चौपाल लगाकर जागरूकता के पंफ्लेट व पोस्टर वितरित कर महिलाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया।



खलीफतपुर में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक करती शक्ति मोबाइल टीम ● जागरण

# रामपुर देवमन और खैरी तराई को फिर नहीं मिलेगा प्रधान

## 65.38 फीसद मतदान, सिरसिया के तीन गांवों में रिक्त था प्रधान का पद

**पंचायत उपचुनाव**

**संसू, सिरसिया (श्रावस्ती) :** पंचायत उपचुनाव के तहत सिरसिया क्षेत्र के तीन गांवों में प्रधान के रिक्त पदों पर चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी हुई थी। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रामपुर देवमन व खैरी तराई में एक भी नामांकन न होने से यहां के लोगों को एक बार फिर प्रधान नहीं मिल पाएगा। पूरे प्रसाद गांव में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 65.38 प्रतिशत मतदान हुआ।

सिरसिया क्षेत्र के रामपुर देवमन गांव में प्रधान पद पर चुनाव कराने के लिए शाम को ही पोलिंग पार्टियां पहुंच गई थीं। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए पुलिस का कड़ा पहरा था। सुबह सात बजे से यहां मतदान शुरू हुआ। पांच उम्मीदवार आमने-सामने थे। कुल 1,690 मतदाताओं को वोट डालना था। पूरे दिन मतदान केंद्र पर लंबी कतार लगी रही। शाम पांच बजे तक 1,105 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने मतदान केंद्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारी भी मतदान केंद्र का भ्रमण करते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि मतदान संपन्न होने के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षित रखवा दिया गया है। चार मार्च को सुबह आठ बजे से सिरसिया ब्लाक सभागार में मतगणना होगी।



सिरसिया के पूरेप्रसाद बूथ पर पंचायत उपचुनाव में वोट डालने को कतारबद्ध मतदाता ● जागरण




सिरसिया के पूरेप्रसाद बूथ का निरीक्षण करतीं एसपी प्राची सिंह (आगे) ● जागरण

# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात कयापुरवा पुलिस के पास एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर बीस लीटर कच्ची शराब बरामद किया। अभियुक्त की पहचान कयापुरवा निवासी कमलेश के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई किया है। (संवाद)

# छेड़छाड़ के आरोपी को चार वर्ष का कारावास

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी किशोरी के साथ पांच वर्ष पूर्व घर में घुसकर छेड़छाड़ की गई थी। मामले में गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को चार वर्ष का सश्रम कारावास व नौ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

मामले में अभियोजन की पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी तीन दिसंबर 2017 रात करीब आठ बजे अपने घर के सामने लगे हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। जहां पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के ही जगजीवन ने किशोरी को दबोच लिया। जिसके साथ वह अश्लील हरकत करने लगा।

किशोरी के शोर मचाने पर किशोरी के माता पिता सहित ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया था। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले में गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश (अनन्य रूप से पॉक्सो एक्ट) सुदामा प्रसाद ने आरोपी जगजीवन पर दोष सिद्ध करते हुए उसे चार वर्ष का सश्रम कारावास व नौ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर आरोपी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# महिलाओं को दी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी



**श्रावस्ती।** थानों में गठित टीम व शक्ति मोबाइल की ओर से भट्टपुरवा, शाहपुर, खालीफतपुर, बेलवा राघव,रामपुर बंधा में चौपाल का आयोजन किया। इन चौपालों में महिलाओं को उनके अधिकारों, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। (संवाद)

# नदी में कूदने जा रही किशोरी को बचाया

**गिलौला( श्रावस्ती)।** गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनापुर के मजरा रामप्रताप पुरवा निवासिनी गुलबसा (17) पुत्री मुस्तफा गुरुवार को राप्ती नदी के सिसवारा घाट आई थी। जहां उसने अज्ञात कारणों से नदी में छलांग लगाने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे रोक लिया। साथ ही इसकी सूचना गिलौला पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष गिलौला अखिलेश कुमार पांडे किशोरी को अपने साथ गिलौला थाने लाए। जहां से बाद में उसे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया है। (संवाद)